फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 113 प्रभात जयपुर, रविवार 24 नवम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**The Arrogance of Lahore** "This is Miss Wali." The Prince looked at my cousin intently and said, "Such a beautiful girl and still a Miss?" Quick on the uptake, the *Kashmiri beauty* responded, "Yes, I was waiting for a Prince."

**How to balance health and taste**



*राजस्थान के उपचुनावों में भाजपा की भारी जीत के बाद पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उत्सव का माहौल रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पार्टी कार्यालय पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ।*

# भाजपा ने 7 में से 5 सीटें जीतीं, मुख्यमंत्री का कद बढ़ा

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने 4 बागियों को मनाया, 14 चुनावी सभायें, 44 सामाजिक बैठकें कीं

जयपुर, 23 नवम्बर। राजस्थान में 7 सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की। दौसा में कांग्रेस और चौरासी में बाप को सफलता मिली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधानसभा वार सीटों के समीकरणों पर ध्यान देते हुए टिकट वितरण से लेकर चुनावी मैनेजमेंट पर पूरा फोकस रखा। विधानसभा उपचुनाव के दौरान ,ज़मीनी, जिताऊ एवं सर्वप्रिय चेहरे को ढूँढना एक चुनौती थी, जिसे मुख्यमंत्री ने पहले ही भाँप

- **भाजपा के पास पूर्व में सात में से केवल एक, सलूम्बर सीट थी। सफल चुनावी मैनेजमेंट से पार्टी ने सलूम्बर के अलावा देवली-उनियारा, रामगढ़, झुंझुनू तथा खींवसर सीटों पर भी जीत हासिल की।**

लिया था। मुख्यमंत्री द्वारा माइक्रो मैनेजमेंट एवं संगठन समन्वय के साथ-साथ सर्वप्रिय चेहरों का चयन भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं जीत का संचार कर गया।

टिकट की घोषणा के पश्चात मुख्यमंत्री के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी, खींवसर, सलूम्बर,रामगढ़ और झुंझुनु सीटों पर बागियों को मनाना। उन्होंने समय रहते बाग़ी कार्यकर्ताओं को बिना शर्त मना लिया, जिससे भाजपा जीत की ओर आगे बढ़ चली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने आवास एंव क्षेत्रों में विभिन्न स्तर की बैठकें आयोजित कीं और बूथ स्तर पर अच्छा माइक्रो मैनेजमेंट किया। विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों, विधायकों, पूर्व नेताओं, सामाजिक नेताओं एवं मंत्रियों को नियुक्त किया। सामाजिक आधार पर पहचानकर महत्वपूर्ण नेताओं को काम का जिम्मा सौंपा। वे प्रदेश के ऐसे एकमात्र नेता रहे, जिन्होंने सातों विधानसभा क्षेत्र में नामांकन के समय विधानसभाओं में जाकर प्रत्याशी, कार्यकर्ता एवं चुनावी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## "समाजवाद" और "धर्म निरपेक्षता" पर सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द जुड़वाए थे, उस पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को निर्णय करेगा।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बैंच ने शुक्रवार को फैसला रिज़र्व कर लिया। जब

- **ये शब्द आपातकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में जुड़वाए थे। डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी व कुछ अन्य ने इस कार्यवाही की वैधता पर सवाल उठाए था।**

सी.जे.आई. ने कहा कि "हम यह नहीं कह सकते कि आपातकाल के समय संसद ने जो कुछ किया व शून्य था।" उन्होंने कहा कि संविधान के 42वें संशोधन की इस अदालत ने कई बार समीक्षा की है और संसद ने भी इसमें हस्तक्षेप किया है।

बैंच के समक्ष कई सारी याचिकाएं हैं जिन्हें सुब्रमण्यम स्वामी व कई अन्य लोगों ने दायर किया है, इनमें दिल्ली के वकील और भाजपा नेता अश्विनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान में कांग्रेस की वही पुरानी कहानी

## एक तरफ "निर्लज्ज" महत्वाकांक्षा, दूसरे का कोई नहीं सानी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। राजस्थान में, सात उपचुनावों में कांग्रेस केवल एक सीट पर जीत पाई, और बाकी छः सीटों पर उसे हार का मुँह देखना पड़ा। दौसा में पार्टी को विजय मिली, जो वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सचिन पायलट का गढ़ है तथा जहाँ उन्होंने प्रचार किया और एक मुश्किल जीत हासिल की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि एक साधारण कांग्रेस कार्यकर्ता की जीत हो और वो चुनकर विधानसभा में जाए।

रोचक है कि इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ वोट पड़े और महारथी नेता अपने बच्चों के प्यार के कारण सफल नहीं हो पाए तथा अपने बच्चों की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए। किरोड़ी लाल मीणा के भाई, हनुमान बेनीवाल की पत्नी, बृजेन्द्र ओला तथा ज़ुबेर खान के बेटे, सब हार गए।

लेकिन, पार्टी के बाकी वरिष्ठ नेताओं का क्या? अशोक गहलोत चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह गायब थे, लेकिन, चुनाव खत्म होते ही बाहर निकले और अपने राजनीतिक खेल शुरु कर दिए।

ए.आई.सी.सी. महासचिव रंधावा एक बार भी चुनाव प्रचार के दौरान

- **सभी बड़े नेता गहलोत, रंधावा आदि नदारद रहे उपचुनाव में, पर चुनाव खत्म होते ही "राजनीति" करने के लिए तैयार होकर प्रस्तुत हो गये।**
- **दूसरी ओर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, भाजपा की, लहर में, अपनी सीट फिर जिता लाये, पर उनको श्रेय देने को एक बार फिर, पुरानी लीडरशिप तैयार नहीं।**
- **डोटासरा ने पुराने "स्थापित" नेताओं की अनुपस्थिति का लाभ लेकर, अपना नेतृत्व जमाने के लिए पूरी मशक्कत की, पर अन्त में "फुँके" कारतूस ही साबित हुए, और अपने क्षेत्र में भी पार्टी को जिता नहीं सके।**

राजस्थान नहीं आए। उनकी पत्नी पंजाब से उप चुनाव लड़ रही थीं, वो हार गईं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, डोटासरा, जिन्होंने प्रचार अभियान की कमान संभाली, यह साबित करने के लिए कि वो पार्टी के असली नेता हैं, बुरी तरह असफल रहे और स्वयं अपने क्षेत्र को भी हार से नहीं बचा सके।

क्या अब डोटासरा हार की जिम्मेवारी लेंगे और इस्तीफा देंगे? पार्टी में किसी तरह के ठोस और सुसंगत नेतृत्व के अभाव में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी, सभी यह प्रश्न पूछ रहे हैं।

अंतर्कलह, योग्यता के बिना अतिमहत्वाकांक्षा, खड़ा विभाजन आदि की समस्याओं से जूझ रही पार्टी, जिसके साख खो चुके वरिष्ठ नेता वापसी की कोशिश कर रहे हैं, में सचिन पायलट ही एक ऐसे नेता नज़र आते हैं जिनमें वोट खींच लेने की क्षमता है, जबकि, पार्टी ने उनकी संपूर्ण क्षमताओं का उपयोग नहीं किया है।

छत्तीसगढ़ के प्रभारी, ए.आई.सी.सी. महासचिव के रुप में सचिन पायलट जो कर रहे हैं वो कोई भी देख समझ सकता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस कर्नाटक में तीनों उपचुनावों में जीती

## प्रदेशाध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के लिए जीत व्यक्तिगत उपलब्धि है, क्योंकि इस जीत से डी.के. शिवकुमार की वोकालिग्गा पर पकड़ और मजबूत होने का संकेत है

**- लक्ष्मण वैंकट कुची -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। आज महाराष्ट्र की हार से जहाँ कांग्रेस बहुत दुःखी है, वहीं कर्नाटक में उसने तीनों विधानसभा उपचुनाव बड़े आराम से जीत लिये हैं। बहुत ही प्रभावी जीत के अन्तर्गत, कांग्रेस ने भाजपा और जनता दल (सेकुलर) से एक-एक सीट छीन ली है।

कर्नाटक ने सत्ता-विरोध को नकार दिया, जो लोकसभा चुनावों में भारी पड़ा था। कांग्रेस ने अपने दोनों विपक्षी दलों को मात देते हुये, विधानसभा में अपनी संख्या 137 तक पहुँचा दी।

ओल्ड मैसूर क्षेत्र की चन्नापटना सीट के अलावा, शिग्गाँव सीट दोनों सीटों को छीनना कांग्रेस के लिये बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि उसने इस चुनाव दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों को हराया है।

इसके अलावा, कांग्रेस ने कल्या कर्नाटक में अपनी सन्दूर सीट को बड़ी आसानी से अपने पास बरकरार रखा है। इससे एक ऐसी पार्टी के रूप में कांग्रेस का मनोबल काफी बढ़ा है, जिस पर

- **यह जीत कांग्रेस के लिए ज्यादा मीठी इसलिए भी है, क्योंकि कांग्रेस सरकार भाजपा के भारी दवाब में थी, भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण, पर, शायद ये आरोप जनता के गले नहीं उतरे।**
- **प्र.मंत्री देवेगौड़ा ने अपने पौत्र व पूर्व मुख्यमंत्री कुमार स्वामी ने अपने पुत्र नीखिल के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी। पूर्व मुख्यमंत्री येदुरप्पा भी निखिल कुमार स्वामी के पक्ष में प्रचार में जुटे थे। ऐसी परिस्थितियों में कांग्रेस के उम्मीदवार योगेश्वर की जीत वाकई में उल्लेखनीय थी।**
- **इसी प्रकार पूर्व मु.मंत्री बोम्मई के पुत्र व भाजपा उम्मीदवार भारत बोम्मई की हार भी भाजपा के लिए काफी पीड़ा पहुंचाने वाली थी।**
- **तीसरी सीट सदूर में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत का महत्व है, कि माइनिंग माफिया प्रमुख गलि जनार्दन रेड्डी के खुले समर्थन के बावजूद भाजपा उम्मीदवार हारा।**

भाजपा लगातार हमले करती आ रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौडा की प्रतिष्ठा को इससे बड़ा नुकसान हुआ है, क्योंकि उन्होंने अपने पौत्र निखिल कुमारास्वामी के लिये स्वयं भी जबरदस्त प्रचार किया था। जे.डी. (एस.) के उम्मीदवार निखिल पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारास्वामी के पुत्र है तथा देवेगौडा भी इस सीट के लिये अपनी प्रतिष्ठा दाँव पर लगा दी थी। यही नहीं, एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदिउरप्पा ने भी निखिल के पक्ष में प्रचार किया था। इस सबके बावजूद, चन्नापटना सीट से निखिल कुमारा स्वामी कांग्रेस के सी.पी. योगेश्वर से 25000 से अधिक वोटों से हार गये।

भाजपा जे.डी. (एस.) गठबंधन के लिये एक अन्य लज्जाजनक पराजय के अन्तर्गत एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के पुत्र भरत बोम्मई चुनाव हार गये हैं। भाजपा उम्मीदवार भरत बोम्मई कांग्रेस के पठान यासिर से 13000 से अधिक वोटों से हारे हैं।

कांग्रेस के इस प्रदर्शन से यह सिद्ध होता है कि उसके द्वारा दी गई गारन्टियाँ काम कर रहीं हैं, भले ही उसके खिलाफ ऐसा माहौल बनाया जा रहा था कि सरकार मुफ्त की रेवड़ी बाँटकर, राज्य को दिवालिया बनाती जा रही है। लेकिन यह जीत कांग्रेस की गारन्टी स्कीमों का स्पष्ट समर्थन है। इन गारन्टियों में, कांग्रेस की महिला केन्द्रित योजनाएँ भी शामिल थीं, जैसे मुफ्त बस यात्रा तथा "शक्ति" एवं "गृहलक्ष्मी" योजनाओं के अन्तर्गत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र की करारी हार : प्रश्न चिन्ह लगा कांग्रेस का भाजपा का विकल्प बनने पर?

## ममता बनर्जी, जिन्होंने एक बार फिर बंगाल में छः के छः उपचुनाव जीत कर, दावा पेश किया, समय आ गया है, विपक्ष का नेतृत्व उन्हें सौंपने का

**- रेणु मित्तल -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के हाथों कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी गठबंधन की जबरदस्त हार हुई है।

इससे माह 5 महीने पहले, कांग्रेस, शिवसेना (यू.बी.टी.) तथा एन.सी.पी. (एस.पी.) गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में 48 में से 30 सीटें जीती थीं, जनता ने नरेन्द्र मोदी की राजनीति को नकार दिया था तथा विपक्षी दलों को वोट दिये थे।

राज्य विधानसभा की 288 सीटों में से भाजपा तथा इसके गठबंधन

- **उनका कहना है, केवल वो ही भाजपा का प्रसार रोकने की क्षमता रखती हैं, कांग्रेस नहीं।**
- **थक हार कर जयराम रमेश ने एक बार फिर, ई.वी.एम. मशीन का सहारा लिया, भाजपा की जीत व कांग्रेस की "अप्रत्याशित" हार के लिए।**
- **पर, इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस के साथी भी इस बार ई.वी.एम. के नारे के पक्ष में बोलने को तैयार नहीं। आर.जे.डी. के नेता मनोज झा ने साफ कहा कि, वे ई.वी.एम. को इस हार का कारण नहीं मानते।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 23 नवम्बर (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा में एक और कोचिंग छात्र द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। यह छात्र इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। मूल रूप से मध्यप्रदेश का निवासी यह छात्र कोटा में राजीव गांधी नगर हॉस्टल

- **इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा छात्र हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदा।**

की छठी मंजिल पर रूम लेकर अकेला ही रहता था। उसने रूम की बालकनी की जाली काटी और बालकनी से कूद कर आत्महत्या कर ली।

हॉस्टल बिल्डिंग के बाहर लहूलुहान हालत में मिले छात्र को हॉस्टल संचालक घायल अवस्था में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हाईकोर्ट ने कालवाड़ रोड से अतिक्रमण हटाने का एक्शन प्लान मांगा

जयपुर, 23 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जे.डी.ए. कमिश्नर को निर्देश दिए हैं कि वह अपने रिकॉर्ड के आधार पर कालवाड रोड और इस पर

- **एक याचिका में कालवाड़ रोड पर गोल्डन बेकरी से एक्सप्रैस-वे तक 200 फिट की रोड पर कई जगह प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।**

किए गए अतिक्रमणों के संबंध में रिपोर्ट पेश करे। इसके साथ ही अदालत ने जे.डी.सी. को दो सौ फीट चौडी इस रोड से अतिक्रमण हटाने का एक्शन प्लान भी पेश करने को कहा है। अदालत ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'महाराष्ट्र में भाजपा को निर्णायक बढ़त, मुख्यमंत्री के चेहरे पर अब कोई विवाद नहीं'

## देवेन्द्र फड़नवीस के इस बयान ने शिंदे के मुख्यमंत्री बनने पर "सस्पैंस" बनाया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। भाजपा नेता तथा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने शनिवार को शिवसेना नेता एकनाथ शिन्दे के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने पर अनिश्चय एवं असमंजस की स्थिति पैदा कर दी क्योंकि उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा के बहुत अच्छे प्रदर्शन के बाद, "मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं हैं"।

अकेली भाजपा 288 में से करीब 129 में से करीब 129 सीटों पर आगे चल रही है तथा उसने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधान सभा में 221 सीटों के साथ सत्तारूढ़ महायुति को स्पष्ट बहुमत की स्थिति में ला दिया है, जबकि महा विकास अघाड़ी 55 सीटों तक सीमित रह गया है।

सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक झारखंड में भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. से आगे है। इंडिया ब्लॉक 55 सीटों पर, जबकि एन.डी.ए. 30 सीटों पर आगे है। झारखंड में बहुमत के लिये 41 सीटें चाहिये। इस प्रकार महाराष्ट्र तथा झारखंड दोनों ही राज्यों में सत्तारूढ़ गठबंधन सत्ता में बने रहने की सुस्पष्ट स्थिति में हैं।

महायुति गठबंधन भाजपा, एकनाथ शिन्दे की शिव सेना, अजित पवार की एन.सी.पी., जे.एस.एस., आर.एस.वी.ए. तथा आर.वाई.एस.पी.

- **महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की 288 में से 189 सीटों पर विजयी रहा है, इनमें से अकेले भाजपा ने 130 सीटें हासिल की हैं। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इतनी सीटें जीतने के बाद भाजपा अवश्य ही मुख्यमंत्री के पद पर दावा करेगी।**
- **महाराष्ट्र में कांग्रेस का गठबंधन, महाविकास अघाड़ी बुरी तरह हार गया और मात्र 55 सीटों पर सिमट कर रह गया।**
- **झारखंड ने अवश्य कांग्रेस के इंडिया ब्लॉक को राहत दी है यहां हेमंत सोरेन की पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस का गठबंधन निर्णायक जीत के करीब है।**
- **वायनाड से भी कांग्रेस के लिए अच्छी खबर है, यहां प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी से भी बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6.1 लाख वोट मिले और वे 4.1 लाख वोटों से जीती हैं। अब संसद में भाई-बहिन एक साथ दिखेंगे।**

से मिलकर बना है। एम.वी.ए. में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिव सेना (यू.बी.टी.), शरद पवार की एन.सी. पी.-एस.पी. तथा पी.डब्ल्यू. पी. आई. शामिल हैं। राज्य ने पिछले पाँच वर्षों में तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री देखे-भाजपा के देवेन्द्र फड़नवीस, शिव सेना (यू.बी.टी.) के उद्धव ठाकरे तथा शिव सेना (एस.एच.एस.) के एकनाथ शिन्दे।

कांग्रेस की साख सिर्फ वायनाड में बच सकी यहां जीत तय थी। यहां से कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने जीत हासिल की है। यह सीट उनके भाई राहुल गांधी ने खाली की थी। प्रियंका ने यह सीट राहुल से भी ज्यादा 4.1 लाख वोटों के अंतर से जीती है। यहां उन्हें 6.1 लाख वोट मिले जो कि 2024 में राहुल गांधी को मिले वोट से अधिक है। राहुल ने यह सीट 3.65 लाख के अंतर से जीती थी। भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को महाराष्ट्र में निणयिक जीत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## यूडी टैक्स : रिश्तेदार को नोटिस देकर सम्पत्ति सील करना अवैध

जयपुर, 23 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने सौ वर्ग गज से कम आकार की संपत्ति के अरबन डवलपमैंट (यू.डी.) टैक्स का नोटिस रिश्तेदार के नाम देकर संपत्ति सील करने की कार्रवाई को अवैध घोषित किया है। इसके साथ ही अदालत ने सील को

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर नगर निगम को तुरन्त सील हटाने के निर्देश दिये।**

तत्काल हटाने के आदेश दिए हैं। चीफ जस्टिस (सी.जे.) एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश सैनी स्टोन बिल्डिंग मटेरियल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**नम्रता और खुदा के खौफ से इज्जत और जिन्दगी मिलती है। –सुलेमान**

# सामाजिक संबंध और प्रसन्नता

सामाजिक संबंध और प्रसन्नता के बीच की कड़ी पर बहुत शोध है: खुश लोग दूसरों के साथ अधिक समय बिताते हैं, साथ ही, लोग सामाजिक रूप से जुड़े व व्यस्त लोग अधिक खुशी का अनुभव करते हैं। लेकिन, लोगों के सामाजिक संपर्क की कुल मात्रा के अलावा किस प्रकार के लोगों के साथ रिश्ते हों (परिवार के सदस्य, करीबी दोस्त, परिचित, अजनबी), और इनमें से प्रत्येक प्रकार के रिश्तों के साथ कितनी बातचीत या समय बिताया जाए? इन सब पर अभी तक कोई स्पष्ट और ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं थी। अब हुई शोध यह सिद्ध करती है कि कल्याण (खुशी, प्रसन्नता, वेल-बीइंग) के लिए गतिविधियों, अनुभवों और भावनाओं में विविधता होना उपयोगी है। लगभग 50,000 से अधिक लोगों के सामाजिक पोर्टफोलियो और कल्याण के मध्य संबंध अर्थात् सामाजिक बातचीत और खुशी का आकलन करने से पता चलता है कि संबंधों की विविधता जितने अधिक प्रकार के लोगों के साथ होगी कल्याण का स्तर उतना ही बेहतर रहता है (देखें एच.के. कॉलिंस इत्यादि प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका, 119 (43) ई 2120668119, 2022)।

दिन में औसतन बातचीत का कौन सा पोर्टफोलियो सबसे अधिक मन प्रसन्न करता है? दो-चार करीबी दोस्तों के साथ बातचीत करना, या एक खास करीबी दोस्त, परिवार के एक सदस्य या सहकर्मी के साथ बातचीत करना? सामाजिक संपर्क की तलाश, संबंध, और मानवीय जुड़ाव, अपनेपन और साझा वास्तविकता की भावना का अनुभव करने की जन्मजात मानवीय आवश्यकता पर बड़ी शोध हो चुकी है। दरअसल, किसी व्यक्ति के दैनिक जीवन में सामाजिक संपर्क की मात्रा मनोवैज्ञानिक कल्याण के सबसे सुसंगत कारणों में से एक है। सामाजिक संबंध और भलाई के बीच की कड़ी अच्छी तरह से ज्ञात है: एक पक्की विशेषता यह देखी गई है कि खुश लोग दूसरों के साथ अधिक समय बिताते पाएगए हैं। सामाजिक रूप से व्यस्त और लोगों के साथ निकटता की गहराई वाले लोग भी प्राय: उच्चस्तर का आनंद और प्रसन्नता प्राप्त करते हैं।

यह समझने के लिए हुई शोध कि विभिन्न प्रकार के साथियों में से किसके साथ सबसे अधिक आनंद और प्रसन्नता मिलती है, से पता चलता है कि सामाजिक तंत्र का दायरा जिसमें विविध प्रकार के साथी होते हैं, सकारात्मक परिणाम से जुड़े होते हैं। अच्छी मित्रता मृत्यु दर के जोखिम में कमी लाती है, व्यक्तिपरक भलाई में बेहतरी होती है और बेहतर सामाजिक सीख मिलती है। लेकिन नेटवर्क का दायरा सिर्फ विभिन्न संबंध प्रकारों के अस्तित्व या अनुपस्थिति को तो समझ पाता है, परन्तु उन संबंध श्रेणियों में इंटरैक्शन की सापेक्ष आवृत्ति को नहीं समझ पाता। उदाहरण के लिए, भाई-बहन का होना एक बात है परन्तु सिर्फ होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि भाई-बहन के साथ बातचीत और मेल-जोल की आवृत्ति भी मायने रखती है।

शोध अब यह बिलकुल स्पष्ट कर चुकी है कि किसी के सामाजिक संबंधों में विविध प्रकार के संबंध होना भलाई, प्रसन्नता और कल्याण के लिए लाभप्रद है। इसमें विभिन्न प्रकार के रिश्ते और उनके बीच परस्पर मेल-जोल क्रियाओं का समान वितरण भी शामिल है। शोध से पता चला है कि गतिविधियों, अनुभवों और भावनाओं की विविधता होने से बेहतर कल्याण, प्रसन्नता और भलाई प्राप्त होती है। और इस विविधता में भी अधिक नियमित और गहरा सामाजिक संपर्क अधिक प्रसन्नता देने वाला व कल्याणकारी होता है (जे. सन इत्यादि, जर्नल ऑफ़ पर्सनालिटी एंड सोशलसाइकोलॉजी, 119(6): 1478-1496, 2020)।

अब मूल प्रश्न यह रहता है कि कैसे लोगों के साथ मित्रता अधिक आनंददायक होती है। इस विषय पर शोध कम है किंतु आयुर्वेद की संहिताओं में बड़ा रोचक सन्देश मिलता है। सामाजिक विविधता बढ़ाने के साथ यह ध्यान रखना चाहिए कि गलत लोगों के साथ मित्रता नहीं की जाए (च.सू.7.56-57): पापवृत्तवच: सत्त्वा: सूचका: कलहप्रिया:। मर्मोपहासिनोलुब्धा: परवृद्धिद्विष: शठा:।। परापवादरतयश्च पलारिपुसेविन:। निर्घृणास्त्यक्तधर्माण: परिवर्ज्यानराधमा:।। मन, बातचीत और अपने कार्यों से गलत रास्ते में धकेलने वाले, चुगलखोर, झगड़ालू, मर्मप्रहारक उपहास करने वाले, लालची, दूसरे की उन्नति से जलने वाले, धूर्त, दूसरे की निंदा में आनंद लेने वाले, चपल, दुश्मनों का साथ देने वाले, निर्दयी, और अपने नियत कार्यों को छोड़ने वाले लोगों के साथ दोस्ती नहीं करना चाहिये। ऐसे लोग आपका जीवन बर्बाद कर सकते हैं। तब कैसे लोगों से मेलजोल बढ़ाएं? मित्रता उन्ही लोगों के साथ करें जो आपकी सामाजिक पूंजी को बढ़ाने में सक्षम हों (च.सू.7.58-59): बुद्धिविद्यावय: शीलधैर्यस्मृतिसमाधिभि:। वृद्धोपसेविनोवृद्धा: स्वभावज्ञागतव्यथा:।। सुमुखा: सर्वभूतानांप्रशान्ता: शंसितव्रता:। सेव्या: सन्मार्गवक्तार: पुण्यश्रवणदर्शना:।। बुद्धि, विद्या, आयु, शील, धैर्य, स्मरणशक्ति और समाधि (असंभव या असाध्य कार्य करने के लिये कठिनाइयों में भी धैर्य के साथ लगे रहना) में कुशल, बड़ों की सेवा करने वाले, लोगों के स्वभाव को समझने की क्षमता रखने वाले, शारीरिक एवं मानसिक व्यथा से मुक्त, प्रसन्न मुख वाले, सबको शांत करने वाले, कहना मानने वाले, सही रास्ते में चलने की सलाह देने वाले, सुनने और देखना में कल्याणकारी लोगों का साथ करना ही उचित है।

यह जान लेने के बाद कि मित्रों के प्रकार में विविधता होनी चाहिए और उस विविधता में कैसे लोग होना चाहिए और कैसे नहीं होना चाहिए, अगला मूल प्रश्न यह उठता है कि इन लोगों के साथ ऐसा क्या किया जाए या कैसा इंटरेक्शन किया जाए कि आनंद और प्रसन्नता में वृद्धि हो? इस प्रश्न का उत्तर भी आयुर्वेद में अधिक सुसंगत और प्रभावी है। मूल रूप से ऐसे लोगों के प्रति हमारे जो भी उचित कर्तव्य हैं, उनका पालन प्रसन्नता देने वाला महत्वपूर्ण कारक है (च.शा.2.41): धर्म्या: क्रिया हर्षनिमित्तमुक्ता: - कत्तर्व्यसंगत, कानूनी रूप से वैध या नियत कर्तव्यों के पालन को हर्ष का निमित्त कहा गया है। व्यक्ति के स्वयं के प्रति, परिवार के प्रति, परिवार में विभिन्न रिश्तों के प्रति और समाज और देश के प्रति कुछ कर्तव्य निर्धारित होते हैं। इन सबका यथार्थ-बोध होना, और तदनुसार आत्म-नियंत्रित रहकर भली-भांति निभाना प्रसन्नता देता है। व्यक्ति का अपने शरीर को स्वस्थ और प्राणवान रखने हेतु निहित कर्तव्यों का निर्वाह प्रसन्नता देता है। परिवार में पत्नी, पति, पिता, माता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री होने और कार्य में कर्मचारी-अधिकारी या स्वयं मालिक होने के कत्तर्व्य का सफल और सम्यक निर्वाह प्रसन्नता देता है। इसी प्रकार समाज के प्रति कत्तर्व्य निर्वाह में सामाजिक सद्वृत्तों का पालन प्रसन्नता देता है। कर्तव्य-विमुख व्यक्ति प्रसन्न नहीं रह सकता। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जर्नल्स में 1998 से 2023 के बीच प्रकाशित 88 शोधपत्र भी यही सिद्ध करते हैं कि प्रसन्नता देने वाले कारकों में दूसरों के प्रति सद्भावनापूर्ण कत्तर्व्य निर्वहन, उन्हें समय देना, उनकी मदद में धन खर्च करना और समाजोपयोगी कार्य करना जिसे शोध में प्रोसोशियालिटी शब्द द्वारा स्पष्ट किया गया है, प्रसन्नता देने वाला महत्वपूर्ण कारक है। दीर्घकालीन खुशी सिर्फ विश्व के साथ सार्थक संबंध में निहित है। यहाँ सार्थक का मतलब स्वार्थ नहीं है (उदाहरण के लिये देखें, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 17: 1-12, 2020; साइंस, 319:1687-1688, 2008; जर्नल ऑफ़ हैप्पीनेस स्टडीज, 13:347-355, 2012; करेंटडायरेक्शन्स इन साइकोलॉजिकल साइंस, 23:41-47, 2014)। इस रणनीति में बढ़िया शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य, लोगों का कल्याण, लचीलापन, जीवन का सार्थक उद्देश्य, जीवन में स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता और सामाजिक भागीदारी जैसे कारक समाहित हो जाते हैं जिन्हें शोध में प्रसन्नता के लिये उपयोगी पाया गया है।

> **जिन लोगों के साथ मेलजोल अधिक प्रसन्नता देता है, यह जान लेने के बाद अब अंत में यह समझना भी आवश्यक है कि आप उन लोगों के जीवन में बेहतरी लाने के लिए क्या कर सकते हैं ताकि प्रसन्नता पारस्परिक हो? स्वयं के लिये सुखकारी और समाज और मित्रों के लिये हितकारी जीवन जीने की साझा युक्ति ही प्रसन्नता देती है**

जिन लोगों के साथ मेलजोल अधिक प्रसन्नता देता है, यह जान लेने के बाद अब अंत में यह समझना भी आवश्यक है कि आप उन लोगों के जीवन में बेहतरी लाने के लिए क्या कर सकते हैं ताकि प्रसन्नता पारस्परिक हो? स्वयं के लिये सुखकारी और समाज और मित्रों के लिये हितकारी जीवन जीने की साझा युक्ति ही प्रसन्नता देती है (च.सू.30.24): तत्रशारीर मानसाभ्यां रोगाभ्याम नभिद्रुतस्य विशेषेण यौवनवत: समर्थानुगत बलवीर्ययश: पौरुषपराक्रम स्यज्ञानविज्ञानेन्द्रियेन्द्रियार्थ बल समुदये वर्तमानस्य परमर्द्धिरुचिर विविधोपभोगस्य समृद्धसर्वारम्भस्य यथेष्टिवचारिण: सुखमायुरुच्यते; असुखमतोविपर्ययेण; हितैषिण: पुनर्भूतानांपर स्वादुपरतस्य सत्यवादिन: शमपरस्य परीक्ष्यकारिणोऽप्रमत्तस्यत्रिवर्गं परस्परेणानुपहतमुपसेवमानस्यपूजार्ह सम्पूजकस्यज्ञानविज्ञानो पशमशीलस्य वृद्धोपसेविन: सुनियत रागरोषेर्ष्या मदमानवेगस्यसततं विविधप्रदान परस्यत पोज्ञानप्रश मनित्यस्याध्यात्मविद स्तत्परस्यलोकमिमंचामुंचावेक्षमाणस्यस्मृतिमतिमतोहितमायुरुच्यते; अहितमतोविपर्ययेण।। शारीरिक और मानसिक रोगों से पूरी तरह मुक्त, विशेष रूप से युवावस्था, हर कार्य करने का सामर्थ्य और उसके अनुरूप बल, वीर्य, यश, पराक्रम, ज्ञान, कौशल, इंद्रियों और इंद्रियों के विषयों के बल के समुदाय से युक्त, उत्तम धन-सम्पदा एवं विविध प्रकार के उपभोग में सक्षम, जो कार्य प्रारम्भ किये वे सभी कार्य पूर्ण हो गये हों और स्वयं की इच्छा अनुसार चलने-फिरने वाले व्यक्ति का जीवन सुखी जीवन होता है। इसके उलट दु:खी जीवन होता है। समकालीन शोध के अनुसार भी बढ़िया स्वास्थ्य, उत्तम शारीरिक-मानसिक सामर्थ्य, नियमित व्यायाम, प्राकृतिक स्थलों और बाग़-बगीचों में घूमना-फिरना, उत्तम मित्रों और परिवार के साथ समय बिताना, शिक्षा, कौशल, धन-संपत्ति अर्जित करना, कार्यों में सफलता तथा इच्छा अनुसार आने-जाने के लिये समय, सामर्थ्य और स्वतंत्रता बड़ी प्रसन्नता देते हैं। (देखें, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज ऑफ़ यूएसए, 100:11176-11183, 2003; 107:22463-22468, 2010; 114:8523-8527, 2017; 116:1207-1212, 2019; 117:6463-6468, 2020)।

अपना कल्याण सुनिश्चित करते हुये, सभी प्राणियों के हितचिंतक, दूसरे का धन छीनने से बचने वाले, सत्य बोलने वाले, शांतिप्रिय, कार्यों को सोच विचार कर करने वाले, सावधान, अर्थ, धर्म, काम का सम्यक सेवन करने वाले, श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करने वाले, ज्ञानशील, विज्ञानशील, शांतिशील, बड़े-बूढ़ों की सेवा करने वाले, राग, क्रोध, ईर्ष्या, मद, मान के वेगों पर उच्चकोटि का नियंत्रण रखने वाले, निरंतर दानशील, नित्य आत्म-नियंत्रित, ज्ञान, शांति, विनम्रता, आध्यात्म के जानकार और प्रयोग में लेने वाले, लोक-परलोक का विचार करने वाले, स्मरण-शक्ति और बुद्धि से युक्त व्यक्ति की आयु हितायु कही जाती है। समकालीन शोध में प्रोसोशियालिटी के विविध आयाम यही हैं। सुखायु स्वयं के लिये है और हितायु समाज के लिये है। शोध में भी यही स्थिति स्पष्ट होती है (उदाहरण के लिये देखें, एनुअलरिव्यू ऑफ़ पब्लिक हेल्थ, 40:339-359, 2019)।

उत्तम मित्रों का साथ ठीक है लेकिन आयुर्वेद यह भी चेतावनी देता है कि अकेले खुश मत होइये, हितायु का ध्यान रखते हुये प्रसन्नता साझा कीजिये (च.सू.8.26) नैक: सुखी। अकेले सुखी न हों, सुख को समाज के साथ बांटिये। दीर्घकालिक अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि हमारी खुशी उन सबकी खुशी पर निर्भर करती है जिनके साथ हम जुड़े हुये हैं (देखें, ब्रिटिश मेडिकल जर्नल, 338:23-26, 2009)।

निष्कर्ष रूप में, लोगों का समय कीमती और सीमित है, जिससे उनके जीवन में अधिक सामाजिक संपर्क जोड़ना मुश्किल हो जाता है। शोध के निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि एक विविध सामाजिक पोर्टफोलियो रहने से किसी का बहुत अधिक समय न लेते हुए भी भलाई में सुधार करने का एक प्रभावी तरीका मिलता है। विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ मेल-जोल बनाकर, व्यक्ति अपने समय का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए भी सामाजिक समर्थन का लाभ उठा सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें अपने नियत कर्तव्यों का पालन और अपने जीवन को समर्थ और लोगों के लिए कल्याणकारी बनाना भी आवश्यक है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान बन रहा है देश के नागरिकों का अभिमान



के.के. गुप्ता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के आंदोलन के साथ सामाजिक कुरीतियों एवं रूढ़ियों के अन्मूलन के अलावा सबसे अधिक जोर स्वच्छता पर ही दिया था। आजादी के 75 वर्षों के बाद राष्ट्रिपता के इस सपने को सही अर्थों में साकार करने के लिए सच्चे अर्थों में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने ही पहल की तथा 15 अगस्त 2014 को नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला से देश में स्वच्छ भारत मिशन लागू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि स्वच्छता आजादी से भी बड़ी लड़ाई हैं। विकसित भारत, समृद्ध भारत और सुदृढ़ भारत की संकल्पना स्वच्छता से ही संभव हैं। स्वच्छता एक सेवा है। जब हम सब मिलकर इस दिशा में एकजुट होकर काम करेंगे तो हम एक स्वच्छ और सशक्त भारत का निर्माण कर पायेंगे तथा हमारी जीवन यात्रा सफल होगी। उनकी इस अपील का यह करिश्मा हुआ कि पूरे देश में यह मिशन एक जन आन्दोलन बन गया।

देश के विभिन्न शहरों में स्वच्छता की होड़ सी लग गई। इस प्रतिस्पर्धा में शहरों की तस्वीर बदलने लगी और देखते ही देखते ये नगर न केवल सुन्दरता से निखर गये हैं वरन पूरे देश के लिए आदर्श मॉडल भी बन गये। मध्य प्रदेश का इन्दौर शहर और आदिवासी बहुल दक्षिणी राजस्थान के डूँगरपुर जैसे छोटे से नगर का उदाहरण आज सबके सामने हैं। इन दोनों ऐतिहासिक नगरों ने पूरे देश के सामने ऐसी नजीर पेश की कि इनकी ख्याति देश की सीमाओं के बाहर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बुलन्दियों को छूने में सफल रही।

भारत में स्वच्छ भारत मिशन को आज दस साल हो गये हैं और इस एक दशक में स्वच्छता प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का ताज बन गई है। यह आन्दोलन दुनिया का सबसे बड़ा और क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा हैं जिसमें देश का हर नागरिक जागरूक होकर प्रधानमन्त्री के विजन के प्रति नतमस्तक है। स्वच्छता आंदोलन से जन मानसिकता में व्यापक और क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन महिला सशक्तिकरण के साथ ही उनकी आत्म निर्भरता और आजीविका सृजन का शक्तिशाली साधन बन रहा है।

**डूंगरपुर बना स्वच्छता का मॉडल :-** भारत में स्वच्छ भारत मिशन की एक दशक की उपलब्धियाँ अपने आपमें न केवल बेजोड़ हैं वरन् उसकी गौरव गाथायें मिशन की उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली है। मुझे भी दक्षिणी राजस्थान के महाराणा प्रताप के वंश मेवाड़ वागड़ अंचल से जुड़े 766 वर्ष पुराने ऐतिहासिक नगर डूँगरपुर की नगर परिषद का सभापति बनने का अवसर उस वक्त मिला जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्रीजी की प्रेरणा और राज्य सरकार एवं अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से मैंने हिल सिटी डूँगरपुर के नागरिकों, अपने पार्षद साथियों और नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से डूँगरपुर नगर की ऐसी काया पलट दी कि इस छोटे से नगर की ख़ूबसूरती की चर्चा देश ही नहीं सात समुन्दर पार विदेशों में भी होने लगी तथा प्रदेश राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर डूँगरपुर को कई अवॉर्ड्स तथा पुरस्कारों से नवाजा गया।

स्वच्छता के क्षेत्र में बेजोड़ काम कर डूंगरपुर ने जो पहचान बनाई उसकी स्वयं प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासियों के कुम्भ और प्रयाग राज माने जाने वाले त्रिवेणी संगम पर स्थित बेणेश्वर धाम, डूंगरपुर पर 26 नवम्बर 2018 को आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं एक बात गर्व से कहना चाहूंगा, देश में जो स्वच्छता अभियान चला है, उस स्वच्छता अभियान में डूंगरपुर ने कमाल कर दिखाया है, डूंगरपुर आज देश में स्वच्छता की मिसाल बन गया है। देश कैसा होता है, उसका नमूना पैदा करने की ताकत आज डूंगरपुर के लोगों में है। इसी प्रकार केन्द्रीय गृह मत्री अमित भाई शाह, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, दिल्ली द्वारा गठित राजस्थान राज्य स्तरीय समिति के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय दीपक माहेश्वरी, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति जे.बी. पारड्रीवाला, राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर पीठ के न्यायाधिपति पंकज भण्डारी, राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधिपति के. एस. अहलूवालिया, राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधिपति विजय व्यास, रामचन्द सिंह झाला पूर्व न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय आदि ने स्वच्छता मॉडल को सराहनीय बताया और प्रसंसा की है।

मुझे डूंगरपुर नगर परिषद के सभापति पद का दायित्व वर्ष 2015 से 2020 तक निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इन 5 वर्षों के छोटे से कार्यकाल के दौरान नगर परिषद डूंगरपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र सहित कई नवाचार अपनाकर देश दुनिया में अपना नाम रोशन किया। नगर निकाय डूंगरपुर ने भारत सरकार द्वारा आयोजित निकायों के राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार 3 वर्ष तक अपनी श्रेणी में अव्वल स्थान प्राप्त किया। नगर परिषद डूंगरपुर को एक बार राष्ट्रपति के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा भी स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। सभापति पद पर मैरी कार्यशैली से प्रभावित होकर तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार द्वारा राजस्थान राज्य का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। वर्ष 2019 में निवर्तमान गहलोत सरकार द्वारा भी मुझे प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के पद पर पुन: नियुक्ति देते हुए फिर से प्रदेश भर के निकायों को स्वच्छ बनाने का दायित्व सौंपा गया।

वर्ष 2022 में स्थाई एवं अनवरत लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा मुझे न्याय मित्र के पद पर नियुक्ति देते हुए मुझे शेखावटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले में स्थित नगर परिषद झुंझुनू तथा नगर पालिका मंडावा और नवलगढ़ में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ट्राफिक से निजात, आवारा पशु रोकथाम सहित इस क्षेत्र में पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली पुरानी हवेलियों के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार कराने का दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार वर्तमान में मुझे भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एनएसएससी) के गैर सरकारी सदस्य और राजस्थान सरकार समन्वयक और भाजपा का स्वच्छ भारत मिशन का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। डूंगरपुर निकाय को जल संचय के इन बेहतरीन कार्यों के लिए तत्कालीन केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रतिष्ठित वाटर हीरोज का सम्मान से सम्मानित किया गया। अमेरिका के बिल गेट्स एंड मिलिंडा संस्था ने देश की चुनिंदा निकायों में डूंगरपुर का चयन किया। डूंगरपुर के जल संचय अभियान के बेहतरीन कार्य से दिल्ली सरकार भी डूंगरपुर मॉडल की मुरीद हो गई और इससे प्रेरित होकर तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने जल मंत्री को डूंगरपुर के वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन के लिए भेजा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पनाओं के अनुरूप स्वच्छ भारत होने पर हमारे देश के पर्यटन में कई गुणा वृद्धि होगी और इससे देश प्रदेश की राजस्व आमदनी भी बढ़ेगी। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मैंने सुझाव दिया है कि स्वच्छता का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध अर्थ दंड लगाने तथा पर्यटन सेस लागू करने के लिए केन्द्र सरकार को एक क़ानून बनाना चाहिए।

इसके साथ ही स्वच्छता के झूठे आंकड़े देकर दिखाने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की आवश्यकता है अन्यथा स्वच्छता कागजों एवं फोटो खिंचवाने तक ही सीमित रह जाएगी तथा प्रधानमंत्री एवं राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री का सपना सिर्फ सपना ही बनकर रह जाएगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज भारत में स्वच्छ भारत मिशन अभियान देश के नागरिकों का अभिमान बन रहा है। इस अभिमान को बनाये रखने की ज़िम्मेदारी देश के हर नागरिक की है । यदि हम सभी मिल कर इस आंदोलन की गति को थमने नहीं देंगें तो वह दिन दूर नहीं जब विदेशों की स्वच्छता की दुहाई देने वाले भारत की स्वच्छता का उदाहरण सबसे पहले देने से नहीं चूकेंगे।

**-के. के. गुप्ता**
**भाजपा के स्वच्छ भारत मिशन के राजस्थान संयोजक और झुंझुनूं, नवलगढ़ और मण्डवा (स्थाई एवं अनवरत लोक अदालत, झुंझुनूं) के न्याय मित्र हैं।**

# आकाश में मंडराते मौत के बादल



डॉ. रामावतार शर्मा

एलोपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में लांसेट विश्व की सर्व प्रतिष्ठित पत्रिका है। हर चिकित्सक द्वारा इस पत्रिका में प्रकाशित प्रत्येक लेख को तथ्यात्मक सत्य माना जाता है। हाल ही में इस पत्रिका में एक लेख छपा है जिसके अनुसार भारत में हर वर्ष 17 लाख लोग प्रदूषण के कारण समय पूर्व मर जाते हैं। देश की राजधानी नई दिल्ली और उसके आस पास के इलाकों में इन मृतकों की संख्या सर्वाधिक है। इसके अलावा भारत और पाकिस्तान के पंजाब में लाखों बच्चों का स्वास्थ्य भी यहां के वायु प्रदूषण के कारण गंभीर रूप से प्रभावित होता है, कितने ही बच्चे अपना जीवन काल पूरा नहीं कर पाते और असंख्य बच्चे जीवन भर निम्न स्तरीय स्वास्थ्य की स्थिति में रहते हैं। यह देश है वीर जवानों का गीत गाने वाले क्षेत्रों में सांस के लिए इन्हेलर इस्तेमाल करते युवकों के समूह नजर आने लगे हैं। ताजा वायु के अभाव में इन इलाकों के लोगों का व्यवहार बदल रहा है, लोग आक्रामक, गुस्सैल और झगड़ालू हो रहे हैं तथा उनका बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास बाधित हो रहा है। परिवर्तित होते स्वभाव के साक्षी होने के बाद भी सब लोग असहाय तथा मैनू की लेना वाले विचार से ग्रसित नजर आ रहे हैं।

2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी और दिल्ली तथा पंजाब की सत्ता पर अधिकार जमाने से पहले दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोनों ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के प्रदूषण नियंत्रण तथा पराली को खाद में बदलने के चमत्कारी वैज्ञानिक शोध लागू करने की बातें किया करते थे परंतु सत्ता प्राप्ति के बाद दोनों महानुभावों की चुप्पी और निष्क्रियता एक निराशा का भाव पैदा करती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत की राजधानी दिल्ली और पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैं जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरे के स्तर को तकरीबन हर समय पार किए रहता है परंतु सर्दी के दिनों में तो यह चिंता के एक बड़े स्तर को छूने लगता है। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के कई अन्य शहर भी इस खतरे के शिकार हो रहे हैं जिनमें वियतनाम का हनोई, थाईलैंड का बैंकॉक आदि शहर भी वाहनों के धुएं, कोयले के बिजली प्लांट्स, घास फूस और कटी फसल जलने, डीजल जनरेटर तथा औद्योगिक इकाइयों आदि के प्रभावों से प्रदूषित हो रहे है और हजारों समय पूर्व मौतों के कारण बन रहे हैं।

घने स्लेटी रंग के बादल जैसी धुंध और आंखों और नाक में चुभती हवा इन शहरों की सर्दी में ठंड की वजह से दूषित कणों को ऊपर आकाश में नहीं बिखरने देती जिसके फलस्वरूप ये कण लोगों के सांस में शामिल होने लगते हैं। 'सफर' भारत की मुख्य पर्यावरण निगरानी संस्था है। 'सफर' के अनुसार वायु प्रदूषण के फलस्वरूप लोगों के फेफड़ों में असंख्य कण जमा हो जाते है जो एलर्जी, अस्थमा, फाइब्रोसिस आदि रोग पैदा कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दिल्ली और लाहौर की हवा में दूषित कण सामान्य की तुलना में 50 गुना अधिक हैं जो एक अत्यंत गंभीर समस्या है।

इसका प्रमाण पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हाल ही में घोषित किया स्वास्थ्य आपातकाल है। लाहौर सहित कई अन्य शहर और कस्बों में प्रशासन 3 दिन का कोरोना जैसा लॉक डाउन लगाने की सोच रहा है क्योंकि पिछले चंद दिनों में वहां 40 हजार रोगी फेफड़ों के रोगों की वजह से अस्पतालों में भर्ती हुए है तथा उन इलाकों की 600 मस्जिदों में बारिश के लिए विशेष नमाज पढ़ी जा रही है ताकि बारिश के प्रभाव से वायु प्रदूषण कम हो सके। लोग भूल जाते हैं कि मानव निर्मित सांसारिक समस्या का समाधान मानव को ही खोजना पड़ेगा। यहां ईश्वरीय शक्तियों को पुकारने से कुछ नहीं होने वाला है। विज्ञान के पास समाधान है और आज का सामान्य नागरिक भी जानता है कि प्रदूषण क्यों हो रहा है और वह स्वयं उसके लिए कितना जिम्मेदार है परंतु कोई बड़ा प्रशासनिक या व्यक्तिगत प्रयास नजर नहीं आ रहा है।

नवंबर से जनवरी तक चिंता जताई जाती है, घबराहट होती है, वादे किए जाते हैं और फरवरी आते ही वही ढाक के तीन पात। दूसरी तरफ लोगों लोग समय पूर्व मरते रहेंगे और उनकी मृत आत्माओं की शांति की कामना सामाजिक मीडिया पर डिजिटल हाथ जोड़ कर डिजिटल पुष्प समर्पित करते हुए की जाती रहेगी।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# भारत विकास परिषद की प्रेरणा से देहदान किया

**मांगीलाल कलवार का पार्थिव शरीर अशोक मेवाड़ा के नेतृत्व में जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर के शरीर विज्ञान विभाग को सौंपा गया**

**ब्यावर, (निसं)।** भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा, ब्यावर की प्रेरणा एवं परिषद सदस्य अशोक मेवाड़ा के प्रयास से मांगीलाल कलवार पुत्र स्व. छोगालाल कलवार का मृत्युपरांत देहदान करवाया गया। मांगीलाल कलवार का पार्थिव शरीर अशोक मेवाड़ा के नेतृत्व में जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर के शरीर विज्ञान विभाग को सौंपा गया, जिसका उपयोग मेडिकल कॉलेज के छात्रों की शिक्षा के लिये व अनुसंधान में होगा।

भारत विकास परिषद द्वारा इससे पूर्व भी कई परिषद सदस्यों एवं देहदानियों से स्वैच्छिक देहदान संकल्प पत्र भी भरवाकर इस पुनीत कार्य में भागीदारिता निभाई है और भविष्य में भी इस प्रकार का सेवा कार्य हेतु जन साधारण को प्रेरित करती रहेगी। इस पुनीत कार्य के लिए कलवार परिवार का भारत विकास परिषद पदाधिकारियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बेटे अशोक कलवार ने बताया कि उनके पिता एडवोकेट थे, जिनके तीन बेटे और दो लड़कियां हैं। दो साल पहले पिता ने मकर संक्रांति पर अपनी बॉडी दान करने की घोषणा की थी। उनकी आखिरी इच्छा पूरी करते हुए मेडिकल कॉलेज को यह बॉडी डोनेट की गई है। पिता की इच्छा थी कि उनके मरने के बाद भी उनकी बॉडी काम में आ सके। अब पिता की बॉडी पर मेडिकल स्टूडेंट अपनी पढ़ाई कर सकेंगे।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल अनिल सामरिया ने बताया कि कलवार परिवार ने बॉडी डोनेट की है। मेडिकल स्टूडेंट और शिक्षा जगत में बॉडी बहुत कम आती है। देहदान से चिकित्सा जगत में नए आयाम स्थापित होंगे। इसके साथ स्टूडेंट्स को ऑर्गन्स के बारे में पता चल पाएगा। ऐसे स्टूडेंट्स का उज्जवल भविष्य होगा।

## राशिफल रविवार 24 नवम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10:16 तक, वैधृति योग दिन 12:17 तक, तैतिल करण प्रात: 9:09 तक, चन्द्रमा सोमवार प्रात: 5:02 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 10:16 से सूर्योदय तक है। आज वैधृति पुण्य है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:16 से 9:35 तक, लाभ-अमृत 9:35 से 12:13 तक, शुभ 1:32 से 2:51 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:57, सूर्यास्त 5:29

### मेष

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुपिधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार में टालना ठीक रहेगा।

### वृष

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आवश्यक कार्यों व्यस्तता बनी रहेगी।

### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कर्क

स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों में संयम रखना ठीक रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### सिंह

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कन्या

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### तुला

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृश्चिक

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों के लिए दिन शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मीन

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# विपक्ष ने हमेशा सपने दिखाने का कार्य किया है, जबकि भाजपा हकीकत बुनने का काम करती है : भजनलाल शर्मा

- उपचुनावों में भाजपा का बढ़ा जनाधार, प्रदेश की जनता का, कार्यकर्ताओं का आभार और अभिनंदन : मदन राठौड़
- उपचुनावों में भाजपा की प्रचंड जीप पर भाजपा कार्यलय में सीएम भजनलाल शर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, हुई आतिशबाजी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने उपचुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा ने 5 नहीं, सभी सीटें जीती है। दौसा और चौरासी की जनता ने विधानसभा चुनाव 2023 की तुलना में अधिक विश्वास जताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विकास की राजनीति पर भरोसा जताया है। आज प्रदेश की जनता ने ये भी साबित कर दिया कि सबसे लोकप्रिय राजनीति पार्टी अगर कोई है तो वो भारतीय जनता पार्टी ही है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि रामगढ़, झुंझुनूं और खींवसर के मतदाताओं ने वहां के राजनेताओं को हकीकत से रूबरू करवा दिया। रामगढ जहां एक मुस्लिम कट्टरपंथी जनप्रतिनिधि द्वारा आतंक मचा रखा था, अब अगर उनके पुत्र जीत जाते तो आधुनिक आतंक को बढ़ावा दिया जाता लेकिन जनता ने उन्हें शानदार पटखनी दी। इसी तरह झुंझुनूं में एक परिवार के किसी दूसरे को राजनीति करने का अधिकार ही नहीं दे रहे थे, लेकिन यहां वर्षों बाद कार्यकर्ताओं की बदौलत कमल खिला। इसके साथ ही भाजपा ने एक मठाधिशी रामगढ़ में तो दूसरी मठाधिशी झुंझुनूं में समाप्त करने का काम किया है। तीसरी मठाधिशी खींवसर में चलती थी, जिसे खींवसर की जनता ने समाप्त करने का काम किया। देवली-उनियारा सीट की चर्चा करते हुए डॉ अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की पहचान प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम करने से भी बनी है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति कानून को हाथ में लेने का काम करेगा तो भाजपा सरकार उसको बताएगी कि कानून उसके साथ क्या व्यवहार करेगा। इसी तरह चौरासी में भी देश को तोड़ने वाले लोगों को जनता ने करारा जवाब दिया और भाजपा का जनाधार वहां भी बढ़ा है। अगले चुनाव में हम सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चौरासी में ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के कार्यकर्ताओं के आगे मैं नतमस्तक हूं, उनका आभार व्यक्त करता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं। भाजपा का नेतृत्व देश में ही नहीं दुनिया में भी सबसे मजबूत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य राजस्थान ही नहीं समूचे भारत का विकास करना है। इन चुनावों में जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, उन्होंने किसान, युवा, महिला तथा मजदूर को कल्याण और विकास का भरोसा दिलाया है। 2023 के चुनाव की तुलना में आज राजस्थान की जनता ने 15 प्रतिशत अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में किया है। सरकार ने विपक्ष के कटाक्ष का जवाब जनता से जुडे विकास कार्यों और बजट घोषणाओं को पूरा करके दिया है। कांग्रेस ने हमेशा झूठ और लूट की राजनीति की है, हमेशा भ्रम फैलाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का परिश्रम, कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत प्रदेश की जनता ने जो विश्वास सरकार के प्रति जताया है उसे बनाए रखा जाएगा। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया है। ऐसे में हमारे केंद्रीय नेतृत्व के साथ महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद देता हूं। महाराष्ट्र चुनाव में जिन 8 सीटों पर प्रचार किया गया, वहां भी भारी बहुमत के साथ भाजपा को विजय मिली। भाजपा में कार्यकर्ताओं को समर्पण रहा है, वो पूर्ण भाव से पार्टी के लिए कार्य करता है। विपक्ष ने हमेशा सपने दिखाने का कार्य किया है, जबकि भाजपा हकीकत बुनने का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान विकसित राजस्थान बनेगा, सशक्त राजस्थान बनेगा और विकसित भारत बनेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उपचुनावों में भाजपा को मिले जनाधार पर जनता को आभार व्यक्त किया और कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व भरोसा किया तथा मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया। भाजपा को प्रचंड बहुमत देने के लिए मतदाताओं का अभिनंदन, अभिवादन और धन्यवाद। राठौड़ ने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ कार्यकर्ताओं को दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जनता के जनाधार के बाद भाजपा पर जिम्मेदारियां बढ़ी है। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से बजट में की गई घोषणाओं को अब समय पर पुरा किया जाएगा। राजस्थान के उपचुनावों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने सामर्थ्य के अनुरूप कार्य किया। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी के चलते भाजपा प्रत्याशियों की प्रचंड जीत हुई। चौरासी में भी भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है, ऐसे में वहां की जनता का भी अभिनंदन और धन्यवाद। उपचुनावों में कांग्रेस पूरी तरह पिछड़ गई। कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

राठौड़ ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का भी आभार जताते हुए कहा कि मीडिया ने अपना दायित्व बेहतर रूप से निभाया। मीडिया हमेशा इसी तरह मार्ग दर्शन करती रहे और सरकार जनसेवा करती रही। उपचुनावों में भाजपा के सभी मोर्चा में सहभागिता निभाई।

इस दौरान भाजपा कार्यालय में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सरदार अजयपाल सिंह, नारायण पंचारिया, महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, महेंद्र कुमावत, अजीत माडण, स्टेफी चौहान, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, विभागों के संयोजक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हॉस्पिटल केयर टेकर पद की भर्ती प्रक्रिया में दूरस्थ शिक्षा से डिग्री लेने वाले अभ्यर्थी करें शामिल : हाईकोर्ट

- दस्तावेज सत्यापन के दौरान याचिकाकर्ता को चयन प्रक्रिया से यह कहते हुए बाहर कर दिया कि उसने संबंधित कोर्स दूरस्थ शिक्षा के जरिए किया है और भर्ती में सिर्फ नियमित शिक्षा के जरिए कोर्स करने वालों को ही शामिल किया जा सकता है।

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरपीएससी की ओर से आयोजित हॉस्पिटल केयर टेकर भर्ती-2023 में दूरस्थ शिक्षा से डिग्री लेने वाले अभ्यर्थी को शामिल करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख चिकित्सा सचिव, आरपीएससी सचिव और यूजीसी सचिव से जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश जितेंद्र कुमार शर्मा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने हॉस्पिटल केयर टेकर के पदों के लिए गत वर्ष मई माह में भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। वहीं दस्तावेज सत्यापन के दौरान उसे चयन प्रक्रिया से यह कहते हुए बाहर कर दिया कि उसने संबंधित कोर्स दूरस्थ शिक्षा के जरिए किया है और भर्ती में सिर्फ नियमित शिक्षा के जरिए कोर्स करने वालों को ही शामिल किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम में साल 2022 संशोधन कर केवल नियमित शिक्षा को ही मान्य माना है। इस संशोधित नियम को चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता ने मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से दो साल एमबीए हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स किया था। ऐसे में केवल दूरस्थ शिक्षा का हवाला देते हुए उसे भर्ती में अपात्र घोषित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने दूरस्थ शिक्षा से कोर्स करने वाले अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# हम राजस्थान के विकास के लिए कृत संकल्पित : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने उपचुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की प्रचंड जीत से विकास पर मोहर लगी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत को ऐतिहासिक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। शर्मा ने कहा कि इस जीत से देश के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और हमारी सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत भाजपा के कर्मठ कार्यकताओं के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनावों में हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों एवं 11 महीने में भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हुए विकास कार्यों को मतदाताओं तक पहुंचाने का प्रयास किया। इसी का परिणाम है कि इस उपचुनाव में भाजपा को 2023 के विधानसभा चुनावों में मिले वोटों से 15 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प के अनुसार समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं जबकि कांग्रेस एवं अन्य दल चुनावों में झूठ और भ्रम फैलाते हैं। ऐसी राजनीति को जनता ने अपने वोट से जवाब दिया है। शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। और इस एतिहासिक जीत ने हमारे इस इरादे को और भी मजबूत किया है।

# जी.एम. बीजों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ ने शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को जी एम बीजों के विरोध में ज्ञापन दिया है । संभाग प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि आज भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने देशव्यापी सांसद ज्ञापन अभियान के तहत जी एम बीजों को देश में अनुमति नहीं दी जाने के विरोध में ज्ञापन दिया है। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट ने बताया कि जी एम बीज पर्यावरण और जीवों के लिए नुक़सान दायक है। जी एम कपास का बीज पहले ही विफ़ल हो चुका है। अब जी एम सरसों का बीज देश में लाने की तैयारी चल रही है।

# राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान



राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने शनिवार को विद्युत भवन में पढ़ाई एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्युत गृहों के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों को पुरस्कृत किया।

- निगम कर्मचारियों के 8 बच्चों का आईआईटी, 6 बच्चों का मेडिकल में चयन एवं 3 निगम कर्मचारियों का खेल क्षेत्र में विशिष्ट योगदान

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने शनिवार को विद्युत भवन में पढ़ाई एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्युत गृहों के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में निदेशक वित्त मनोज खण्डेलवाल, मुख्य कार्मिक अधिकारी आलोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी, सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्रा, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी ने बताया कि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संतानें, जिन्होंने नीट और जेईई में विलक्षण प्रदर्शन करते हुए देश की विभिन्न आई.आई.टी. और मेडिकल कॉलेजों जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया है तथा खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।


उन्होने बताया कि हमारें कर्मचारी विद्युत गृहों में दिन-रात बिजली उत्पादन में शिफ्ट ड्यूटियों में व्यस्त रहते हैं और उनके मेधावी बच्चे भी थर्मल कॉलोनियों में साथ रहकर सतत मेहनत करके उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षा में सफल हो रहे हैं, यह हम सभी के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है। साथ ही वर्ष 2024-25 के दौरान अखिल भारतीय विद्युत खेल प्रतियोगिता में रजत एवं कांस्य पदक जीत कर राजस्थान का नाम रोशन करने वाले 3 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया है। विद्युत भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उत्पादन निगम के कुल 17 विलक्षण एवं सराहनीय प्रतिभाओं और उनके परिजनों को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।

# कल्पद्रुम महामंडल विधान में उमड़ रहा भक्ति का सैलाब

**जयपुर ।** सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। जैन समाज के साथ अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में विधान में सहभागी बन रहे है।

समिति संयोजक योगेश पाटनी ने बताया कि शनिवार को प्रात: विशेष पूजा अर्चना के साथ समोवशरण में विराजित जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांतिधारा की गई । शान्तिधारा का सौभाग्य लोकेंद्र-राजा देवी पाटनी राज भवन वाले , सत्यनारायण मित्तल एवं भविष्य गोधा परिवार ने प्राप्त किया। विधानाचार्य पंडित विकर्ष शास्त्री एवं शुभम् भैया के निर्देशन में कल्पद्रुम महामंडल विधान में पंचपरमेष्ठी भगवान के अर्घ्य अर्पित किए गए ।

- जैन समुदाय के साथ-साथ अन्य समाजों के लोग भी हो रहे विधान में शामिल



सांगानेर स्थित चित्रकूट कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित हो रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में शनिवार को बरेली के अरोडा परिवार ने मुनि समत्व सागर का पाद प्रक्षालन किया।

मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि महोत्सव में जैन धर्मावलम्बियों के साथ अजैन लोग भी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सम्मिलित होकर मुनि श्री के सानिध्य में धर्म लाभ प्राप्त कर रहे है ।शनिवार को बरेली से पधारे गुलशन अरोड़ा परिवार एवं ममता सौगानी परिवार जापान वालो ने मुनि समत्व सागर व शील सागर महाराज के पाद प्रक्षालन किये। अनिल कुमार संभव पाटनी प्रहलाद कॉलोनी परिवार ने शास्त्र भेट किये।

मीडिया समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि महामंडल विधान में शनिवार को बीस तीर्थंकरों की पूजा कर भक्ति भाव से अर्घ्य चढ़ाये। समिति सदस्य संतोष कुमार सौध्या ने बताया कि शाम को समोवशरण की महा आरती समाज श्रेष्टि लाड़देवी प्रदीपकुमार विमल बाकलीवाल परिवार साँवरिया परिवार की ओर से गाजे बाजे के साथ भक्तिपूर्वक की गईं। रात्रि क़ालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में महावीर नवयुवक मंडल एवं महावीर महिला मंडल के द्वारा भव्य नाटिका का मंचन किया गया।

मुनि समत्व महाराज ने समवोशरण में गणधर परमेष्ठी के रूप में प्रवचन करते हुए कहा कि लोग धन के पीछे भाग रहे है धर्म से दूरी बना रहे है और जग के वैभव के उन्माद में जी रहे है, उनको अंतरंग की शांति प्राप्त नहीं हो सकती है। मुनिश्री ने कहा कि मरने के बाद धन साथ नहीं जाएगा केवल धर्म ही साथ जाता है। जिनके पास धर्म होता है दुनिया का धन वैभव अपने पीछे भागा आता है। पंच महाव्रतों का पालन करने वालो को नियम से चक्रवर्ती बनने का वैभव प्राप्त होता हैं।

समिति अध्यक्ष केवल चंद गंगवाल व नवयुवक मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सौगानी ने बताया कि कल्पद्रुम महामंडल विधान में रविवार को समोवशरण स्थल से भव्य चक्रवर्ती यात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में चक्रवर्ती हाथी पर सवार होंगे तथा सोधर्म इंद्र घोड़े पर सवार होंगे व अन्य इंद्र बग्गियों में सवार होकर बैंड बाजे व लवाज़मे के साथ मुनि श्री के पावन सानिध्य में नगर भ्रमण को निकलेगी ।

# जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई : शेखावत

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा उप चुनाव में भाजपा की जीत पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उप चुनाव में भी भाजपा का भगवा ध्वज अन्य दलों से बहुत ऊंचा रहा है, क्योंकि ईश्वर स्वरूप जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है। शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा की संगठन क्षमता ने फिर प्रभाव दिखाया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व पुन: प्रमाणित हुआ है। हरेक कार्यकर्ता साथी को इस विजय क्रम को बनाए रखने का श्रेय जाता है, जिनके परिश्रम से जनता-जनार्दन का स्नेहाशीष कायम है। महाराष्ट्र के नतीजों पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देवतुल्य जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई है। साफ है, महाराष्ट्र महायुति के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अपने 'बचाव' के लिए 'अलगाव' को बढ़ावा देने वाली पार्टियों को आत्मचिंतन करना चाहिए, वोट के लिए तुष्टीकरण और समाज में वैमनस्य पैदा कर जनता का दिल नहीं जीता जाता। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में महाविजय सुनिश्चित करने वाले भाजपा के हरेक कार्यकर्ता साथी समेत महायुति के प्रत्येक सदस्य को महा-महा बधाई और मंगलकामनाएं।

# भांकरोटा में हुआ सीसी रोड का शिलान्यास

**जयपुर।** सांगानेर विधानसभा में भांकरोटा क्षेत्र के जेडीए कॉलोनी से लेकर गणपतपुरा में सीसी रोड का शिलान्यास किया गया। यह सीसी रोड सांगानेर विधायक भजनलाल शर्मा द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसकी लागत लगभग दो करोड रुपए है।

# जनता ने डबल इंजन सरकारों पर अपना पूरा भरोसा जताया है : डॉ. पूनिया

- राजस्थान उपचुनाव में भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं स्थानीय नेतृत्व की मांग पर सतीश पूनिया ने झुंझुनूं, खींवसर रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को किया था संबोधित

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने राजस्थान, महाराष्ट्र सहित तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की शानदार जीत यह दर्शाती है कि जनता ने भाजपा की नीतियों और विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकारों पर अपना पूरा भरोसा जताया है। जनता ने कांग्रेस और उसके गठबंधन को उनकी धराशायी हो चुकी जमीन की स्थिति का आईना दिखा दिया है।

भाजपा की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जनता को विकास, सुशासन और स्थिरता पर भरोसा है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की राजनीति को जनता ने नकार दिया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से हरियाणा, राजस्थान सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ, हरियाणा चुनाव संपन्न होने के बाद सतीश पूनियां के राजस्थान लौटते ही राजस्थान उपचुनाव में भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं स्थानीय नेतृत्व की मांग पर सतीश पूनियां ने झुंझुनूं, खींवसर, रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया था, इन सभी सीटों पर भी सतीश पूनियां ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तरह माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए चुनाव प्रचार और चुनाव प्रबंधन की रणनीति पर काम किया था, जहां भाजपा को शानदार जीत मिली है।

# 'अतिक्रमणों को दो माह में हटाए जे.डी.ए.'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जेडीए को निर्देश दिए हैं कि वह दो सौ फीट बाईपास से लेकर क्वींस रोड तिराहे तक सिरसी रोड के दोनों तरफ आने वाले सभी तरह के अतिक्रमणों को दो माह में हटाए। वहीं अदालत ने 20 जनवरी को जेडीए सचिव को तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ पेश होने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश विजय कुमार बोयत की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि जेडीए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने से पहले संबंधित संपत्ति के मालिक या किराएदार को सात दिन का नोटिस देगा। वहीं यदि संबंधित व्यक्ति की ओर से कोई आपत्ति आती है तो उसका सात दिन में निस्तारण किया जाए।

# यंग प्रेसिडेन्ट्स ऑर्गनाईजेशन के सदस्यों ने जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया

**जयपुर।** विश्वव्यापी संस्था यंग प्रेसिडेन्ट्स आर्गनाईजेशन (वाई. पी. ओ.) के 70 सदस्यीय एक दल में जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया। यगं प्रेसिडेन्ट्स आर्गनाईजेशन (वाई.पी.ओ.) के जापान, फिलिपिन्स, कोरिया, मलेशिया, थाईलैण्ड, ब्रुनेई, बेल्जियम, जर्मनी, हाँगकाँग आदि देशों के व्यापारिक और औद्योगिक संस्थानों के 70 महिला और पुरूषों ने जो अपनी कम्पनियों के मुख्य अधिकारी हैं, को जयपुर फुट के निर्माण विधि की जानकारी भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी. एम. वी. एस. एस.) के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता और सचिव भूपेन्द्र मेहता तथा डॉ दीपेन्द्र मेहता (तकनिकी) ने दी।



विश्वव्यापी संस्था यंग प्रेसिडेन्ट्स आर्गनाईजेशन के 70 सदस्यीय एक दल में जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल थे, विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि वाई.पी.ओ. के विश्वभर में 34,000 सदस्य हैं जो व्यापारिक संस्थानों के मुख्य अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आपस में विचार विमर्श करते हैं। यह संस्था व्यापारिक दुनिया से अलग ऐसा परोपकारी संस्थाओं से भी सामाजिक सम्पर्क रखती हैं जो परोपकार की भावना से समाज के कल्याण और विकास के लिए कार्य करते हैं। वाई.पी.ओ. के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता ने कहा कि जयपुर फुट आज विश्व में द्विव्यागों के पुर्नवास की अग्रणी संस्था बन गई हैं, जिसके 23 देशों में पदचिन्ह देखे जा सकते हैं। बी.एम.वी.एस.एस. ने 114 विदेशी शिविरों का अब तक आयोजन कर 46,000 से अधिक लोगों का पुर्नवास किया हैं।

डी.आर. मेहता ने बताया कि हाल ही में बी.एम.वी.एस.एस. के दल ने भारत सरकार के सहयोग से मगोलिया में विशेष शिविर लगाकर 645 लोगों को लाभान्वित किया। इस समय मेडागास्कर में भी एक शिविर चल रहा हैं। विदेशी प्रतिनिधियों को संस्था के आर्थिक पक्ष की जानकारी देते हुए डी.आर. मेहता ने कहा कि दानदाताओं के सहयोग से संस्था सभी विकलांगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग और अन्य उपकरण मुहैय्या कराती हैं।

# झुंझुनूं में 21 साल बाद फिर से खिला कमल, कांग्रेस को बड़ा झटका

## झुंझुनूं विधानसभा की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भी भाजपा के राजेंद्र भांबू के नाम दर्ज हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं विधानसभा के उप चुनावों का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। परिणामों के बाद भाजपा में खुशी देखने को मिली। झुंझुनूं विधानसभा में 21 साल बाद एक बार फिर कमल खिला है। साथ ही झुंझुनूं विधानसभा की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भी भाजपा के राजेंद्र भांबू के नाम दर्ज हो गया है। इससे पहले 2018 में कांग्रेस के बृजेंद्र ओला ने 40 हजार 565 वोटों से जीत दर्ज की थी, लेकिन राजेंद्र भांबू ने ना केवल इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 42 हजार 848 वोटों से जीत दर्ज की, बल्कि 2018 में ओला से मिली हार का भी हिसाब चुकता कर लिया।

हर बार की तरह पिछले तीन चुनावों में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तो त्रिकोणीय ही रहा है। पर 2013, 2018 व 2023 में भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ते रहे हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को होता रहा, लेकिन इस बार पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने मुकाबला तो त्रिकोणीय बनाया। लेकिन उन्होंने कांग्रेस को नुकसान किया। जिसका फायदा भी भाजपा को मिला। वहीं भाजपा ने पिछले तीन चुनावों में हुई भूल को इस बार नहीं दोहराया और एकजुटता के साथ चुनाव लडा। जिसका भी फायदा भाजपा को मिला है।

रिटर्निंग अधिकारी झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह यादव ने बताया कि मतगणना शनिवार को सेठ मोतीलाल कॉलेज में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि भाजपा के राजेंद्र भांबू को 90425 मत मिले। वहीं उनके निकटवर्ती कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला को 47577 मत मिले। भाजपा के राजेंद्र भांबू को 42848 मतों से जीत हासिल हुई।


भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र भांबू को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

**भांबू के निवास पर उमड़े हजारों समर्थक :-** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र भांबू को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिनमें प्रमुख रूप से मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, विधायक धर्मपाल गुर्जर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता मुरारी सैनी, बजरंग दल के जिला संयोजक रवि गुप्ता, प्रमोद खंडेलिया, पूर्व पार्षद प्रमोद जानू, पुरूषोत्तम खाजपुरिया, अर्जुन महला, सतीश खींचड़, कमलकांत शर्मा, डॉ. डीएन तुलस्यान सहित समर्थक मौजूद रहे। जीत की घोषणा के बाद भी राजेन्द्र भांबू के कार्यालय के अलावा जिला मुख्यालय में कई जगहों पर व विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई।

चुनाव हारने के बाद राजेंद्र सिंह गुढा ने कहा कि उन्हें टाइम कम मिला, लेकिन फिर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे उन सभी लोगों का आभार जताते हैं जिन्होंने उन्हें वोट किया, सपोर्ट किया। वे हमेशा झुंझुनूं विधानसभा के लोगों के दुख-दर्द में उनके साथ खड़े रहेंगे। जिन लोगों तक वे पहुंचे और जिन्हें बात समझ आई, उन्होंने वोट किया। जिन लोगों तक कम समय के कारण नहीं पहुंच पाए, उन तक पहुंचेंगे। सभी का आभार जताने के लिए वे लोगों के बीच जाएंगे।

- **इस बार पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने मुकाबला त्रिकोणीय बनाया, गुढ़ा ने कांग्रेस को नुकसान किया, जिसका फायदा भी भाजपा को मिला**

भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू की जीत के बाद झुंझुनूं जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत झुंझुनूं पहुंचे। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने राजेंद्र भांबू को जीत की बधाई दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि यह जीत झुंझुनूं की जनता की जीत है। भारतीय जनता पार्टी ने झुंझुनूं विधानसभा सीट पर अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। झुंझुनूं की जनता ने सरकार के 11 महीने के कामकाज पर मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सात सीटों में से पांच सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। जनता का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति विश्वास है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं की जनता ने परिवारवाद और वंशवाद को खत्म करने का काम किया है। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राजेंद्र भाम्बू कमल के प्रतीक थे, जनता ने चुनाव लड़ा और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

# खींवसर में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी की जमानत जब्त

## खींवसर में बीजेपी की ऐतिहासिक विजय, रेवंतराम डांगा ने जीत दर्ज की

**नागौर,** (निसं)। खींवसर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) का गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत रखने वाली पार्टी की प्रत्याशी और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रेवतराम डांगा ने 13901 वोटों के बड़े अंतर से हराया। इस जीत के साथ ही विधानसभा में आरएलपी का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी में जश्न का माहौल है। पूरे नागौर जिले में बीजेपी के कार्यकर्ता जश्न मनाया इसलिए कि खींवसर के इस उपचुनाव में बीजेपी पार्टी ने पूरी ताकत जीत के लिए लगा दी थी।

खींवसर के उपचुनाव में बीजेपी की इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए रेवंतराम डांगा ने कहा कि यह खींवसर की आम जनता की जीत है। हनुमान बेनीवाल द्वारा रेवंतराम डांगा को अनपढ़ कहने के सवाल का जवाब देते हुए डांगा ने कहा कि ये उनकी भाषा है, हीन भावना है, हम ऐसी बातों पर ध्यान नहीं देते, धरातल पर काम करते हैं। डांगा ने कहा कि आज खींवसर जीता है, यह आम जनता की जीत है।


रेवंतराम डांगा।

कांग्रेस अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह रही कि इस चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी अपनी जमानत भी नहीं बचा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 26 हजार से ज्यादा वोट मिले थे, लेकिन इस उपचुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी को मात्र 5454 वोट ही मिल पाए और इस तरह कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई।

- **बीजेपी प्रत्याशी रेवंतराम डांगा ने आरएलपी प्रत्याशी कनिका बेनीवाल को हराया**
- **इस जीत के साथ ही खींवसर विधानसभा में आरएलपी का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया है**

**जीत के बाद डांगा हुए भावुक** : खींवसर की इस ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा के प्रत्याशी रेवंतराम डांगा भावुक हो गए। पिछले विधानसभा चुनाव में मात्र 2,059 वोट से डांगा हार गए थे। इस बार बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की सूचना मिलते ही डांगा भावुक हो गए। इसके बाद समर्थकों के साथ डांगा ने डांस भी किया। ज्योति मिर्धा और समर्थकों के साथ रेवंतराम डांगा अपने भाई के घर से पैदल ही मतगणना स्थल लॉ कॉलेज तक पहुंचे और पूरे रास्ते जश्न मनाते हुए जीत का प्रमाण पत्र लिया। इसके बाद डांगा खरनाल में वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में दर्शन के लिए निकले।

# दौसा उपचुनाव में कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा जीते


कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा को रिटर्रिंग अधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपा।

**दौसा,** (निसं)। दौसा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्धी भाजपा के जगमोहन मीणा को 2300 मतों से पराजित कर कांग्रेस की हैट्रिक करवा दी।

उल्लेखनीय है कि दौसा विधानसभा के लिए 1 लाख 53 हजार 740 मतदाताओं ने अपने मतों को प्रयोग किया था। शनिवार को जिला एवं पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मतों की गणना कराई, जिसमें कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा को 75 हजार 536 मत, भाजपा के जगमोहन मीणा को 73 हजार 236 मत, निर्दलीय विप्र गोयल को 1 हजार 369 मत, दूलीचंद सैनी को 758 मत, बेणीप्रसाद कौशिक को 231 मत, मोहनलाल को 154 मत, रितु शर्मा को 411 मत, देवीसिंह को 306 मत, पूरणमल मौर्य 302 मत, मक्खनलाल मीणा, 208 मत, डॉ. रामरुप मीणा को 97 मत, विजय को 172 मत तथा नोटा को 908 मत मिले। इस प्रकार कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा ने भाजपा के जगमोहन मीणा को 23 सौ मतों से पराजित कर कांग्रेस को लगातार तीसरी बार जीत दिलाई है। इधर कांग्रेस के पक्ष में परिणाम आने के साथ ही भाजपाई नेता जीत का अंतर कम होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी से पुनर्मतगणना कराये जाने की मांग की। जिला प्रशासन द्वारा काफी समझाइश के बावजूद भाजपा के चुनाव अभिकर्ता एडवोकेट अभयशंकर शर्मा पुनर्मतगणना के लिये अड़ गये। इसके बाद जिला प्रशासन ने पुनर्मतगणना की अनुमति जारी कर दी।

- **भाजपा के जगमोहन मीणा को 2300 मतों से पराजित किया**

**रेण्डमाईजेशन के बाद हुई 10 बूथों की गणना:-** भाजपा के चुनाव अभिकर्ता एडवोकेट अभयशंकर शर्मा की मांग पर निर्वाचन विभाग ने रेण्डमाईजेशन से 10 बूथों की मतों की गणना की अनुमति जारी की गई। रेण्डमाइजेशन के बाद बूथ संख्या 92, 93, 105 ए, 151, 153, 158, 165, 181 तथा बूथ संख्या 192 की मतगणना कराई गई। इस दौरान वीवीपी मतों की भी गणना कराई गई। ईवीएम एवं वीवीपी मतों में अंतर नही आने पर रिर्टनिंग अधिकारी मूलचंद ने कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा को वियजी घोषित किया तथा प्रमाण पत्र दिया।

## आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। अदालत ने फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिये कृषि भूमि हड़पने के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया है। रूपनगढ़ थाना पुलिस ने 20 नवंबर को विजय गिदवानी पुत्र प्रकाश, रोडू पुत्र श्योकरण, इकराम निवासी ग्राम सुरसुरा, रामदेव पुत्र नारायण सिंह निवासी मदनगंज को फर्जी तरीके से कूटरचित पावर ऑफ अटॉर्नी असल के रूप में उपयोग में लाकर कृषि भूमि को हड़पने के आरोप में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां इनको जेल भेजने के आदेश दिया। बाद अपर जिला सेशन न्यायालय के समक्ष जमानत याचिका पेश की, अदालत ने एडवोकेट उमराव चौधरी व परमेश्वर बाना के तर्कों से सहमत होते हुए जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

## शादी के सीजन में चोर सक्रिय

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट पुलिस थाना क्षेत्र में 9 नंबर को पेट्रोल पंप के पास अंगीरा नगर में पांच संदिग्ध युवक वारदात की मंशा से एक मकान में घुसने की कोशिश करते कैमरे में कैद हुए हैं। इलाके के लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाश की, लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। थाना प्रभारी श्याम सिंह के अनुसार, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चार-पांच लोग संदिग्ध हालत में इलाके में घूमते और एक मकान की टोह लेते नजर आए हैं।

# जनता ने भाजपा की नीतियों और डबल इंजन सरकारों पर पूरा भरोसा जताया : पूनिया

**जयपुर।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान, महाराष्ट्र सहित तमाम राज्यों के विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की शानदार जीत यह दर्शाती है कि जनता ने भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकारों पर अपना पूरा भरोसा जताया है। जनता ने कांग्रेस और उसके गठबंधन को उनकी धराशायी हो चुकी जमीन की स्थिति का आईना दिखा दिया है। भाजपा की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जनता को विकास, सुशासन और स्थिरता पर भरोसा है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की राजनीति को जनता ने नकार दिया है।

जानकारी के अनुसार भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार चार महीने तक हरियाणा प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने माइक्रो मैनेजमेंट के जरिये चुनाव प्रबंधन से लेकर संगठन की मजबूती के लिए रणनीति पर काम किया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से हरियाणा, राजस्थान सहित पूरे देश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ, हरियाणा चुनाव संपन्न होने के बाद सतीश पूनियां के राजस्थान लौटते ही राजस्थान उपचुनाव में भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं स्थानीय नेतृत्व की मांग पर सतीश पूनियां ने झुंझुनूं, खींवसर, रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया था।


डॉ. सतीश पूनिया।

इन सभी सीटों पर भी सतीश पूनियां ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तरह माइक्रो मैनेजमेंट के जरिए चुनाव प्रचार और चुनाव प्रबंधन की रणनीति पर काम किया था, जहां भाजपा को शानदार जीत मिली है। सतीश पूनिया ने राजस्थान उपचुनावों में जहां जहां प्रचार किया वहां वहां भारतीय जनता पार्टी को विजय हासिल हुई है। पूनिया ने झुंझुनूं, देवली-उनियारा, रामगढ़, खींवसर में सघन प्रचार किया था और उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिला था और भाजपा को इन सीटों पर प्रचंड जीत मिली है।

- **डॉ. सतीश पूनिया ने राजस्थान उपचुनावों में झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, रामगढ़ में संभाली थी चुनाव प्रचार की कमान, इन सभी सीटों पर भाजपा जीती**

हरियाणा विजय के बाद भाजपा राजस्थान अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सतीश पूनिया से मिलकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फ़ोन पर बात करके उपचुनावों में समय देने का आग्रह किया था। संगठन सर्वोपरि को लक्ष्य मानकर सतीश पूनियां बिना विलंब किये इन चार सीटों पर चुनाव प्रचार में जुट गए, जहां भाजपा के पक्ष में सकारात्मक नतीजे आये हैं।

## जनता ने मोदीजी के विजन पर मुहर लगाई : शेखावत

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा उप चुनाव में भाजपा की जीत पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनाव में भी भाजपा का भगवा ध्वज अन्य दलों से बहुत ऊंचा रहा है, क्योंकि ईश्वर स्वरूप जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है।

- **राजस्थान में उपचुनाव और महाराष्ट्र के परिणाम पर केंद्रीय मंत्री ने आभार जताया**

शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने जोधपुर में कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा की संगठन क्षमता ने फिर प्रभाव दिखाया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व पुनः प्रमाणित हुआ है। हरेक कार्यकर्ता साथी को इस विजय क्रम को बनाए रखने का श्रेय जाता है, जिनके परिश्रम से जनता-जनार्दन का स्नेहाशीष कायम है। महाराष्ट्र के नतीजों पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देवतुल्य जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई है। साफ है, महाराष्ट्र महायुति के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अपने 'बचाव' के लिए 'अलगाव' को बढ़ावा देने वाली पार्टियों को आत्मचिंतन करना चाहिए।

# रामगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी की जीत से उत्साह

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी की जीत पर जहां भाजपा में उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह की जीत से रामगढ़ में वंशवाद की राजनीति पर ब्रेक लग गया है। रामगढ़ में भाजपा की तरफ से आहूजा परिवार राजनीति में अग्रसर रहा तो कांग्रेस में जुबेर खान परिवार लम्बे समय से रामगढ़ की राजनीति को देख रहे हैं, लेकिन इस जीत के बाद दोनों ही पार्टियों की वंशवाद की राजनीति का अंत हो गया है।

रामगढ़ विजय के साथ ही अलवर जिले में अलवर सांसद व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा का राजनेतिक कैरियर सफल रहा है तो वहीं अलवर भाजपा जिला अध्यक्ष दक्षिण अशोक शर्मा का कद भी पार्टी में बढ़ा है। वहीं भाजपा प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव मैदान में लगातार जूझने वाले भाजपा नेता इस भारद्वाज और औड नेता निर्मल सुरा का कद में भी इजाफा हुआ है। रामगढ़ निवासियों का कहना है कि अगर पार्टी 2023 में ही सुखवंत को टिकट दे देती तो यह उपचुनाव ही नही होता। अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी सुखवंत सिंह 13 हजार 636 वोट से जीते हैं।


भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह की जीत पर समर्थकों ने जश्न मनाया।

बैलेट पेपर के वोट अलग से हैं। दो राउंड की काउंटिंग से पहले ही कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबेर काउंटिंग हॉल छोड़कर चले गए। उन्होंने हॉल से निकलते ही बीजेपी के कार्यकर्ता अमनदीप को बधाई तक दे दी। उनके जाने के बाद बीजेपी प्रत्याशी सुखवंत सिंह आए। उन्होंने कहा कि ये जनता की जीत है। सबके लिए बराबर प्रयास करेंगे। गोतस्करी व टटलूबाजी सहित अन्य मुद्दों से जनता को राहत दिलाने का प्रयास करेंगे।

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सुखवंत की सादगी, भजनलाल सरकार के 11 महीने के काम व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के प्रयासों से जीत मिली है। सब कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। हमने पहले होने वाली बूथ कैप्चरिंग को रोका है, जिससे बीजेपी को फायदा मिला है। आर्यन खान को 95 हजार 175 व बीजेपी प्रत्याशी सुखवंत को 1 लाख 8 हजार 811 वोट मिले हैं। बैलेट पेपर के वोट अलग से हैं। 13 हजार 636 वोट से बीजेपी प्रत्याशी की जीत हुई है।

# सलूम्बर में भाजपा की शांता मीणा विजयी, चौरासी में बीएपी का वर्चस्व कायम

## चौरासी सीट पर बीएपी प्रत्याशी अनिल कटारा 23842 वोट से जीते

**उदयपुर/डूंगरपुर,** (कासं)। उदयपुर संभाग में हुए विधानसभा उपचुनाव के परिणाम यथावत रहे, एक सीट पर भाजपा एवं एक सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) का वर्चस्व कायम रहा। हालांकि दोनों ही सीटों पर पूर्व की अपेक्षा प्राप्त मतों में कमी आई है। वहीं मतदाताओं ने इन सीटों पर कांग्रेस को सिरे से खारिज कर दिया है। जैसी कि संभावना थी सलूम्बर में तो भीतरघात के चलते कांग्रेस की रेशमा मीणा की जमानत ही जब्त हो गई। वहीं सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की शांता मीणा ने चुनाव जीत लिया है। उन्होंने बाप पार्टी के जितेश कटारा को हराया। यहां कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही। यहां लगातार बीएपी मुकाबले में आगे रही लेकिन धीरे-धीरे मॉर्जिन कम हुआ और आखिरी राउंड में भाजपा ने जीत दर्ज कर ली। शांता मीणा 1285 वोट से चुनाव जीती।


सलूम्बर उपचुनाव की मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशी की रिटर्निंग अधिकारी ने घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि सलूम्बर विधानसभा के 2023 में हुए चुनाव में भाजपा के अमृतलाल मीणा ने 14691 वोट से जीते थे। अमृतलाल मीणा के निधन के कारण सीट खाली हुई थी जिस पर उनकी पत्नी शांता मीणा को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। उसके उपरांत में जीत भले ही हांसिल कर ली हो लेकिन आशातीत मत प्राप्त करने में असफल रही। दूसरी ओर 2023 के चुनाव में बीएपी के जितेश कटारा ने जहां पिछली बार 55 हजार से अधिक मत प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं इस बार 83 हजार से अधिक मत प्राप्त करते हुए कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही।

- **सलूम्बर में कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त, बीएपी ने सलूम्बर में जनाधार बढ़ाया**

इधर डूंगरपुर जिले के चौरासी सीट पर बीएपी प्रत्याशी अनिल कटारा 23842 वोट से जीते। जनता ने बता दिया है कि वह भील प्रदेश की मांग वाली पार्टी के साथ खड़ी है। भाजपा ने इस बार जो तैयारी की थी वह अभूतपूर्व थी। चौरासी विधानसभा में राजकुमार रोत के विधायक से सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई थी। इस सीट पर लगातार दो बार से बीटीपी और फिर बीएपी से राजकुमार रोत चुनाव जीते। इससे पहले भाजपा के सुशील कटारा विधायक थे।

# कलक्टर जितेन्द्र सोनी ने हरसोली और अणतपुरा-चिमनपुरा में की जनसुनवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को अवकाश के दिन प्रशासनिक अधिकारियों ने किया जिले के पीएमश्री विद्यालयों और सरकारी छात्रावासों का निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को अवकाश के दिन औचक निरीक्षण किये, साथ ही मौके पर जनसुनवाई भी की। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वयं किशनगढ़-रेनवाल के हरसोली और चौमूं के अणतपुरा-चिमनपुरा में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की परिवेदनाएं सुनीं। उन्होंने अधिकांश परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्ताण किया। साथ ही, शेष परिवेदनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलक्टर ने क्षेत्र में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से भी योजनाओं एवं लाभांवितों की विस्तृत जानकारी ली। जिला कलक्टर मौजूदगी में भामाशाहों द्वारा पचकोड्यिों के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनसहयोग से 2 कम्प्यूटर के साथ-साथ विकास कार्य के लिए 41 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग मौके पर ही प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय में बेहतर शिक्षण सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी।



जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ववािर को किशनगढ़-रेनवाल के हरसोली और चौमूं के अणतपुरा-चिमनपुरा में जनसुनवाई की।

कलक्टर के निर्देश पर उपखण्ड अधिकारियों ने पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय भवन निर्माण की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था, पुस्तकालय, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, खेल मैदान, पेयजल, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान करते हुए तमाम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

वहीं, तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र में संचालित कस्तूरबा गांधी राजकीय छात्रावास सहित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय छात्रावासों में कार्मिकों की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया।

- **क्रय विक्रय सहकारी समितियों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों में भी खरीद केन्द्रों का जायजा भी लिया गया**

नायब तहसीलदारों ने क्षेत्र में संचालित क्रय विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों का निरीक्षण किया एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य उपज खरीद केंद्र पर पंजीयन की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं एवं प्रक्रियागत अवरोधों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की एवं बैंक अधिकारियों को योजना के तहत प्राप्त लंबित आवेदनों का निस्तारण करने अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों को योजना के लिए जागरुक एवं प्रेरित कर लाभांवित करने के लिए निर्देशित किया।

# पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल लीग के मैच शुरू

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस की अभिनव पहल पुलिस व आम जनता के बीच दूरियों को खत्म कर आमजन के बीच मेल मिलाप बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई उत्तर जिले की वॉलीबॉल लीग के द्वितीय चरण के मैचों का शुभारंभ शनिवार को खंडेलवाल स्कूल ग्राउंड हीदा की मोरी रामगंज में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर को अपराध एवं भय मुक्त बनाने में आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है।साथ ही उन्होंने कहा कि आमजन का पुलिस से अधिक से अधिक जुड़ाव शहर में कानून एवं शांति बनाने रखने में बहुत ही कारगर एवं उपयोगी है। इसी दिशा में जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तर दुर्ग सिंह ने बताया कि वॉलीबॉल लीग द्वितीय चरण (सर्किल स्तर) के मैचों में पुलिस एवं आमजन (पब्लिक) से संयुक्त खिलाड़ियों की टीमें बनायी गई। सर्किल स्तर के खेले गए मैचों में नाहरगढ़, विद्याधर नगर, ब्रह्मपुरी, गलता गेट एवं शास्त्री नगर की टीमें विजेता रही। लीग के मैचों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय रामेश्वर सिंह चौधरी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन योगेश दाधीच एवं उत्तर जिले के आला पुलिस अधिकारी सहित थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों ,पुलिस मित्रों एवं सुरक्षा सखियों के साथ साथ आमजन ने खासा उत्साह के साथ भाग लिया।

# 'वॉकिंग ट्रेक की सालाना फीस 3600 रु. करना जन विरोधी'

## खेल परिषद् सवाई मानसिंह स्टेडियम में गलत फैसले नहीं ले : गिरिराज खंडेलवाल



गिरिराज खंडेलवाल

**जयपुर**। जयपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और जयपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे गिरिराज खंडेलवाल ने सवाई मान सिंह स्टेडियम परिसर में वॉकिंग ट्रेक पर वॉक का सालाना शुल्क 3600 रूपये करने के खेल परिषद के प्रस्ताव को अनुचित बताया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह सालाना शुल्क 300 रूपये है, जिसे 12 गुना बढ़ाने का खेल परिषद के विचार को किसी भी सूरत में जायज नहीं ठहराया जा सकता। खंडेलवाल ने कहा कि खेल परिषद स्टेडियम में मनमाने फैसले नहीं ले सकता है। परिषद को स्टेडियम के विकास के लिए सही दिशा में सोचना और काम करना चाहिए।

गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि सवाई मान सिंह स्टेडियम राज्य सरकार की संपत्ति है और खेल परिषद भी एक सरकारी संस्था है। यह निजी कंपनी नहीं है कि खेल परिषद मनमाने और जन विरोधी निर्णय ले ले। स्टेडियम परिसर का वॉकिंग ट्रेक का वर्तमान में आम जनता के लिए सालाना शुल्क तीन सौ रूपये है। जिसमें अप्रत्याशित बढ़ोतरी एक तर्कहीन सोच है।

गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि सवाई मान सिंह स्टेडियम परिसर के विकास और रख -रखाव के लिए खेल परिषद के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। लेकिन खेल परिषद पर काबिज लोग नहीं चाहते हैं कि स्टेडियम में खेल संघों के प्रतिनिधि और आम जनता का जुड़ाव बना रहे। स्टेडियम को आम जनता और खेल प्रेमियों से दूर करने के लिए खेल परिषद ऐसे प्रस्ताव लेकर आया है। जिसे जन-हित में तत्काल निरस्त करना चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा स्टेडियम के वॉकिंग ट्रेक पर आम जनता वॉक करती है और इससे किसी भी तरह स्टेडियम की गरिमा और गतिविधियां प्रभावित नहीं होती है लेकिन खेल परिषद गलत निर्णय लागू करके अनावश्यक विवादों को जन्म दे रहा है। खंडेलवाल ने कहा कि खेल परिषद ने स्टेडियम परिसर में खेल संघों के कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध कराने के उनके सुझाव पर भी कोई कदम नहीं उठाया है और अब आम जनता को स्टेडियम से दूर करके इस परिसर में निजी कंपनी जैसा माहौल बनाना चाहता है। जिसका विरोध किया जायेगा।

# जी.आर.पी. पुलिस ने 40 लाख रु. के 255 मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए

## चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन वापस पाकर 105 लोगों के चेहरों पर खुशी की लहर छाई

**जयपुर**। जीआरपी थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी और गुमशुदगी हुए करीब चालीस लाख रुपए के 255 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें से 105 मोबाइल फोन मालिकों को लौटा दिए गए हैं। लोगों के गुम हुए मोबाइल मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोरी और गुमशुदगी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को राहत देने के लिए यह अभियान चलाया। बरामद मोबाइल अलग-अलग कंपनियों के महंगे एंड्रॉयड फोन हैं। इनमें से 110 मोबाइल पहले ही उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। 40 मोबाइल फोन न्यायालय के आदेशानुसार सुपुर्द किए गए थे। शेष 105 मोबाइल आज जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में लौटाए गए।

इस अभियान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर नरेश कुमार और सर्किल इंचार्ज नरेंद्र सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी ट्रेसिंग के माध्यम से गुमशुदा मोबाइलों की लोकेशन का पता लगाया। अलग-अलग राज्यों में जाकर उन्हें बरामद किया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर कई परिवादियों ने खुशी जाहिर की। पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि जीआरपी जयपुर जनता के हित में इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी।

# विवाहिता को भगा ले गया पड़ौसी

**जयपुर**। करधनी इलाके में एक विवाहिता के पडौसी युवक के साथ भागने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने पत्नी को भगा ले जाने वाले पडौसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले उसकी शादी हुई थी। करीब 22 साल की पत्नी के साथ पडौसी युवक बातचीत किया करता था। काफी बार पत्नी को समझाने के बाद भी उनकी बातचीत बंद नहीं हुई। आरोप है कि 16 नवम्बर की रात को दोनों पति-पत्नी घर में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे उसे सोता छोड़कर पत्नी बिना बताए चुपचाप घर से चली गई। सुबह उठने पर घर से पत्नी गायब मिली। काफी ढूंढने के बाद भी उसका पता नहीं चला। शक के आधार पर पडौसी का पता किया तो वह भी घर पर नहीं मिला।

# जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर आपस में भिड़ी पांच कारें

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) मार्ग पर शनिवार दोपहर एक साथ पांच कारें आपस में भिड़ गईं। अचानक ब्रेक लगाने के चलते एक-दूसरे के पीछे चल रही कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में कार सवारों को मामूली चोट आई है। एक्सीडेंट थाना पूर्व पुलिस ने क्षितग्रस्त कारों को रोड किनारे करवाकर रुके ट्रैफिक को चालू करवाया।

पुलिस ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे जेएलएन मार्ग पर सरस पार्लर के सामने हुआ। ट्रैफिक गांधी सर्किल से मालवीय नगर की तरफ जा रहा था। सरस पार्लर के सामने जाते ही किसी वाहन को बचाने के चलते कार सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार के रुकते ही पीछे आ रही दूसरी कार ने उससे भिड़ गई। टक्कर लगते ही पीछे से आ रही तीन और कारें एक-दूसरे से आपस में जा भिड़ी। ब्रेक लगाने से एक के बाद एक कर पांच कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर लगने से कार के बोनट व डिग्गी क्षतिग्रस्त हो गई, एक कार के एयरबैग तक खुल गया। कारों के आपस में टकराने के चलते सवार लोगों के मामूली चोटें आई। एक्सीडेंट की सूचना पर एक्सीडेंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद बाधित यातायात को चालू करवाया।

- **इस हादसे में आधा दर्जन लोग मामूली चोटिल हुए**

# सार-समाचार

## बाफ्टा ब्रेकथ्रू के लिए 9 प्रतिभागी चयनित



**जयपुर** (कासं)। द ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बाफ्टा) ने अपने "बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया-2024" के लिए 9 प्रतिभाओं का चयन किया है। नेटफ्लिक्स द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम में फिल्म, टेलीविज़न और गेम्स इंडस्ट्री के प्रतिभागी शामिल हैं। भारत, यूके और यूएसए से कुल 43 प्रतिभाशाली व्यक्तियों का चयन किया गया है। बाफ्टा के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जेन मिलिचिप ने बताया कि चयनित भारतीय प्रतिभागियों में अभिनव चोखावतिया, क्रिस्टो टॉमी, दीपा भाटिया, धीमान कर्मकार, जयदीप सरकार, मोनिशा त्यागराजन, नीरज कुमार, सिंधु श्रीनिवास मूर्ति और वरुण ग्रोवर शामिल हैं। इनका चयन प्रमुख क्रिएटिव इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की जूरी द्वारा किया गया, जिसमें जूरी चेयर और बाफ्टा ब्रेकथ्रू एंबेसडर गुणीत मोंगा कपूर, मानवेन्द्र शुकुल, मोनिका शेरगिल, पालोमी घोष, राजीव मेनन, रत्ना पाठक शाह, संगीता दत्ता, शोनाली बोस और सुष्मित घोष शामिल थे।

## रंगीला महादेव मंदिर में अन्नकूट आज



**जयपुर** (कासं)। शहर में दिल्ली बाईपास लक्ष्मण डूंगरी स्थित रंगीला महादेव मंदिर पर रविवार को 27 वां विशाल अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जायेगा। रंगीला महादेव के छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। रंग-बिरंगी रोशनी से रंगीला महादेव की पहाड़ियों सजाया गया है। रोशनी को देखते ही ऐसा लगता है जैसे चांद-सितारे पहाड़ी पर उतर आए है। रविवार को भगवान महादेव को मूंग, मोड, बाजरा, मिक्स सब्जी, कढ़ी, चावल व अन्य अन्न का भोग लगाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से प्रसादी शुरू होगी, जो देर रात तक रहेगी।

## कुष्ठाश्रम में वंचितजनों को वस्त्र बांटे




**जयपुर**। खगुल कृष्ण अध्यात्म परिकर के तत्वावधान में गलता घाटी रोड स्थित सार्थक मानव कुष्ठाश्रम् में अध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज की माताजी की तृतीय पुण्यतिथि पर आश्रम में रह रहे वंचितों के मध्य उनको दैनिक उपभोग की वस्तुएं प्रदान करके अध्यात्मिक प्रवक्ता ने अपने परिजनों के संग अपनी पूज्य माताजी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सार्थक मानव कुष्ठाश्रम् में रह रहे जरूरतमंदों के बीच सपरिवार जाकर यथोचित उपभोगी वस्तुएं ( साड़ियां ,कंबल, वस्त्र, आदि) प्रदान कर पूज्य माताजी की पुण्य तिथि पर उनको नमन किया। इस मौके पर माताजी के पौत्र अर्णव भारद्वाज ने सभी को प्रसादी (चना चिरौंजी) देकर आशीर्वाद ग्रहण किया। माताजी की पुण्य तिथि पर पुत्र खगुल कृष्ण भारद्वाज व पुत्रवधू रीता पाठक ने वहां उपस्थित सभी जनों के मध्य दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जेडीए पोर्टल पर "ऑटो कैलकुलेटर"

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने अनुमोदित निजी खातेदारी की योजनाओं के लिए जेडीए पोर्टल पर "ऑटो कैलकुलेटर" सुविधा शुक्रवार से शुरू कर दी है। आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से जे.डी.ए. के ऑनलाईन पोर्टल पर जमा कराए जाने वाले शुल्क व फीस की गणना के लिए जेडीए पोर्टल पर "ऑटो कैलकुलेटर" सुविधा विकसित की गई है, जिससे जोन कार्यालय में जमा करवाई जाने वाली राशि का विवरण लोग पहले ही प्राप्त कर सकते हैं।

# जे.डी.ए. ने जगतपुरा में सड़क सीमा में ध्वस्त किए अतिक्रमण




**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को जगतपुरा में बालाजी मोड तिराहे से करीब एक किलोमीटर दूरी में सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाए।

उपमहानिरीक्षक कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में सड़क सीमा में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियां हो रही थी। इस पर शनिवार को प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई करते हुए जगतपुरा बालाजी मोड तिराहे से करीब एक किलोमीटर दूरी में सड़क सीमा में हो रहे सभी अतिक्रमण ध्वस्त किए। उन्होंने बताया कि लोगों ने करीब 50 जगहों पर चबूतरे, सीढ़ियां, लोहे के एंगल, टीनशेड, तिरपाल, थड़ी-ठेले, होर्डिंग साइन बोर्ड लगाकर सड़क पर कब्जा कर रखा था। जे.सी.बी. मशीन की मदद से इन्हें ध्वस्त किया।

# हनीट्रैप में फंसाकर दुकानदार से सात लाख रुपए ठगे

**जयपुर**। मालपुरा इलाके में एक दुकानदार से हनीट्रेप कर सात लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गोपी नगर निवासी लालचंद सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी रेलवे स्टेशन वाली रोड पर दुकान थी। इसी दौरान वह एक स्पा में गया था वहां पर उसकी दोस्ती पूनम चौधरी से हो गई। पूनम ने उसे स्वयं को अविवाहित बताया। इस पर दोनों में बातचीत होने लगी। आरोपी महिला उससे लगातार मिलने लगी और शादी की बात कहकर शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद आरोपी उससे विभिन्न बहाने बनाकर रुपए मांगने लगी। लगातार बढ़ती मांग से वह परेशान हो गया। जब उसने रुपए देने से इंकार किया तो आरोपी ने उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी। इस पर पीड़ित ने अफजल और पूनम चौधरी के खिलाफ हनीट्रेप का केस दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि महिला ने पीडित ने अब तक कई बार में सात लाख रुपए ले लिए। पीडित खुद भी अविवाहित है। पीडित सांगानेर रेलवे स्टेशन वाली रोड पर दुकान करता था। उसने यह दुकान बेच दी। इसके बदले उसे 25 लाख रुपए मिले थे। पीडित फिलहाल अपनी बीमार मां की देखरेख के लिए घर पर रहता है।

# शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली गिरफ्तार



**जयपुर**। सांगानेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली को गिरफ्तार उसके उसके पास से चोरी की एक बाइक सहित चाकू नुमा हथियार भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित तुलसीराम कोली ने सांगानेर सहित जयपुर शहर के कई अन्य थाना इलाके में चोरी-नकबजनी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपित के खिलाफ चोरी सहित नकबजनी के सात मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर-नकबजन तुलसीराम कोली निवास कोलीवाडा जिला गंगापुर सिटी हाल खानाबदोश मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# बदमाशों ने बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 8 लाख रुपए ऐंठे

**जयपुर**। बजाज नगर इलाके में मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर डिजिटल अरेस्ट कर एक बुजुर्ग व्यक्ति से साइबर ठगों ने 8 लाख रुपए ऐंठ लिए। एक घंटे तक वीडियो कॉल पर बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर क्रिमिनल धमकाते रहे। पीड़ित व्यक्ति ने आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि बजाज नगर निवासी 72 साल के व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि 15 नवम्बर को वह घर पर अपने कमरे में बैठे थे। दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अफसर होना बताया। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज होने के बारे में बताया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरेस्ट करने की धमकी देकर डराया गया। करीब 1 घंटे वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट रखकर उन्हें डराया-धमकाया गया। साइबर क्रिमिनल ने बैंक अकाउंट की जानकारी लेने के बाद अरेस्ट करने की धमकी दी। धमकाकर बैंक अकाउंट से 7.90 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। कुछ दिनों बाद परिजनों को बताने पर साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी हुई। बजाज नगर थाने में शुक्रवार को पीड़ित ने शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया। डिजिटल अरेस्ट कर 8 लाख रुपए ऐंठे गए है। पीड़ित के बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली जाएगी। कॉल करने वाले मोबाइल नंबर व बैंक अकाउंट के बारे में भी जांच की जा रही है।

- **मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर फंसाया**

# साइबर ठगों ने गाली-गलौच कर धमकी दी

**जयपुर**। जवाहर नगर थाना इलाके में आरएसएस के प्रचारक को साइबर ठगों ने धमकी दी। इस धमकी के बाद प्रचारक ने पुलिस की शरण ली। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी शिवकुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह विद्या भारती का संगठन मंत्री और आरएसएस का प्रचारक है। उसके पास एक कॉल आया। कॉल करता ने स्वयं को रोहित गुप्ता टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी से कॉल करना बताया और कहा कि आपके नंबरों से फ्रॉड हुआ है। उसके खाते से 6 मिलियन की हेराफेरी की बात कहकर उससे आधार कार्ड की फोटो कॉपी मांगी। जब उसने अपना पूरा परिचय दिया तो फोन कर्ता ने पहले गाली-गलौज की और फिर धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर उसने अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिया। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।

# राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में जले थर्ड ग्रेड शिक्षक की मौत


**जयपुर**। राजस्थान यूनिवर्सिटी में 21 नवंबर को जले ग्रेड थर्ड टीचर की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक ऋतिक मल्होत्रा पिछले दो दिनों से जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में एडमिट था। जयपुर के बस्सी के बड़वा गांव का रहने वाला ऋतिक मल्होत्रा राजस्थान यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट का पूर्व छात्र था। वह 22 नवंबर को ही पीटीआई के पद पर जॉइनिंग करने वाला था। गुरुवार को कैंपस में वह पेट्रोल से जल गया था। वहां मौजूद दूसरे स्टूडेंट्स ने उसे जलते हुए देखा था।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एचओडी आरके जैन ने बताया कि बुधवार को युवक करीब 1.45 बजे हॉस्पिटल लाया गया था। युवक 85 फीसदी जल गया था। उसकी हालत काफी गंभीर थी। हमारी टीम ने उसे बचाने से बचने का हर संभव प्रयास किया। शनिवार को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

- **मृतक ऋतिक मल्होत्रा गत 21 नवंबर को विवि. परिसर में आग की लपटों से घिरा हुआ मिला था**

ऋतिक मल्होत्रा ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि वह अरावली हॉस्टल में रहता है। उसकी बाइक की पेट्रोल की टंकी का ढक्कन नहीं था। यूनिवर्सिटी कैंपस में सिगरेट जलाते समय पेट्रोल टैंक से गैस निकली और आग लगने से वह झुलस गया।

यूनिवर्सिटी के नाट्य विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना श्रीवास्तव ने बताया था कि कैंपस में कुछ स्टूडेंट्स खेल रहे थे। इस दौरान डिपार्टमेंट के पीछे की तरफ उनकी बॉल चली गई। जब कुछ स्टूडेंट उस तरफ गए। उन्होंने देखा वहां एक लड़का खुद को आग से बचाने की कोशिश में भाग रहा था। इस दौरान उसके साथ एक लड़की भी मौजूद थी। इसकी जानकारी हमने तुरंत कुलपति ऑफिस में भेजी। यहां से टीम पहुंची और घायल युवक को एसएमएस अस्पताल में एडमिट करवाया था। युवक और युवती दोनों हमारे लिए पूरी तरह अपरिचित थे। यूनिवर्सिटी से फिलहाल उनका कोई वास्ता नहीं था।



## Stir-Up Sunday

Stir-Up Sunday is a cherished day in many households, especially those that love traditions of the holiday season. It marks the beginning of festive preparations, specifically the making of Christmas pudding. The kitchen fills with the warm, spicy scents of cinnamon, nutmeg, and dried fruit as family members gather to stir the pudding mixture. This is not just about cooking, it's a moment to make memories, with each person taking a turn to stir the pot and make a secret wish. The day embodies the excitement and anticipation that leads up to Christmas, setting the tone for the joyful weeks ahead.



#FOOD FUNDA

# How to balance health and taste

Healthy food brings holistic benefits. Here's how to embrace nutritional choices without compromising on taste.



To eat intelligently is an art. Food is not merely sustenance, we are what we consume. It's, therefore, important to balance taste with health. Post-pandemic, there is an increased interest in eating healthy as people have become more conscious of their wellbeing. While satisfying both the taste buds and nutritional needs might seem impossible, if planned well, it's doable and easy to follow. "Emerging food trends show that there is no need to compromise if you want a balance of taste with health," says Dr. Siddhant Bhargava, Fitness and Nutritional Scientist and co-founder of *Food Darzee*, which delivers customised meal plans.

### PLANT-BASED AND FLEXITARIAN DIETS

Plant-based diets, veganism and the flexitarian approach have changed menus all over the world. "Chefs and brands, nowadays, are beating the notion that a dish may taste bland if it contains a variety of vegetables, legumes, nuts and plant proteins," explains Dr. Bhargava. To make plant dishes more savoury, it is suggested to add umami flavours using mushrooms, fermented foods or miso. "Plant-based cheese and meat alternatives also look and taste great, creating diverse layers within dishes, while ensuring that the meal is healthy and enjoyable," he adds.

### GUT-HEALTHY INGREDIENTS

Gut health has gained attention for its connection to overall wellbeing, including even mood, digestion and immunity. As a result, Kimchi, kombucha, kefir and other prebiotic foods, such as chicory root and bananas, are finding their way into daily meals. This trend of gut-healthy ingredients can be integrated into traditional food tastes as well. Fibre-rich vegetables or fruits can be paired with probiotic foods in a way that enhances health without compromising on flavour. "Use homemade fermented options, such as lemon or mango pickle. Use them in wraps or stuffed tikkis for extra spice and tang," suggests Dr. Bhargava. Buttermilk or *kanji* (fermented probiotic drink) can also be garnished on salads or roasted *tandoori* cauliflower.

### LOW GLYCEMIC SWEETENERS AND WHOLE GRAINS


Alternatives to sugar, such as Monk fruit, stevia and low glycemic syrups like yacon, that provide sweetness without the sugar spikes, are getting increasingly popular. Alongside, complex carbs and nutritionally dense whole grains, such as quinoa, amaranth or buckwheat, can be added to the diet for additional benefits. You can try a natural and low glycemic sweetener instead of refined sugars in desserts. Go with ancient grains or gluten-free options such as buckwheat and millets to enhance taste by integrating them in savoury dishes.

### GLOBAL FLAVOURS AND SUPERFOOD SPICES

"Incorporation of global flavours, such as South Asian, Middle Eastern and African spices, particularly turmeric, ginger and sumac, is on the rise," says Dr. Bhargava. Recognised for their anti-inflammatory properties, you can try these superfood spices to add flavour to meals as these not only enhance taste but also improve health. "Turmeric can be added to soups or smoothies, sumac is recommended for roasted vegetables, cinnamon is an excellent addition to oatmeal for its sweetness and blood sugar regulation properties," adds Dr. Bhargava.

### CUSTOMISE YOUR MEAL

Personalised nutrition, driven by DNA testing and health apps, allows for highly individualised diets and enables people to effectively balance taste preferences with nutritional needs. It's best to focus on meal planning that fits your specific nutritional needs and lifestyle. So, if you're on a low-carb diet, opt for protein-rich vegetables such as spinach and legumes. If you're gluten-sensitive, experiment with gluten-free grains such as quinoa or rice noodles in flavourful stir-frying. By crafting such meals and using ingredients that satisfy both the taste buds and meet health goals, you can enjoy a fulfilling diet.



# The Arrogance of Lahore

Wali Sahab writes, "Lahore, the capital of Punjab, was totally new for me and very different from anywhere I had been before. Old timers romanticize about this 'golden city from a golden period.' " Author Pran Nevile, wrote, "In Lahore, there was a common name for God. People would say *'hai- rabba!'* whether they were Hindu, Muslim or Sikh, not '*Ram*' or '*Allah*.' *Rabba* meant everybody's God in Punjabi!" Nestled amidst the greenery and flowering trees of the city were centres of academic learning, which I was fortunate to visit during various inter-college competitions, debates and cultural shows. The Punjab University, Government College, King George Medical College and Kinnaird College for Girls were landmarks for education and learning in British India. The famous columnist, Rajinder Puri said, "Delhi was nothing those days,….and as for Ludhiana and Jalandhar, they were mofussil remote areas. We used to snicker at the shops in Delhi, at the small-time bargaining and limited choice of the wares to vend. Compared to Lahore, Delhi was just a bureaucratic centre. St. Stephen's College, Delhi could not hold a candle to Government College, Lahore." He continues, "There was an arrogance about Lahore, an arrogance that stemmed from the fact that there were never any riots there." Little did anyone know, that blood was yet to flow, and flow, it would.


-Editor, Arbit




Felicitated for distinguished service by KPA Delhi.



**Ajay Singha**
*He is a prolific writer and a well-known organizer of literary events*



**Dr. Charu Wali Khanna**
*Besides being MMK Wali's daughter, she is also a close witness to the trials and triumphs of his life. In addition, she is a leading human rights lawyer and counsel for the Union of India in the Supreme Court.*

> When it was my cousin's turn, Ms. Lutter said, "This is Miss Wali." The Prince looked at my cousin intently and her heart missed a beat when he said, "Such a beautiful girl and still a Miss?" Quick on the uptake, the *Kashmiri beauty* responded, "Yes, I was waiting for a Prince."

In those days, one had to pass the eighth class examination in order to procure admission to the next level which was higher secondary. I was bundled off back to the city of my birth and was admitted to the G.S. High School, Sialkot. The school was named after a great personality, Sardar Ganda Singh Oberoi, who was, perhaps, the largest sports goods' manufacturer of Punjab. Founder of Oberoi Sports, he started exporting hockey sticks, shinguards and sport-fishing tackle to England way back in 1884. The thriving factory area comprised many acres of land spread to the east and west of a street called Paris Road. There is an interesting story behind this nomenclature. Paris was considered to be the perfume capital of the world in those days, and pleasing fragrances were supposedly present everywhere in the city. The rich and fashionable of Sialkot strolled down Paris road, especially in the evening. Highly perfumed men, yes men, and ladies, accompanied by their men folk, took their evening walks on this street, much as Europeans did in large cities elsewhere in the world. The road with all its fragrances in the evening was thus named after the city of Paris.

I completed my matriculation in the tenth grade in Sialkot and a family decision was taken that 'Madan should go to Lahore.' I joined Forman Christian College, popularly known as FC College, Lahore. FC College was initially started in the Rang Mahal, inside the walled City of Lahore by Dr. Charles W Forman, an American Presbyterian missionary in 1864. The college later moved to the banks of the Lahore Canal, the present campus, where I studied. Unceremoniously nationalised in 1972 by the Government of Pakistan, it was later handed back to the Presbyterian Church in 2003, perhaps under American pressure. FC College was a pioneer in many fields, it was the first to form an alumni association, open a Biology department and introduced co-education way back in 1902. I was proud to be part of an institution with such a grand heritage.

But I arrived as a young lad, much before the tempest started building up. In 1947, the storm of hatred would turn the streets of Lahore into a blood-bath, an exodus of Hindus and Sikhs from the city, dead bodies would be seen floating in the canals and much worse. I am told that despite political hostility between India and Pakistan, Lahore still prides itself on its tolerance. It is said that if they opened the borders, even today people would run towards each other and exchange hugs. Each one to his own feelings! Despite many opportunities, I preferred never to visit Lahore ever again. I believe that there is only sorrow in digging up old graves and as the poet, Shelley, rightly said in 'The Past,' That joy once lost is pain.

Can I ever forget that my five year old cousin, Kamlesh, was made to wear several frocks, one over the other, before going to bed each night because the parents didn't know when they would have to flee the city. Amritsar was about 20 miles away, the tension, the stabbings, the violence of rioting and the stench of blood and burning in the breeze are etched in the memories of most of our friends and relatives who were present there.

While Sialkot had a scented road to its fame, Lahore was the fashion capital of India, known across the subcontinent as the 'Paris of India.' The spread of women's education and a wave of social reforms marked the beginning of a brand new generation of women in the 1940s. Watches and sunglasses for women were the rage, and some said that the most beautiful women were from Lahore. Of course, I disagreed. They could never compete with our *Kashmiri* beauties. The glowing complexion, hazel eyes, sharp intellect, irresistible smile and the ability to hold their own in a man's world. A perfect combination of beauty and brains, any prince would be mesmerised by a *Kashmiri beauty.* That's not an exaggeration, and I have a story to go with it. When Prince Philip, the Duke of Edinburgh, visited India for the first time in 1959, he went to Jaipur. Maharani Gayatri Devi invited him with great pride to visit the MGD Girls' School which was started by her. The first all-girls school in Rajasthan, established on the lines of the British Public School system. Even the Principal, Ms. Lillian G Lutter was British. So, the handsome Duke, wearing a fine Savile Row suit, interacting with girl students, was a star attraction at this exclusive event in the city. Women, all over the world, were known to swoon over him, and my cousin, along with her seven classmates, was introduced to the Duke. The Principal was particularly proud of this class, as they had all just appeared for their Senior Cambridge exams. When it was my cousin's turn, Ms. Lutter said, "This is Miss Wali." The Prince looked at my cousin intently and her heart missed a beat when he said, "Such a beautiful girl and still a Miss?" Quick on the uptake, the *Kashmiri beauty* responded, "Yes, I was waiting for a Prince." The principal was not amused but the Duke had a hearty laugh. This is not the end of the story. In the evening, there was an official dinner at the Rambagh Palace, then the residence of the Jaipur royal family, now converted into a hotel. Select boarders from the school were invited, the Duke looked all around and went to Ms. Lutter enquiring, "Where is that blue-eyed girl?" He was informed that only the school boarders were invited for dinner and not the day scholars. The Duke insisted and said, "Then, send for her." A station wagon was sent to my cousin's house requesting her to join for dinner at the palace. When my uncle came to know the reason why a car from the Palace had arrived and was parked outside his house, he was furious. He let out the choicest abuses on the palace representatives, shooing them away. While some people might be swept away by this seemingly flattering attention towards a daughter, my uncle was an old style, orthodox *Kashmiri Pandit*, who refused to kowtow to summons of this nature, even from the high and mighty.

Walking down Anarkali *baazar,* one ends up at the Mall Road. Now, this was someplace else, no longer the narrow winding lanes of the city with its old world charm. Instead, open broad streets, boulevard style, ornamented brick and sandstone buildings, replete with colonial style architecture announcing the modern face of Lahore as a world city. The style, the mannerisms of the people and the general atmosphere in this part of town was forward looking and westward leaning. It was the place for 'high society,' who indulged in what was then called 'malling.' Indian officers and gentlemen, who emulated their British counterparts, rolled down in their open Buicks with elegant *sari* clad companions, puffing on their cigarettes and youngsters strolled down streets with a carefree attitude, as if there was no tomorrow. It was another world.

My interest in poetry, both Urdu and English, led me to befriend one Mirza 'Arjan' Ahmad, who shared with me the peculiarity of a somewhat misleading name. Mirza 'Arjan' Ahmad and Madan Mohan Kishan 'Wali' was enough reason for those intrigued by uncommon names to start a conversation. By this peculiar commonality and his interest in poetry, Arjan and I became friends. Between the two of us, we had sufficient knowledge of English, Urdu and Persian poetry to keep entertained anyone who would care to listen. Members of the fairer sex also formed part of our somewhat sombre and shifting audience base. Their presence provided the much-needed impetus to read some of the English romantics as well. I never recited but helped cull out interesting portions and stanzas for rendition by my friend. Arjan belonged to a Muslim sub-sect called *Ahmadis.* They believed in the divine origin of all holy books and assumed that also those outside the Abrahamic traditions, such as the *Vedas* of Hinduism and the *Avestas* of Zoroastrianism, were important. Though *Quran* was considered the final divine scripture, this acceptance of the non- Abrahamic, perhaps, led some of the more experiential *Ahmadis* to adopt Hindu first names.

Mirza belonged to Lyallpur, a city about 120 miles west of Lahore. It had a sizeable British military presence, and unlike many shanty towns across Punjab, had the features of a better developed town. I, therefore, accepted his invitations to spend weekends at his parent's home in Lyallpur and got to meet his father, who was most knowledgeable in Persian and Urdu poetry. As a hobby, his father taught the finer nuances of understanding and writing poetry in Urdu, which attracted many enthusiastic young people to their home each evening.


Then, the day came when I had to leave Lyallpur to collect my exam results from Lahore. Once again, a verdict had been announced, changing the direction of my life. My father wanted me to proceed to Lucknow for further studies. While negotiations were on between the Congress and Muslim league, I had graduated and had moved out of the hostel. On father's advice, I shifted temporarily with a family friend, Prof. Pandit, a well-known Professor of Chemistry and a greatly respected man in our *Kashmiri Pandit* community. He had a close relative called Raj Kumar, who worked as an inspector with the Bombay Metropolitan Police and they were all very proud of him. This Raj Kumar, later, joined the film industry and went on to become a famous star, soon after independence. At Lucknow University, I had joined for a Master's degree in English but also did my graduation in mathematics. I intended to appear for the Civil Services examinations and mathematics was considered a good option.

"Madan has to decide his future path," for the first time in my life, a *diktat* from my father was actually setting me free. I knew I had reached a stage when decisions would impact where I lived and worked for the rest of my life. I had many degrees under my belt but my aim had always been to prepare and appear for the civil services exams. At that time, qualifying age for the civil services was between 21 to 24 years. I could have made my first attempt in 1949, but didn't feel confident enough and started preparations with all earnestness only in 1950. Armed with so many degrees, the best option for me was to take up a teaching job.

I continued preparing for the IAS and made my first attempt in 1950. I got through the written part, but failed to make it through the interview. Not being the gregarious type, I was possibly unable to impress the interviewers, who were perhaps looking for oratory and communication skills as well. Rather than being put off by failure, my determination became stronger and I made extensive preparations for yet another attempt. I took part in mock debates and discussions to improve my oratory and interview preparedness. Then, suddenly in 1952, my father passed away, most unexpectedly, due to heart failure.

**Concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



May Princess Ball, Jaipur.



With his wife.

> Walking down Anarkali *Baazar*, one ends up at the Mall Road. Open broad streets, boulevard style, ornamented brick and sandstone buildings, replete with colonial style architecture announcing the modern face of Lahore as a world city.



Last Diwali before passing away.

## #UNDAUNTED BY STRIFE




At his daughter (Charu's) wedding.

> Some said that the most beautiful women were from Lahore. Of course, I disagreed. They could never compete with our *Kashmiri* beauties. The glowing complexion, hazel eyes, sharp intellect, irresistible smile and the ability to hold their own in a man's world. A perfect combination of beauty and brains, any prince would be mesmerised by a *Kashmiri beauty.*

### SAVE THE DATE


RASHTRADOOT CORDIALLY INVITES YOU TO AN INTERACTIVE TALK SESSION ABOUT THE LIFE AND TIMES OF M.M.K. WALI WITH THE AUTHORS AJAY SINGHA AND CHARU WALI KHANNA AT RASHTRADOOT.

**SUDHARMA**
CHAMELI WALA MARKET
MI ROAD
OPPOSITE GPO
ON: **24.11.2024** AT: **05:00 PM**




His wife, Sudha, learning driving.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# रहवासी मकान से दो करोड़ का मादक पदार्थ बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी पढ़ाई के उद्देश्य से मकान में किराएदार के रूप में रहकर तस्करी कर रहे थे

**बाड़मेर, (निसं)।** जिला स्पेशल टीम व कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रहवासी मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी पढ़ाई के उद्देश्य से मकान में किराएदार के रूप में रहकर तस्करी कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मामले में मकान मालिक सहित पांच अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर पुलिस द्वारा विशेष ऑपरेशन भोकाल चलाया जा रहा है, जिसके तहत शनिवार को मूखबिर की सूचना पर जिला पुलिस स्पेशल टीम और कोतवाली थाने पुलिस की टीम ने शहर के शास्त्री नगर स्थित हेमराज सोनी के मकान में दबिश दी। पुलिस ने मकान में किराएदार के रूप में रह रहे आरोपी मनोहर लाल पुत्र सुजानाराम विश्नोई निवासी सोमरडी, सेडवा और भरतसिंह पुत्र विरधसिंह राजपूत निवासी धांधलों की ढाणी, बाखासर को दस्तयाब कर मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस



पुलिस ने रहवासी मकान में अवैध मादक पदार्थ बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- तलाशी के दौरान पुलिस ने 987 ग्राम एमडी व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया
- मामले में मकान मालिक सहित पांच अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है

ने 987 ग्राम एमडी व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत 2 करोड रुपए आंकी गई है। इसके साथ की पुलिस ने मकान से मादक पदार्थों के माप तौल के लिए प्रयुक्त किए जाना वाला इलेक्ट्रॉनिक कांटा, प्लास्टिक की थैलियां व पाउच, नकद 7100 रुपए, तीन बंद मोबाइल, दुपहिया व चार पहिया वाहनों की अलग-अलग 11 नंबर प्लेटें, दो वाहनों की आरसी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी पढ़ाई के उद्देश्य से मकान किराए पर लेकर रह रहे थे और यहां से तस्करी में लिप्त होकर छोटी छोटी मात्रा में माल आगे सप्लाई कर रहे थे। मकान में किराएदार के रूप में साथ रह रहे अशोक पुत्र रामकिशन विश्नोई व पीराराम पुत्र रामकिशन विश्नोई निवासी मानकी जो मादक पदार्थ की सप्लाई करते थे, की तलाश की जा रही है। मकान मालिक हेमराज सोनी की भूमिका पर भी गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मादक पदार्थ की सप्लाई दो मुख्य तस्कर दिनेश पुत्र बाबूलाल विश्नोई निवासी रोहिला पूर्व थाना धोरीमन्ना व भोमाराम निवासी चितरड़ी, बाखासर द्वारा दी जाती थी। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों की तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही दस्तयाब कर लिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि मादक पदार्थ सप्लायर दिनेश कुमार के विरुद्ध मादक पदार्थ तस्करी व मारपीट के तीन मुकदमे पूर्व में कोतवाली जैसलमेर, झाब सांचौर व धोरीमन्ना में दर्ज है। आरोपी झाब मामले में दस हजार का इनामी है जिसे सांचौर पुलिस द्वारा दस्तयाब किया जा चुका है। पुलिस इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर मामले में शरीक अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। कार्रवाई को अंजाम देनी वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# एनजीटी के आदेश पर गठित समिति ने गांधीसागर को प्रदूषित माना

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोनल बैंच, भोपाल में भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू द्वारा दायर जनहित याचिका सं. 220/2024 में पारित आदेश की पालना में गठित समिति ने गांधीसागर तालाब को प्रदूषित माना। अपनी रिपोर्ट में गांधीसागर झील के पानी की गुणवत्ता खराब होने, झील में खरपतवार उगने, झील की सफाई समय पर नहीं होने, 4 में से 3 फ्लोटिंग फव्वारे काम नहीं करने, अनट्रीटेड वाटर सीधे झील में जाने, प्रदूषित नाले सीधे झील में जाने, झील में अतिक्रमण होने, गंदगी झील की सतह पर तैरने, समूचे गांधीसागर तालाब में पॉलिथिन-डिस्पोजेबल व गंदगी होने, आसपास के क्षेत्रों में सड़ांध फैलने संबंधी तथ्यों को उजागर किया है।

- जल की गुणवत्ता खराब होने, खरपतवार होने, फव्वारे काम नहीं करने, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता से कम होने, अतिक्रमण होने संबंधी तथ्यों को उजागर किया

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जिला कलेक्टर भीलवाड़ा एवं सदस्य सचिव, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के एक-एक सदस्य की संयुक्त कमेटी गठित कर गांधीसागर तालाब की वस्तुस्थिति प्रस्तुत करने के आदेश दिये थे, जिस पर जिला कलेक्टर नमित मेहता द्वारा एसडीएम दिव्यराज सिंह चुण्डावत को एवं प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा रीजनल ऑफिसर दीपक धनेतवाल को सदस्य नामित किया था। कमेटी द्वारा 4 नवम्बर को जनहित याचिका के प्रार्थी बाबूलाल जाजू, नगर परिषद एक्सईएन पवन नुवाल एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ गांधीसागर तालाब का अवलोकन किया था। जिसमें तालाब पूर्ण रूप से प्रदूषित एवं अतिक्रमणयुक्त पाया गया था। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जयपुर की टीम ने 21 अक्टूबर को गांधीसागर तालाब के पानी के सैम्पल लेकर इसकी फोरेंसिक जांच की थी, जिसके विश्लेषण अनुसार तालाब के पानी की गुणवत्ता अत्यधिक खराब पाई गई थी।

याचिकाकर्ता बाबूलाल जाजू ने नगर निगम मेयर राकेश पाठक, आयुक्त हेमाराम चौधरी, जिला कलेक्टर नमित मेहता, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए समूचे गांधीसागर तालाब में गिरने वाले मल-मूत्र वाले गंदे पानी के नालों को बंद करके तालाब को खाली करके पूर्णतया सफाई करने एवं इसके पश्चात् इसमें साफ उपचारित पानी छोड़ने की व्यवस्था करते हुए तालाब का प्राकृतिक सौन्दर्यीकरण कर बीच में बने टापू को विकसित कर नौका विहार शुरू कर पर्यटन स्थल के रूप में शहरवासियों को सौगात देने का सुझाव दिया। जाजू ने कहा कि तालाब में स्वच्छ जल होने पर पूर्व की भांति पुनः देशी-विदेशी पक्षियों का तालाब पर बसेरा बनेगा।

## जेईई-मेन 2025 : 13.95 लाख रजिस्ट्रेशन हुए

**कोटा, (निसं)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 में अब तक के सर्वाधिक करीब 16 लाख से अधिक विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन करवाने की उम्मीद है। हाल ही में जेईई-मेन जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया 22 नवम्बर को समाप्त हुई है। इसमें 13.95 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। परीक्षा 22 से 31 जनवरी के प्रत्येक दिन दो पारियों में संपन्न होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि गत वर्ष पहले सेशन के लिए 12 लाख 21 हजार 764 ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इस वर्ष 22 नवम्बर को रात 9 बजे तक करीब 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जनवरी में होने वाली इस परीक्षा के बाद अप्रैल जेईई-मेन के लिए पुनः आवेदन होंगे। हर वर्ष का ट्रेंड देखें तो करीब 2 से 2.50 लाख स्टूडेंट्स ऐसे होते हैं जो कि यूनीक कैंडिडेट के रूप में अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन करते हैं। यदि इस वर्ष भी इतने ही स्टूडेंट्स आवेदन करते हैं तो इस वर्ष जेईई-मेन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 16 लाख हो सकती है।

# किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य का शव मिला

## परिजनों ने तीन दिन पहले लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी

**डूंगरपुर, (निसं)।** किशोर न्याय बोर्ड डूंगरपुर के पूर्व मेंबर राजू खटीक का शव शनिवार को गुजरात के शामलाजी डेम के पास मिला है। वे तीन दिन पहले डूंगरपुर शहर से अचानक गायब हो गए थे। इसके बाद परिवार के लोगों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। बॉडी मिलने के बाद परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है।

- राजू खटीक का शव गुजरात के शामलाजी में मेंशो डेम के दीवार के पास ही संदिग्ध अवस्था में मिला, हत्या की आशंका जताई

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि 20 नवंबर को शहर के विजयगंज कॉलोनी निवासी राजू खटीक के गुमशुदगी को लेकर रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया था कि राजू घर से निकलकर कहीं गए थे, लेकिन वह वापस नहीं आए। परिवार के लोगों ने भी उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

इस पर पुलिस ने छानबीन की तो सीसीटीवी फुटेज से पता लगा कि राजू टेंपो में बैठकर अस्पताल मोड़ तक पहुंचा था। इसके बाद ईको कार में बैठकर वह गुजरात की तरफ गया है। पुलिस उसकी तलाश करते हुए हिम्मतनगर तक पहुंची, लेकिन फिर भी कोई पता नहीं लगा। वहीं, शनिवार को राजू खटीक का शव गुजरात के शामलाजी में मेंशो डेम के दीवार के पास ही संदिग्ध अवस्था में मिला। शामलाजी पुलिस ने परिजनों का पता लगाते हुए घटना के बारे में बताया, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने राजू की हत्या का आशंका जताई। राजू खटीक डूंगरपुर किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व में सदस्य भी रह चुके थे। वहीं, शहर में अपने भाइयों के साथ मिलकर बालाजी मिल्क प्रोडक्ट का व्यापार करते थे।

## जिला कारागृह की सघन तलाशी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस प्रशासन ने शनिवार को जिला कारागृह की सघन तलाशी ली। जिला कारागृह अधीक्षक ने बताया कि इस दौरान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा देवठिया के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, मनीष आईपीएस सीओ सिटी, प्रशिक्षु आई.पी.एस. शिवा शर्मा, पुलिस थाना भीमगंज से सुरजीत, पुलिस थाना कोतवाली से भंवरलाल, सीओ सदर भीलवाड़ा श्यामसुन्दर, पुलिस थाना प्रतापनगर से गजेन्द्र सिंह, पुलिस थाना सुभाषनगर से शिवराज एवं स्वीटी स्टेला व उप कारापाल हीरालाल की मौजूदगी व निर्देशन में पुलिस जाब्ता द्वारा कारागृह की सघन तलाशी ली गई।

# आनंदपाल के भाई रूपेंद्रपाल को हाईकोर्ट से राहत मिली

**जोधपुर, (कासं)।** गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के भाई रूपेंद्रपाल सिंह उर्फ विक्की को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने रूपेंद्रपाल सिंह उर्फ विक्की को पुलिस थानाधिकारी पर फायरिंग के मामले में जमानत दी है। हाईकोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और 25-25 हजार रुपए की दो जमानतों पर रुपेंद्रपाल सिंह को रिहा करने के आदेश दिए हैं।

रूपेंद्रपाल को 2016 में डीडवाना जिले के जसवंतगढ़ थाने में दर्ज मामले में जमानत दी गई। इस मामले में आरोप है कि आनंदपाल सिंह और उसके साथियों ने सांवराद गांव में जसवंतगढ़ थाना अधिकारी लादू सिंह पर फायरिंग की थी। इसमें वे घायल हो गए थे। इस मामले में आनंदपाल सिंह के भाई रूपेंद्रपाल सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। आनंदपाल की मौत पर भी रूपेंद्रपाल को जमानत नहीं मिली थी। रुपेंद्रपाल सिंह जेल से बाहर आएगा या नहीं? इस पर अभी संशय है। उस पर अनेक गंभीर अपराधों के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पुलिस उसे जमानत मिलते ही अन्य मामलों में वापस गिरफ्तार कर लेगी। इससे उसका जेल से बाहर आना मुश्किल नजर आ रहा है।

इस मामले में रुपेंद्रपाल सिंह पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में रूपेंद्रपाल सिंह पिछले सात साल से जेल में बंद था। इस मामले को लेकर डीडवाना कोर्ट में कई बार जमानत की अपील लगाई गई, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दी। उसके बाद रूपेंद्रपाल सिंह ने हाईकोर्ट में अपील की। इसके तहत जस्टिस कुलदीप माथुर ने रूपेंद्रपाल सिंह की जमानत याचिका को मंजूर कर आदेश जारी कर दिए। हाईकोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और 25-25 हजार रुपए की दो जमानतों पर रूपेंद्र पाल सिंह को रिहा करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में रूपेंद्र पाल की ओर से एडवोकेट चेतनसिंह मामरोली ने पैरवी की।

# रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** रेलवे में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर तीन लाख रुपए हड़पने के आरोप के दर्ज मामले में सिद्धमुख थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि मामले में आरोपी जोगेंद्र सिंह जाट निवासी भटोड पुलिस थाना सिद्धमुख तथा कैलाश कुमार जाट निवासी वार्ड नंबर पांच बुंगी पुलिस थाना सिद्धमुख को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।



सिद्धमुख थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- तीन लाख रुपए हड़पने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था

थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि सात सितंबर को गांव भटोड निवासी कर्मवीर ने मामला दर्ज करवाकर बताया था कि गांव के ही शीशपाल तथा जोगेंद्र सिंह, कैलाश कुमार निवासी बुंगी पुलिस थाना सिद्धमुख ने उसे रेलवे में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर तीन लाख रुपए नगद ले लिए तथा समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने ना ही उसकी नौकरी लगवाई और ना ही उसके पैसे वापस दिए तथा सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी कर उसके रूपये हडप लिए।

थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने टीम में शामिल हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल जयपाल और कांस्टेबल सुरेश कुमार ने लगातार आरोपियों का पीछा करते हुए मामले में उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## ट्रेन में यात्री को हार्टअटैक आया

**कोटा, (निसं)।** गाड़ी सं 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक यात्री (कार्डियक अरेस्ट) हृदयाघात के कारण अचेत हुआ तो कोच में अफरातफरी मच गई सूचना मिलने पर गाड़ी में टिकट जांच कर रहे छपरा के उप मुख्य टिकट निरीक्षकों राजीव कुमार एवं मनमोहन कुमार ने बिना देरी किए यात्री को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया से होश में लाया।

साथ ही छपरा स्वास्थ्य यूनिट के डॉक्टर को तुरंत अटेन्ड करने की सूचना भी दी। सीपीआर देने और कृत्रिम श्वसन देने प्रयासों के बाद यात्री ने अपनी आँखें खोली और बेहतर महसूस करने लगा। अमृपाली एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर पहुंचते ही हेल्थ यूनिट छपरा के डॉक्टर ने अटेन्ड किया। इसके लिए यात्री ने रेलवे कर्मचारियों की सहायता एवं मेडिकल ज्ञान की सराहना की।

# उपभोक्ता आयोग ने बैंक और एक कंपनी पर हर्जाना लगाया

**जोधपुर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता आयोग जोधपुर द्वितीय के अध्यक्ष मलार खान मंगलिया और सदस्य बलवीर खुड़खुड़िया ने दो अधिवक्ताओं की ओर से दायर अलग-अलग परिवाद मंजूर कर राहत दिलाते हुए एक प्रकरण में इंडियन बैंक को प्रार्थी के बचत खाते से अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा 48 हजार निकालने पर राशि मय ब्याज रिफंड करने का आदेश दिया है। वहीं दूसरे मामले में लिभेर एप्लायंसेज इंडिया को निर्देश दिया है कि खराब फ्रिज की कीमत 59 हजार 500 रुपए मय ब्याज लौटाए। दोनों में ही पांच-पांच हजार रुपए हर्जाना भी लगाया है।

सुनील भंडारी ने परिवाद दायर कर कहा कि उनके बचत खाते से चौबीस चौबीस हजार रूपए निकासी का संदेश गत वर्ष 9 जून को इंडियन बैंक से प्राप्त होने पर उन्होंने साइबर पुलिस थाने में रपट दर्ज करवाई और बैंक को भी सूचित कर दिया कि यह राशि किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा निकाली गई है। साइबर थाने के निर्देश पर बैंक ने 48 हजार रुपए होल्ड कर 27 जून को परिवादी के बैंक खाते में जमा कर दी और 30 जून को यह राशि बिना बताए ही कम कर दी।

बैंक की ओर से कहा गया कि राशि निकासी में उनका कोई दोष नहीं है। जिला उपभोक्ता आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि बैंक को जानकारी होने के बावजूद उन्होंने न तो परिवादी को और न ही पुलिस को बताया कि राशि किसके खाते में गई थी सो बैंक की सेवा में कमी और सेवा दोष प्रमाणित है।

दूसरे मामले में विनीत दवे ने परिवाद दायर कर कहा कि उन्होंने 8 जुलाई 2022 को 472 लीटर का 59 हजार 500 रुपए में लिभेर कंपनी का फ्रिज खरीदा, लेकिन वारंटी अवधि में ही फ्रिज खराब होने से दुर्गंध आने लगी और निर्माता कंपनी की ओर से कई बार पार्ट और यहां तक कि कंप्रेशर भी बदला लेकिन फ्रिज ठीक नहीं होने से उन्हें दूसरा फ्रिज खरीदना पड़ा। जिला उपभोक्ता आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि लिभेर एप्लायंसेज इंडिया ने परिवादी को दोष से ग्रसित फ्रिज बेचकर अनुचित व्यापार व्यवहार किया है। दोनों परिवादी की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने बहस की।

# मेडिकोज मानव सेवा को समर्पित रहें : उपराष्ट्रपति

**जोधपुर, (कासं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल सांइस के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपने बीच दीक्षांत समारोह में पाकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समारोह में डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज को मानव सेवा को अपना जीवन समर्पित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार विस्तार होने पर खुशी जाहिर करने के साथ ही पहला सुख निरोगी काया पर फोकस करते हुए सभी के सुखमय जीवन की कामना की।

जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ विशेष विमान से जोधपुर पहुंचे और एम्स जोधपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के लिए एम्स अस्पताल परिसर पहुंचे। वहां पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया और उसके बाद एम्स जोधपुर के डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया। उन्होंने सभी

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एम्स के दीक्षांत समारोह में शिरकत की

मेडिकोज को शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य जगत को जब चुना है तो वे सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे और अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने भारत की चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के आगे से आगे सुधार होने पर खुशी जाहिर की बल्कि उन्होंने अपना पूरा संबोधन मानव सेवा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और समय के साथ चिकित्सा व्यवस्थाओं में हो रहे आमूलचूल परिवर्तन और विकास पर केंद्रित करते हुए कहा कि हमारा देश अब चिकित्सा और स्वास्थ्य के मामले में भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि दुनिया के विभिन्न देशों को कोविड के वक्त वैक्सीनेशन उपलब्ध कराने से लेकर मेडिकल टूरिज्म के मामले में कामयाबी हासिल करते हुए सहयोगी साबित हो रहा है।

## नवजात बच्चे का सिर मिला

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ कस्बे के माता मंडी के पास एक नवजात बच्चे का सिर मिलने से सनसनी सी फैल गई। शनिवार शाम पांच बजे मिली जानकारी में नवजात बच्चे के सिर को श्वानों ने नोच रखा था। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि नवजात बच्चे के सिर को श्वान कहीं से उठाकर माता मंडी के पास ले आए थे। उन्होंने बताया कि मौके पर नरेगा में काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि बच्चों के सिर को कहीं से कुत्ते उठा कर लाए हैं। थाना अधिकारी झाझड़िया ने बताया कि पुलिस ने बच्चे के सिर को अपने कब्जे में ले लिया और राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ की मोर्चरी रूम में रखवाया। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल के नजदीक शिशु मोक्ष भूमि एवं कब्रिस्तान आदि में भी इस बात की जानकारी की जा रही है कि कहीं किसी नवजात बच्चे को दफनाया गया है या नहीं। साथ ही शहर के सभी अस्पतालों में भी पुलिस ने आज कल में नवजात बच्चे के जन्म होने की जानकारी प्राप्त की है।

# बेकाबू मिनी ट्रक ने महिला को कुचला, ग्रामीणों ने जाम लगाया

## हादसे के बाद मिनी ट्रक चालक अपने वाहन को भगाकर ले गया, बाद में पकड़ा गया

**झुंझुनूं, (निसं)।** सदर थाना इलाके के भूरासर का बास गांव के बस स्टैंड पर शनिवार को एक बेकाबू मिनी ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे जाम के कारण झुंझुनूं-मलसीसर रोड पर यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंचे तहसीलदार महेंद्र मूंड, डीएसपी सिटी वीरेंद्र शर्मा तथा सदर सीआई अशोक चौधरी ने समझाइश कर रास्ता खुलवाया।

जानकारी के मुताबिक गांव की बुजुर्ग महिला भगवती देवी पत्नी नंदलाल मांजू अपने पीहर जाकर झुंझुनूं से बस में बैठकर भूरासर का बास गांव पहुंची थी। बस स्टैंड पर बस से उतरते ही झुंझुनूं की तरफ से आ रहे एक मिनी ट्रक ने गलत साइड में



महिला की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगा दिया।

- तहसीलदार, डीएसपी सिटी तथा सदर सीआई ने समझाइश कर रास्ता खुलवाया

अपने मिनी ट्रक को दौड़ाया और भगवती देवी को कुचल दिया। हादसे के बाद मिनी ट्रक चालक अपने वाहन को तेजी गति से भगाकर ले गया। ग्रामीणों ने धनूरी पुलिस को फोन किया। इधर रोड पर जाम लगा दिया। धनूरी पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़कर ट्रक को कब्जे में ले लिया, लेकिन ग्रामीण इस रोड पर ब्रेकर बनवाने, मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, मिनी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने, भगवती देवी के परिवार को सहायता दिलाने तथा परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग को लेकर जाम लगा दिया।

मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि राकेश मांजू के साथ तहसीलदार, सिटी डीएसपी व सीआई की वार्ता हुई, जिसमें सहमति बनने के बाद जाम खोला गया। फिलहाल मृतक महिला का शव राजकीय बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जिसका रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त

### महिला उत्पीड़न कानून की दी जानकारी

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में दहेज प्रथा उन्मूलन अधिनियम 1986 तथा महिला उत्पीड़न निवारण हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. दीपक राज जैन ने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट शिप्रा शर्मा ने दहेज प्रथा उन्मूलन अधिनियम 1986, पोक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न निवारण अधिनियम पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए इससे जुड़े विविध पक्षों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन सुमन धानिया ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सोना अग्रवाल ने छात्राओं को उनके अधिकारों तथा कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए गलत का प्रतिरोध करने के लिए जागरूक किया। रूपा चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ तथा महिला नीति के अंतर्गत महिला कानून जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीति जैन ने बताया कि छात्राओं को महिला कानून की जानकारी देने हेतु विशेषज्ञ शिप्रा शर्मा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, अधिनियम 2005 की धारा एवं 2023 अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिय़ा ने भी बालिकाओं को उनके अधिकार के प्रति सचेत रहने का आ ान किया। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य तथा बालिकाएं उपस्थित रही।

### कार की टक्कर से एक जने की मौत

**निवाई/ गुंसी ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव मूंडिया के समीप शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे सडक़ पार करते समय एक मानसिक रूप से विक्षिप्त जने के एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सदर पुलिस थाना के सहायक पुलिस उप निरीक्षक मुकेश चौधरी व कानि बलवन्त सिंह ने बताया कि एक मानसिक रूप से विक्षिप्त 50 वर्षीय एक व्यक्ति करीब दस बारह वर्षो से गांव मूंडिया के आस-पास घूमता रहता था। वह कभी कभार हाइवे के किनारे स्थित ढाबे पर भी खाना खाने आया करता था। शनिवार की सुबह मूंडिया बाईपास पर स्थित एक ढाबे के सामने वह सडक़ मार्ग पार कर रहा था। इसी दौरान करीब साढ़े आठ बजे टोंक से जयपुर की ओर जा रही एक कार की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना ढाबे के संचालक ने सदर पुलिस थाने दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई की मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि नाकाबंदी करके दुर्घटना करके फरार हुई कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### बाईक सवार दो नकाबपोश छीनकर ले गए मोबाइल

**निवाई।** शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे बाइक पर सवार दो नकाबपोश एक व्यक्ति से मोबाइल छीन कर ले गए। पीड़ित सहायक प्रोग्रामर विनोदकुमार विजय निवासी निवाई ने बताया कि वह शाम को करीब 7 बजे साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान राधा दामोदर सर्किल पर मोबाइल पर फोन आने पर उसने फोन पर बात की। उसने बताया कि बात समाप्त होने के तत्काल बाद एक मोटरसाइकिल में सवार दो नकाबपोश एक झटके में मोबाइल छीनकर जयपुर रोड की तरफ फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसने 10 दिन पूर्व ही मोबाइल खरीदा था। उन्होंने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मोबाइल चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

### पड़ासोली में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

**दूदू।** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्री प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में दूदू उपखंड की ग्राम पंचायत पड़ासोली में रात्रि चौपाल का आयोजन शुक्रवार को किया गया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणजनों ने अतिरिक्त संभागीय आयुक्त को अपनी परिवेदनाएँ व समस्याओं के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया। इस दौरान अति. संभागीय आयुक्त प्रवीण कुमार ने संबंधित विभाग को शिकायत का तत्काल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल में कुल 10 परिवाद प्राप्त हुई। जिनमें से 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# 'भिवाड़ी में 13 हजार 85 करोड़ रुपए के 228 एमओयू प्रस्तावित किए'



भिवाड़ी में आयोजित होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते जिला कलेक्टर किशोर कुमार

■ भिवाड़ी होंडा कंपनी में 24 नवंबर को होने वाले आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर ने की प्रेस वार्ता व आयोजन स्थल का किया निरीक्षण

**भिवाड़ी।** राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट -2024 कार्यक्रम के तहत खैरथल तिजारा जिले के औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी के होंडा कंपनी में 24 नवंबर को आयोजित होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारी का जायजा लेने भिवाड़ी पहुंचे जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर प्रेस से बातचीत की।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने भिवाड़ी रीको गेस्ट हाउस में प्रेस के साथ वार्ता कर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट - 2024 के जिला स्तरीय आयोजन की जानकारी दी और बताया कि 24 नवंबर को भिवाड़ी होंडा कंपनी में होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट में अभी तक जिले में 13 हजार 85 करोड़ रुपए के 228 एमओयू प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी होंडा कंपनी में होने वाले आयोजन के मुख्य अथिति केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव होंगे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा,आई.ए.एस. प्रभारी सचिव इंद्रजीत सिहं, तिजारा विधायक महंत बालक नाथ, किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया, मुंडावर विधायक ललित यादव अतिथि होगें।

जिला कलेक्टर ने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एमओयू किए जा रहे हैं। जिले में किए गए एमओयू में सभी सेक्टर को टच करने का प्रयास किया गया है। जिले में निवेश को बढ़ाने के लिए देसी/विदेशी निवेशकों को प्रेरित करने के लिए प्रयास किए गए हैं। उद्योग कम्पनीयो के साथ अभी तक 228 एमओयु किये गये है। जिनमे 13 हजार 85 करोड़ रूपये का निवेश होगा तथा 48260 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा तथा 20000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।यह प्रक्रिया अभी जारी है लगभग 15000 करोड़ के निवेश संभावित है।

ऑटो मोबाईल इन्जिनियरिगं क्षेत्र में 37 उद्योगो मे 1286 करोड रूपये निवेश तथा 3368 व्यक्तियों को रोजगार एवं आईटी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडस्ट्रियल, पार्क, फर्नीचर, टूरिज्म, वेयरहाउस, प्लास्टिक, रियल स्टेट, रिन्यूएबल एनर्जी, फुटवियर, टेक्सटाइल, पैकेजिंग, केमिकल, स्पोर्ट, ई-वेस्ट आदि प्रमुख क्षेत्र शामिल है। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट-2024 के तहत किए जाने वाले सभी एमओयू को शत प्रतिशत जिले के धरातल पर उतारकर औद्योगिक प्रगति को और अधिक बढ़ाने के प्रयास रहेंगे।

## शहीदों की बदौलत ही हम अपने घरों में सुरक्षित हैं : कसाना

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सांगटेड़ा निवासी शहीद अशोक कुमार जाट की 13 वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को ग्राम सांगटेड़ा में विशाल तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रतन लाल शर्मा ने बताया कि विशाल तिरंगा यात्रा को शहीद वीरांगना कृष्णा देवी, वीरांगना राजबाला, वीरांगना मिथलेश देवी ने भारत माता जिंदाबाद, अशोक कुमार अमर रहे के नारे के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शहीदों की तिरंगा यात्रा व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लेना चाहिये। उल्लेखनीय है कि शहीद अशोक कुमार जाट वर्ष 2011 में 23 नवम्बर को भारतीय सेना में कार्य करते हुये गुजरात के जाम नगर में माल वाहक जहाज की लैंडिंग के दौरान शहीद हो गये थे।

शहीद के पिता सुबेदार रामकिशन ने कहा कि देश सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं है। समाजसेवी रतन लाल शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा सांगटेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुये शहीद अशोक कुमार स्मारक पहुंची। जहाँ विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मुकेश चौधरी, बाबूलाल चौधरी, रामप्रताप चौधरी, इंद्राज कसाना, फूलचंद, हनुमान, रामेश्वर, जगदीश, प्रभुदयाल, कप्तान, अंकित, सतीश, विकास, शेरसिंह, संदीप, मूर्ति देवी, गीता देवी, केसरी, चंद्रकला, कमला समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



बैठक में जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

**बौंली-बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने सवाई माधोपुर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत पचीपलया के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर रात्रि चौपाल की अध्यक्षता करते हुए ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी एवं पेयजल समस्या के निराकरण के उसी वक्त निर्देश जारी कर दिए।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास न मिलने की शिकायत पर वरियता अनुसार पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास सूची प्राथमिकता के आधार पर राजीव गांधी सेवा केंद्र में सदृश्य स्थान पर अंकित करने के ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नए नाम जुड़वाने की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा उन श्रमिक कार्डधारी व्यक्तियों के ही खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल पर नाम जोड़े जा रहे हैं। सवाई माधोपुर पंचायत समिति विकास अधिकारी डॉक्टर सरोज बैरवा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र व्यक्तियों के सर्वे अनुसार सूची पंचायत भवन पर चश्पा कर दी जावेगी उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 282 पात्र लोगों को लाभ मिल चुका है अन्य लोगों को बजट के बाद लाभ दिया जाएगा। रात्रि चौपाल में पेयजल, विद्युत, नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने सहित राजस्व, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पंचायतीराज,पीएचईडी, रसद, सिंचाई विभाग से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# भाजपा को उपचुनाव व महाराष्ट्र में मिली जीत का आतिशबाजी कर जश्न मनाया



जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते विधायक हंसराज पटेल।

■ विधायक हंसराज पटेल की ओर से हुआ गोधरा काण्ड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का निःशुल्क प्रदर्शन

**कोटपूतली।** वर्ष 2002 में गुजरात के गोधरा में ट्रेन अग्निकाण्ड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का शनिवार को विधायक हंसराज पटेल की और से कस्बा स्थित पटेल हीरा मोती सिनेमा में दोपहर 12 से 03 बजे तक नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया।

विशेष शो के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने विधायक हंसराज पटेल, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह शाहपुरा, भाजपा नेता पंकज पटेल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ फिल्म का विशेष शो देखा। फिल्म में गोधरा काण्ड की कहानी देखकर सभी दर्शक हतप्रभ रह गये। विशेष स्क्रीनिंग के बाद प्रैस से बात करते हुये सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि फिल्म के माध्यम से गोधरा काण्ड की असल सच्चाई देशवासियों के सामने आई है कि किस प्रकार तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने गोधरा काण्ड में देश के वर्तमान प्रधानमंत्री एवं गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेन्द्र मोदी को फंसाने का गंदा षड्यंत्र रचा था। यह सच्चाई अब खुलकर देशवासियों के सामने आई है। इसको जानना देशवासियों के लिये बेहद आवश्यक है। सांसद सिंह ने निर्माता निर्देशक व अभिनेताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सभी को यह फिल्म देखनी चाहिये कि किस प्रकार तत्कालीन केन्द्र सरकार ने गुजरात सरकार को बदनाम करने का खेल रचा एवं मीडिया के लोगों को जोडकर तत्कालीन सीएम मोदी को बदनाम करने का प्रयास किया गया। जनता के बीच में जो भ्रम फैलाये गये वे अब बेनकाब हो रहे है। विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि सच हमेशा सच रहता है। गोधरा काण्ड का असल सच 22 वर्षो बाद देशवासियों के सामने आ रहा है। इससे पूर्व सांसद सिंह के पटेल हीरा मोती सिनेमा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं शनिवार को राजस्थान विधानसभा उपचुनाव समेत महाराष्ट्र में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत पर कार्यकर्ताओं ने सांसद सिंह के साथ आतिशबाजी कर व मिठाईयां बांटकर हर्ष भी व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, भाजपा नेता यादराम जांगल, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, युवा मोर्चा के जिला संयोजक कमल कसाना, नगर मंडल संयोजक अरूण सैनी, मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, एड. उदयसिंह तंवर, अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर, युवा नेता जयसिंह पायला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, सोनू चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मारे गये थे 59 हिन्दू तीर्थ यात्री, जानियें क्या है द साबरमती रिपोर्ट की कहानी - लगभग 22 वर्ष बाद गोधरा काण्ड की कहानी को जनता के सामने लाया गया है। वर्ष 2002 में 27 फरवरी की सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रैस की एस 6 बोगी को आग के हवाले कर दिया गया था। जिसमें अयोध्या से लौट रहे 59 हिन्दू तीर्थ यात्री व कार सेवक मारे गये थे। इस घटना में मारे गये 59 हिन्दू कार सेवकों में 27 महिलायें व 10 बच्चे भी शामिल थे। जिसके बाद पुरे गुजरात में आजाद भारत का सबसे भयावह दंगा भडक गया था। पीएम मोदी उस वक्त गुजरात के सीएम थे। 27 फरवरी 2002 की सुबह करीब 07.45 बजे मुजफ्फरनगर से निकली साबरमती एक्सप्रैस करीब चार घण्टे देरी से गोधरा पहुंचने वाली थी। जिसमें अयोध्या से सवार हुये 2 हजार कार सेवक शामिल थे। जो कि विश्व हिन्दू परिषद के बुलावे पर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आयोजित हुये पूर्णाहुति महायज्ञ में भाग लेकर लौट रहे थे।

# दो आरोपी गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया



स्वजल धारा योजना के कुएं से चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ आरोपियों द्वारा वारदात के काम में ली गई मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है

**सांभरझील, (निसं)।** स्वजल धारा योजना के कुएं से मोटर, केबिल, रस्सा चोरी करने वाले दो आरोपियों को 24 घण्टे के अन्दर ही गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए माल को भी बरामद कर लिया। आरोपियों द्वारा वारदात के काम में ली गई मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। थाना रेनवाल मांझी अंतर्गत ग्राम मानपुर गेट से सजल धारा योजना के कुएं से मोटर, केबल, रस्सा व एचडीपीई पाइप की चोरी हो जाने पर मामला दर्ज हुआ था।

आनन्द शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से चोरों की गिरफ्तारी व माल बरामद करने बाबत अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए गए थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पुनियां व वृत्ताधिकारी माधोराजपुरा रामधन जाट के सुपरवीजन तथा थानाधिकारी रेनवाल मांजी रामपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा 24 घण्टे के अन्दर ही चोरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। प्रकरण में अभियुक्तों की निशादेही से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी अशोक पुत्र मांगीलाल जाति बैरवा उम्र 28 साल निवासी नयागांव उर्फ श्रीरामगंज थाना फागी जिला दूदू व जीतराम पुत्र रामस्वरूप जाति गुर्जर उम्र 26 साल निवासी जगन्नाथपुरा थाना फागी जिला दूदू के रहने वाले हैं।

## सार-समाचार

### कार्यशाला का आयोजन

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नई किरण नशा मुक्त भारत अभियान के तहत " नशा मुक्ति जागरूकता व दुष्प्रभाव " विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य व अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। अभियान संयोजक प्रो. एच.आर. धनेटिया ने कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय व रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्धेश्य युवा पीढ़ी को तम्बाकू व अन्य प्रकार के नशे से दूर रखकर नशा मुक्त स्वस्थ मानव समाज का निर्माण करना है। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई एवं सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं नशा मुक्त समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। प्रथम सत्र में विशिष्ठ अतिथि डॉ. नीलम बुनकर ने नशे के शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। स्वयंसेविका भारती यादव ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने नशे से दूर रहने की रणनीति पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा नशा खोरी से सम्बन्धित कानूनी पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि लगभग 75 प्रतिशत अपराधों का कारण नशाखोरी है। इसलिये युवा पीढ़ी स्वयं यह प्रण करें कि हम खुद नशे से दूर रहेगें एवं कम से कम दो लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करेगें। स्वयंसेविका करीना गुर्जर ने स्लोगन प्रस्तुत कियें। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.मधु नागर ने अपने आसपास के उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए नशे से उत्पन्न सामाजिक आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में विशिष्ठ अतिथि थानाधिकारी राजेश शर्मा ने नशे से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, अधिनियमों, सोशियल मीडिया के दुरूपयोग आदि के बारे में जानकारी दी। संचालन प्रो. संदीप कुमार आर्य ने किया। स्वयंसेविका काजल गुप्ता ने प्राचार्य, अतिथियों व उपस्थित समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

**शाहपुरा ।** राजस्थान में 7 सीटों पर हुए उप चुनाव का शनिवार को परिणाम आने पर सात सीटों में से पांच सीट भाजपा के जीतने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में जश्न मनाया। जानकारी देते हुए भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर के मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी एवं भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बीएस बेनीवाल ने बताया कि राजस्थान में 7 सीटों पर आए उप चुनाव के परिणाम में 5 सीट भाजपा के पक्ष में आने से भाजपायों में हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर भाजपा मंडल मनोहरपुर अध्यक्ष राम प्रकाश नाई, शाहपुरा शहर के मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, शाहपुरा देहात मंडल अध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर, अमरसर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत एवं खेजरोली के मंडल अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। वही जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने भाजपा की जीत पर सांसद राव राजेंद्र सिंह को भी बधाई दी। सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि 7 सीटों पर हुए चुनाव में केवल सलूम्बर की सीट ही भाजपा की थी। इसके अलावा बाकी चार सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज करके कांग्रेस का सफाया किया है। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार जन कल्याणकारी नीतियों से जनता में अपनी अमिट छाप बनाए हुए है। इस मौके पर बीएसएनएल सलाहकार समिति सदस्य संतोष माधानी, मनोहरपुर मंडल के संयोजक जमील खान, मंडल महामंत्री प्रहलाद गुर्जर, पूर्व जिला पार्षद पूरणमल बेनीवाल, मनोहरपुर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता श्याम सुंदर प्रजापत सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाइयां दी।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य धर्मेंद्र कुमावत पुत्र श्री दिलीप कुमार कुमावत ने श्री निहालचन्द जी कासलीवाल की एक क्रयशुदा सम्पत्ति प्लॉट संख्या जे-46, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर जिसकी नाप पूर्व से पश्चिम 100 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 60 फीट है जिसका कुल क्षेत्रफल 666.66 वर्गगज है अर्थात 557.39 वर्गमीटर है को क्रय करने का करार किया है। उपरोक्त भूखण्ड के स्वामित्व बाबत किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/ संस्था आदि को कोई उजरो एतराज हो तो मय सबूत अपनी लिखित आपत्ति अन्दर मियाद सात दिवस मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजात सम्पर्क करें। विक्रय विलेख निष्पादन के उपरान्त ऐसी कोई आपत्ति क्रेता के विरुद्ध निष्प्रभावी एवं शून्य मानी जावेगी। सूचित रहें।

एस.एम. नासिर एण्ड एसोसिएट्स 35/263, प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर। 9351228777, 9887430786

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अब्दुल रज्जाक से बदलकर अब्दुल रज्जाक फारूकी पुत्र करीम बक्श फारूकी निवासी-1345-46 मुस्लिम मुसाफिर खाने के सामने मोती डूंगरी रोड जवाहर नगर जयपुर राजस्थान-302004

**आम सूचना** हर खासो आम सूचित हो कि मेरे अभिभाष्य गिर्राज शर्मा पुत्र मांगीलाल शर्मा निवासी तालेडा लालसोट हाल निवासी प्लाट नम्बर 31/412 सेक्टर-3, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का पुत्र दीपक शर्मा व पुत्र वधु मिनाक्षी शर्मा उर्फ मीनू कहने में नहीं है तथा आहूत हो गये है कोई व्यक्ति इनसे लेन देन करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र दीपक शर्मा व पुत्र वधु मिनाक्षी शर्मा उर्फ मीनू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब दीपक शर्मा व उसकी पत्नी मिनाक्षी शर्मा उर्फ मीनू का मेरे अभिभाष्य व उसकी चल व अचल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है।

(राजेन्द्र सिंह) एडवोकेट, मो. 9024702604


**खोया पाया**

मेरा राजस्थान फार्मेसी कौंसिल का बी.फार्मा सर्टिफिकेट रजिस्ट्रेशन नं. 58818 कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। मोहम्मद अफसार खान पुत्र हाजी मोहम्मद इकबाल खान। 9001236753

मेरी BCA की सभी मार्कशीट (1st to 6th SEM.) जो कि डॉ. के.एन. मोदी युनिवर्सिटी से जारी हुई थी। कही खो गई है। मिलने पर सूचित करें। आगम जैन पुत्र शिखर चन्द जैन कृष्णा कॉलोनी, निवाई (टोंक-राज.) मो. 9001229994

मेरा मकान नं.263/320, प्रताप नगर, जयपुर का मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। देवेन्द्र कुमार गुप्ता, मो-9887266432

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा, पंचायत समिति कूकरा-मॉकरा ( धौलपुर )**

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/Spl-01 दिनांक: 22.11.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपी लैड) योजनान्तर्गत स्वीकृत 10 हैण्डपम्प स्थापना अनुमानित लागत 6.00 लाख के लिये पीएचईडी विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 29.11.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425WSRC00523 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा

**कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर**

फोन नम्बर :- 05644-225671

(E-mail-dao.bha.ayu@rajasthan.gov.in)

क्रमांक:लेखा/निविदा/2024-25/4253-58 दिनांक: 19.11.2024

**खुली निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत के तहत राजकीय यूनानी चिकित्सालय जनाना परिसर-भरतपुर में निम्नलिखित सर्जिकल अपार्टस की खरीद बाबत खुली निविदा (मोहर बन्द) राजस्थान लोकउपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के नियम 15 के अनुसार निर्माता/होलसेल/फर्मो/अधिकृत विक्रेताओं से निम्नानुसार खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. सं. | विवरण | अनुानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा विक्रय दिनांक एवं समय | निविदा प्राप्ति की तिथि व समय | निविदा खोलने तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्जीकल अपार्ट्स रेजिमेंटलए | 498000 | 10000 | 200 | 19.11.2024 से 25.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक | 25.11.2024 दोपहर 02:00 बजे तक | 26.11.2024 सांय 4:00 बजे |
| 2 | हिजाता थेरेपीए | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |

शर्तें:- 1.बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
2. निविदा निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत की जावेगी।
3. विस्तृत शर्तें एवं सूचनाएं (http://sppp.raj.nic.in) पर देखी जा सकती है।

NIB code :- AYU2425A0191 and UBN is: AYU2425GSRC00192

( डॉ. इन्दू शर्मा ) उपनिदेशक

## संक्षिप्त

### युवक की कीटनाशक पदार्थ पीने से मौत

**टोंक।** मेहन्दवास थाना क्षेत्र के अमीरपुर खेड़ा गांव में शुक्रवार को भूलवश कीटनाशक पदार्थ पीने से युवक की अचेत हो गया, जिसे परिजन शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर मेहंदवास थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृतक का सआदत अस्पताल टोंक में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी रामजीलाल ने बताया कि मृतक राजेंद्र शर्मा उम्र 46 साल जिसने भूलवश शीशी में भरी सरसों में छिड़काव के लिए लाई गई कीटनाशक पी गया। परिजनों ने बताया कि मृतक राजेंद्र के तीन पुत्रियां है।

### शिविर में 241 मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा, पावटा में निम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डॉ. पंकज सिंह फाउण्डेशन द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता सुबेसिंह तंवर की जुड़वा पुत्रियों दीपांशी (रिद्धि) व दिव्यांशी (सिद्धि) के प्रथम जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर प्रभारी विष्णु कुमावत, नीरज जाटावत, नासिर अंसारी, डॉ. राकेश रहीसा, डॉ. रूही सैयद, डॉ. पुनीत लम्बोरिया, डॉ. सौम्या शर्मा एवं नर्सिंग स्टॉफ ने अपनी सेवायें दी। शिविर में 241 मरीज लाभान्वित हुये। वहीं 20 मरीजों को रैफर किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना, पवन सिंह पवाना, दिनेश सिंह पुरुषोतमपुरा, मनोज यादव, श्याम सिंह, राकेश सिंह, गोविंद सिंह गुलाबगढ़, संजय स्वामी, प्रदीप टांक, हनुमान गुर्जर व राजू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चैम्बर के लिये दो दिसम्बर तक करें आवेदन

**कोटपूतली।** स्थानीय अभिभाषक संघ द्वारा अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर्स आवंटन प्रक्रिया की घोषणा की गई है। अधिवक्ता 22 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक अपने आवेदन 2022, 2023 और 2024 के प्रत्येक वर्ष के 10-10 वकालतनामा, कुल 30 वकालतनामा के साथ जमा करा सकते हैं। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने बताया कि विधायक कोष से न्यायालय परिसर में टीनशैड और इन्टरलॉक टाईल्स लगाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जायेगा। अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया है कि निर्माण कार्य में सहयोग देते हुये परिसर में पहले से मौजूद अपने निजी सामान जैसे कुर्सियां, टेबल, पुराने टीनशेड और पंखे आदि हटा दें ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जा सकें।

### अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर - ट्रॉली जब्त

**निवाई।** दतवास थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव कायम नगर बासडी से एक ट्रैक्टर- ट्रॉली को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर- ट्रॉली को जब्त करके पुलिस थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है।
जांगिड़ समाज की बैठक आज
निवाई- भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की तहसील सभा एवं विकास समिति की बैठक तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित होगी तहसील महामंत्री राम विलास चैनपुरा व मनीष बहकवा ने बताया कि में छात्रावास निर्माण मंदिर के शिखर निर्माण व दुकानों को किराए पर देने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### सड़क पर अवैध बजरी के ढ़ेर से राहगीर परेशान

**टोंक।** पीपलू उपखंड क्षेत्र किशनपुरा नहर से जवाली के बीच मुख्य सड़क पर अवैध बजरी के ढेर पड़े हैं। जिनसे आवागमन में आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार राहगीर बजरी के अवैध ढेर के चलते दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, विगत सप्ताह में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। पासरोटिया सरपंच शंकर लाल सैनी ने उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखकर मुख्य सड़क पर पड़े अवैध बजरी के ढेरों को हटाने की मांग की है।

# देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर विधायक बने

**देवली।** देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने भाजपा को जीत दिलाई । यहां देखने वाली बात तो यह है कि शनिवार की सुबह मतगणना के प्रारंभ होने पर जो स्थिति भाजपा के पक्ष में बनी हुई थी परिणाम भी उसी के स्वरूप सामने आए।

विधानसभा के उपचुनाव परिणाम में शनिवार की सुबह से ही भाजपा मतगणना में आगे चल रही थी तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा दूसरे स्थान पर बने हुए थे तो वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी कस्तूरचंद मीणा तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाए यहां ऐसे में यहां भाजपा के राजेंद्र गुर्जर और निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र मीणा के बीच प्रथम और द्वितीय का स्थान बरकरार बना रहा । जो परिणाम अंत तक वैसा का वैसा ही सामने आया जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने बताया कि विधानसभा



देवली-उनियारा के रिटर्निंग अधिकारी शत्रुघन गुर्जर द्वारा विजयी प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को प्रमाण-पत्र देखकर विधायक घोषित किया गया।

क्षेत्र देवली-उनियारा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 41 हजार 121 मतों से पराजित किया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को एक लाख 599 वोट मिले। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी नरेश

> ■ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर ने निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 41 हजार 121 मतों से पराजित किया है

मीणा को 59 हजार 478 वोट मिले। इनके अतिरिक्त इंडियन नेशनल कांग्रेस के कस्तूर चंद मीना को 31 हजार 385 मत ही प्राप्त हुए हैं यहां कांग्रेस मतदान गणना के प्रारंभ से ही तीसरे स्थान पर टिकी रही,। परिणाम आने के बाद विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के रिटर्निंग अधिकारी शत्रुघन गुर्जर द्वारा विजयी प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को प्रमाण-पत्र देखकर विधायक घोषित किया गया।

## नकदी व सोने चांदी के आभूषण चुराए

**निवाई।** गांव ललवाडी में दो घरों व श्रीरामपुरा में एक घर में शुक्रवार की रात अज्ञात चोर करीब एक लाख से अधिक की नकदी व करीब 12 लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण चुराकर ले गए। इस बाबत पीडितों ने दतवास पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

शुक्रवार की रात अज्ञात चोर उसके मकान के गेट के ताले को काटकर अन्द घुस गए और कमरे का ताला तोडक़र बक्से में रखे 60 हजार रूपए की नकदी, सोने की राखडी, कानों के टॉप्स, सोन की नथ, दो जोड़ी चांदी की पायजेब, चुटकियां व अंगुठियां सहित अन्य सामान चुराकर ले गए। इसी प्रकार धीरजसिंह राजावत के मकान के ऊपर के कमरे से लोहे की जाली को काटकर 5 हजार रूपए की नकदी, सोने की बाली, नाक की बाली, 10 चांदी के सिक्के व चिटकियां चुराकर ले गए। उसी रात को चोर गांव श्रीरामपुरा में सुगन चन्द जैन के मकान का ताला काटकर आलमारी तोडक़र उसमें रखे 40 हजार रूपए नकद, मंगल सूत्र, चांदी की पायजेब सोने की अंगुठी, चांदी की अंगुठी सहित कई सामान चुराकर ले गए।

## पीएम श्री में हुआ मेंटर मेंटी गतिविधि कार्यक्रम

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में मेंटर मेंटी का आयोजन किया गया। प्राचार्या देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि विभागीय आदेशानुसार बालिकाओं के उपयोग हेतु मेंटर मेंटी गतिविधि आयोजन किया गया। प्रभारी और संदर्भ व्यक्ति सुमन महावर ने बताया कि इन गतिविधियों में बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा, जेंडर समता को प्रोत्साहन, कैरियर गाइडेंस, विद्यार्थियों में आत्म विश्वाश का विकास, सुरक्षा एवं जागरूकता, प्रेरणा दायक संस्मरण, कहानी, अनुभव, संवेदनाएं सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिससे बालिकाओं में आत्मबल एवं सुरक्षा की भावना विकसित होगी। प्राचार्य चौधरी ने बताया कि सभी बालिकाओं ने पूरी लगन व उत्साह से गतिविधि में भाग लिया। गतिविधियों से बालिकाएं निडर बनकर एक सभ्य समाज का निर्माण करेगी।

# जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना की

**फुलेरा ।** रेल प्रशासन द्वारा दैनिक एवं आम रेल यात्रियों की सुविधा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए 23 नवम्बर से फुलेरा जंक्शन पर अजमेर अमृतसर ट्रेन का पुन: वाणिज्य ठहराव शुरू किया गया। जिसको फुलेरा जंक्शन पर सायं जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

हालांकि इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न संगठनों के द्वारा बार बार लिखित में ज्ञापन सौंपकर कोरोना काल में फुलेरा जंक्शन पर बन्द किये गये विभिन्न ट्रेनों के ठहराव को पुन: चालू करने का आग्रह किया गया।

जानकारी के अनुसार वैश्विक महामारी कोरोना काल के समय रेल प्रशासन ने फुलेरा रेलवे स्टेशन पर करीब दो दर्जन से अधिक रेल गाड़ीयों का वाणिज्यक ठहराव बन्द कर दिया था। इन गाड़ीयों का ठहराव बन्द कर



जयपुर ग्रामीण सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए

देने से यहां से अपनी रोजी-रोटी के लिये जयपुर की यात्रा करने वाले दैनिक रेल यात्रियों सहित स्थानीय तहसील के विभिन्न धार्मिक स्थलों जिनमें मुख्यत: सांभरलेक स्थित पवित्र देवयानी सरोवर व माँ शाकम्भरी का प्राचीन मन्दिर, आसलपुर जोबनेर स्थित ज्वाला मैया का मन्दिर, तीर्थो, दादू सम्प्रदाय के दादू पालका नरैना, हिरनोदा के निकट स्थित धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस असुविधा को देखते हुए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के

> ■ अजमेर अमृतसर ट्रेन का फुलेरा जंक्शन पर पुनः वाणिज्य ठहराव होने पर रेल यात्री संघ एकीकृत ने जताया रेलमंत्री का आभार

अध्यक्ष अशोक वासदेव ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर अजमेर अमृतसर ट्रेन का फुलेरा जंक्शन पर पुन: वाणिज्य ठहराव होने पर सांसद महोदय एवं रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से रेल प्रशासन द्वारा फुलेरा जंक्शन पर बन्द किये गये विभिन्न ट्रेनों के ठहराव को पुन: शुरू करवाने के लिए मांग की है।

# गांव बास कृपाल नगर में कैंप लगा कर मरीजों को दिया उपचार

**किशनगढ़ बास।** गांव का आदमी दूसरे शहर में जाकर कितना ही बड़ा नाम और शोहरत हासिल कर ले फिर भी वह अपने गांव को नहीं भूल पाता है उनमें से एक है डॉ नूतन शर्मा जो देश के जाने-माने न्यूरो डॉक्टर में एक है और लगातार वह 17 साल से अपने

> ■ कैंप में 95 न्यूरो व 186 नेत्र व 147 अन्य बीमारियों से पीड़ित रोगी जांच कराने पहुंचे

छोटे से प्राचीन किशनगढ़ बास के गांव बास कृपाल नगर में आकर मरीजों के लिए कैंप लगा रहे हैं।

मुंबई जैसे महानगर में रह रहे न्यूरो के जाने माने डॉक्टर नूतन शर्मा कैंप में न्यूरो के मरीजों को स्वयं देखते हैं और उनकी जांच कर उन्हें निशुल्क दवा देते हैं। इसके साथ कैंप में आंखों सहित अन्य बीमारियों से संबंधित स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम को मरीजों की जांच कर उपचार देने के लिए बुलाया जाता है। यह कैंप डॉक्टर नूतन शर्मा के सुपरविजन में दो दिन तक गांव में लगाया जाता है। दो दिनों तक लगने वाले इस कैंप में आसपास गांव से हजारों की तादाद में मरीज़ उपचार लेने



किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में कैंप लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते न्यूरो सर्जन डॉ नूतन शर्मा।

के लिए आते हैं। जिसमें अधिक मरीज न्यूरो बीमारी से संबंधित पहुंचते हैं। न्यूरो से संबंधित इलाज के लिए आने वाले मरीज को डॉ नूतन शर्मा खुद देखते हैं और उनकी हर बात को गंभीरता से सुनते हैं फिर उन्हें रोग से संबंधित निशुल्क दवा देकर भेजते हैं।

डॉ नूतन शर्मा बॉम्बे हॉस्पिटल के लम्बे समय तक न्यूरो हेड रहे हैं अब मुंबई में ही सैफी हॉस्पिटल के न्यूरो हेड हैं। न्यूरो सर्जरी में डॉ नूतन शर्मा देशभर में बड़ा नाम है। साल में एक बार डॉ नूतन शर्मा का गांव में आना न्यूरो मरीजों के लिए घर बैठे गंगा के आने के समान है। क्योंकि डॉ नूतन शर्मा गांव में मरीजों की सेवा के लिए आते हैं जो उन्हें इस गांव से आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद के रूप में मिली है। बता दें कि देश नामी चैनलों पर डॉक्टर नूतन शर्मा को बड़े आदर के साथ न्यूरो सर्जरी और चिकित्सा की जानकारी जन मानस को देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। डॉ नूतन शर्मा की पत्नी मुम्बई के बॉम्बे हॉस्पिटल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीता हैं डॉ नीता निश्चेतन जगत की बड़ी हस्ती हैं।यह डॉक्टर दंपति अपने पुरखों की याद ताजा करने के लिए हर साल मुंबई से यहां गांव में आते हैं और कैंप लगाकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

## बस स्टैंड पर न तो छाया-पानी, न ही शौचालय की सुविधा, राहगीर परेशान

**पावटा।** कस्बे के मख्य बस स्टैंड पर ना तो पीने का पानी, ना शौचालय और ना बस के इंतजार के लिए उपयुक्त बैठने की जगह की व्यवस्था है। जिससे मूलभूत सुविधाओ के अभाव में राहगीरों को परेशानी होती है।

कस्बा पावटा जयपुर-दिल्ली एनएच-8 पर स्थित व प्रमुख व्यापारिक नगर होने के कारण यहां गांवों से बडी संया में लोग पहुंचते है मगर असुविधाओं के कारण इधर-उधर भटकते रहते है। कहने को तो पावटा को उपखंड व तहसील का दर्जा प्राप्त हो चुका, लेकिन आज भी कस्बेवासियों को मख्य बस स्टैंड पर अनेक मूलभुत सुविधाओं के लिए जूझना पड रहा है।पावटा कस्बेवासियों व आसपास के गांवों से हाइवे पर जयपुर से दिल्ली व दिल्ली से जयपुर जाने के लिए बसों के इंतजार में खडा रहना पडता है।

महिला एवं बुजुर्गो को बसों के आने का इंतजार करना भारी पडता है। वही पावटा स्टैंड पर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को भटकना पड रहा है। पावटा बस स्टैंड पर आज तक सार्वजनिक शौचालय के नहीं होने से राहगीरों को चाहे वो महिला हो चाहे पुरुष उनको इधर- उधर से दीवार की ओट का सहारा लेकर ही लघुशंका करना पडता है अन्य परेशानी के लिए तो घर पहुंचकर ही सुविधा लेनी

> ■ यात्रियों को बसों के इंतजार में टिन शेड के अभाव में चिलचिलाती धूप व बारिश में भीगते हुए बसों का इंतजार करना पडता है

पडती है। ऐसे में आमजन को बडी शर्म महसूस करनी पडती है।

स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को को पूरा करने के लिए खुले मे शौच व पेशाब करने पर प्रतिबंध लगाते हुए नियमो का का पालन करने पर कार्यवाही के आदेश जारी है। जिसके लिए नगरपालिका द्वारा संबंधित अधिकारियों को 200रुपए वसूलने के आदेश दिये गए है। जिससे व्यापारियों, राहगीरों व ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की कि पहले पालिका द्वारा मूलभूत सुविधाए देने पर गौर करना चाहिये। पावटा को उपखंड व तहसील का पूर्ण दर्जा प्राप्त होने के बावजूद आज तक मुय बस स्टैंड पर धूप व बारिश से बचने के लिए छाया की व्यवस्था नहीं है। इससे यात्रियों को तेज धूप व बारिश में बसों के इंतजार में टिन शेड के अभाव में चिलचिलाती धूप व बारिश में भीगते हुए बसों का इंतजार करना पडता है।

# पुष्कर राज गुरुद्वारा साहिब जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का देवली पहुंचने पर स्वागत

**देवली ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा अगमगढ गुरुद्वारा साहिब से पुष्कर राज गुरुद्वारा साहिब जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का देवली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

शनिवार को स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी के सचिव एवं प्रवक्ता गोविंद सिंह सेठी ने बताया कि यहां गुरु नानक नाम लेवा साध संगत ने नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए जो बोले सो निहाल के जय घोष लगाई और नगर कीर्तन यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी ने नगर कीर्तन यात्रा की अगवाई कर रहे पांच प्यारों को माला पहना कर अभिनंदन किया। तो वहीं यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दर्शन किए। इस दौरान देवली की साथ संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के रथ वहां पर पुष्पों की वर्षा की और नगर कीर्तन यात्रा को शहर मुख्य मार्गो से होते हुए अटल उद्यान लाया गया । इस बीच शहर वासियों ने भी नगर कीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा



कोटा अगमगढ गुरुद्वारा साहिब से पुष्कर राज गुरुद्वारा साहिब जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का देवली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

का भव्य स्वागत किया ।

नगर कीर्तन यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई अटल उद्यान पहुंची जहां सेवादारियों ने यात्रा के प्रबंधक बाबा लखा सिंह सहित सैकड़ो यात्रियों को अटूट लंगर प्रसादी वितरण की। इस मौके पर नगर कीर्तन यात्रा के प्रबंधक बाबा लखा सिंह ने देवली गुरुद्वारा कमेटी एवं सेवादारियों का सम्मान करते हुए उन्हें सरोपा भेद किया । इस

> ■ गुरुद्वारा कमेटी ने नगर कीर्तन यात्रा की अगवाई कर रहे पांच प्यारों को माला पहना कर अभिनंदन किया

मौके पर गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह सुरी मनजीत सिंह काका डॉ गुरमीत सिंह सेठी अमर दास बिलोची नरेंद्र सुखवानी प्रितपाल सिंह सलूजा हरीश माधवनी दौलत खत्री पीयूष खत्री गौरव सलूजा हरिदास बलोची अशोक कुमार बलोची मोहनलाल बिलोची पंकज बीलोची बख्शीश बिस्नानी किशन दास बिस्नानी सनी माधवानी सर्वजीत सिंह आनंद सुभाष मनचंदा विनोद धर्मानी हैप्पी सिंह आनंद नानकराम रुपेता टहल रुपेता सहित सैकड़ो महिला पुरुष सेवादारियों ने बढ़-चढ़कर सेवाएं दीऔर पुण्य कमाया तत्पश्चात यात्रा शाम को 4:30 बजे पुष्कर राज की ओर रवाना हो गई।

## युवक बना साइबर ठगों का शिकार, परिजन की सूझबूझ से बचा युवक

**अलवर।** बहरोड़ के उद्योग क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को साइबर ठगों ने शुक्रवार दोपहर से शनिवार सुबह तक डिजिटल अरेस्ट रखा। सुबह युवक के परिजन को जानकारी लगने पर उन्होंने ठगों को हडक़ाया तो उन्होंने मोबाइल बंद कर गए। मामले को लेकर पुलिस को रिपोर्ट दी गई है।

युवक ने बताया कि दिन कागजात पूरे कर शुक्रवार सुबह वीजा के लिए अप्लाई किया। सब कुछ ठीक चल रहा था, अचानक दोपहर दो बजे मेरे पास एक फोन आया।

फोन करने वाले ने मुझे ट्राई का अधिकारी बनकर बात की। उसने बताया कि आपके नाम की एक सिम से बड़े स्तर पर अपराध किए गए हैं। आपके मोबाइल को बंद किया जाता है साथ ही आपका आधार कार्ड भी निरस्त किया जाएगा। उसने कहा कि अपराध मुम्बई में हुआ है। इसकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि आपसे हमारे साइबर अधिकारी बात करेंगे। यह कह कर उसने कॉल ट्रांसफर कर दिया। वे मुझे डराते रहे, इस पर घरवालों ने ठगों को कॉल कर हडक़ाया।

## सार-समाचार

### कंटेनर ने ट्रोले में मारी टक्कर



**पावटा।** राष्टीय राजमार्ग 48 पर ग्राम ढाणी गेसकांन के निकट शनिवार सुबह दस बजे के करीब जयपुर की तरफ जा रहे ट्रोले के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रोला सर्विस रोड पर जाकर पलट गया। जिसमे एक बाइक सवार भी चपेट मे आ गया। वही ट्रोला व कंटेनर सडक पर पलटकर क्षतिग्रस्त हो गये। घटना की सूचना मौजूद लोगों ने भाबरु थाना पुलिस को दी। जिस पर भाबरु थाना पुलिस हेड कांस्टेबल सिकंदर पुलिसकर्मियों सहित मौके पर पहुँचे व घायलो को शाहपुरा के राजकीय चिकित्सालय मे पहुचाया। वही राष्ट ीय राजमार्ग व सर्विस रोड से क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक तरफा करवाकर यातायात सुचारु करवाया। भाबरु थाना पुलिस हेड कांस्टेबल सिकंदर ने बताया कि शनिवार सुबह दस बजे के करीब जयपुर की तरफ जा रहे ट्रोले के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रोले ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी व सर्विस रोड पर जाकर पलट गया व कंटेनर राष्ट ीय राजमार्ग पर जाकर पलट गया। घटना मे बाइक सवार सरकारी शिक्षक धर्मपाल पुत्र गुल्लाराम निवासी रामपुरा व कंटेनर चालक शंकर पुत्र श्योदान निवासी नसीराबाद घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए शाहपुरा के राजकीय चिकित्सालय मे भर्ती करवाया गया है। वही जाम की स्थिति को देखते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को एक तरफा करवाकर यातायात सुचारु करवाया।

### सूरसागर तलाई और सरकारी डूंगरी पर भू माफिया का खुलेआम कब्जा

**कूकस ।** पंचायत की रैगरों की ढाणी में सरकारी डूंगरी और आबादी के पास स्थित सूरसागर तलाई पर भू माफियाओं द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण और अवैध निर्माण का मामला चिंता का विषय बन गया है। हाल ही प्रकाशित खबर के आधार पर जेडीए के पटवारी दीनदयाल वैष्णव (जोन-13) ने इस क्षेत्र का दौरा किया और वर्तमान सरपंच राधेश्याम मीणा को इस स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि इस भूमि पर कोई भी अवैध निर्माण किया गया तो उसे तुरंत तोड़ा जाएगा और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकारी डूंगरी और सूरसागर तलाई जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भू माफियाओं का बढ़ता प्रभाव न केवल सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला है, इस स्थिति में स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और प्रभावी कार्रवाई की कमी भी सवालों के घेरे में है। भू माफियाओं का यह दुस्साहस दर्शाता है कि उन्हें प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं है। सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा और निर्माण कार्य न केवल स्थानीय लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि इससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और संसाधनों का भी नाश होता है सरपंच राधेश्याम मीणा और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इस मुद्दे को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, भू माफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्याय के दायरे में लाना होगा। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा रोकने के लिए प्रभावी कानूनों का पालन और सख्ती से उनका कार्यान्वयन आवश्यक है।

### पुण्यतिथि पर दो चारे की ट्राली भेंट की

**मनोहरपुर।** श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन मनोहरपुर के मानद् संरक्षक स्व.श्री रामचंद्र यादव की 11 वीं पुण्यतिथि पर श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिवार ने पुष्प अर्पित करते हुए उनके श्रेष्ठ व्यक्तित्व तथा शिक्षा में नवाचार लाने की प्रवृत्ति रखने वाले व्यक्तित्व की बात करते हुए उनके शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर गायों की सेवार्थ चारे की एक ट्राली कुण्डा धाम गोशाला में तथा एक ट्राली भूतनाथ वाटिका मनोहरपुर में भेंट की। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित किया और उनके आदर्शों को अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर संरक्षक श्री रामकरण बाडीगर, सचिव श्री रामकिशन यादव, निदेशक डॉ. राजेंद्र यादव, प्रिंसीपल एम एल सर, प्रबंध निदेशक शेरसिंह , विनोद यादव, रमेश यादव, विनोद नायक, बाबूलाल यादव, पवन प्रजापत, रोहिताश बराला, सर्वेश शुक्ला, प्रकाश शेखावत, कपिल कुमावत, गोपाल अग्रवाल, संजय कुमावत, मुनाफ खान , शिवदान जींजवाडिया, राकेश यादव, राजेंद्र कुलदीप, अशोक प्रजापति , सुरेश यादव, रवि शर्मा, विकास कुमावत, धर्मसिंह बुनकर, कैलाश बेनीवाल, सीताराम बुनकर, मोना बेनीवाल, अशरफ खान, राजकुमारी शर्मा, दीपिका शर्मा, पूजा शर्मा, अंजू अग्रवाल, सीमा शर्मा, ऊषा कुमावत, चंद्रकांता यादव, वर्षा यादव, मनीष बेनीवाल, ममता शर्मा, अंजूलता शर्मा, मंजू प्रजापत, राकेश कड़वास, विनोद गुप्ता, प्रभु दयाल वर्मा, दानाराम बुनकर, राजेंद्र यादव, रवि शर्मा, गोपाल नायक, सीमा गुप्ता, बाबूलाल गुर्जर, विकास यादव, पुरुषोत्तम प्रजापत, पार्वती नायक, सुमित्रा देवी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### शाहपुरा क्षेत्र में आँगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत

**शाहपुरा।** शाहपुरा कांग्रेस विधायक मनीष यादव की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र में 5 नये आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई है। गोरतलब है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के परिवर्तित बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की संख्या 89(1) के क्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नवीन आँगनबड़ी केंद्र खोले जाने की घोषणा की गई थी। बजट घोषणा के संदर्भ में प्रत्येक विधानसभा से विधायकों के माध्यम से नवीन आँगनबाड़ी केंद्र खोले जाने हेतु प्रस्ताव माँगे गये थे, जिसके क्रम में शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में भी 5 नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्वीकृत जारी हुई है। आँगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों में ख़ुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार जताया।

### शिविर में 241 मरीज हुये लाभान्वित

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा पावटा में निम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डॉ. पंकज सिंह फाउण्डेशन द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता सुबेसिंह तंवर की जुड़वा पुत्रियों दीपांशी (रिद्धि) व दिव्यांशी (सिद्धि) के प्रथम जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर प्रभारी विष्णु कुमावत, नीरज जाटावत, नासिर अंसारी, डॉ. राकेश रहीसा, डॉ. रूही सैयद, डॉ. पुनीत लम्बोरिया, डॉ. सौम्या शर्मा एवं नर्सिंग स्टॉफ ने अपनी सेवायें दी। शिविर में 241 मरीज लाभान्वित हुये। वहीं 20 मरीजों को रैफर किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना, पवन सिंह पवाना, दिनेश सिंह पुरुषोतमपुरा, मनोज यादव, श्याम सिंह, राकेश सिंह, गोविंद सिंह गुलाबगढ़, संजय स्वामी, प्रदीप टांक, हनुमान गुर्जर, राजू यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र मे संगठन चुनाव प्रक्रिया को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय मे संगठनात्मक बैठक एडवोकेट राजकुमार जैन की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। संगठन चुनाव को लेकर मालपुरा शहर मे शहर मंडल के लिये संयोजक संत कुमार जैन,सहसंयोजक रमाकांत पटेल, कन्हैयालाल शर्मा, लावा मंडल के लिये संयोजक शीला मीणा, सहसंयोजक इन्द्रपाल चौधरी,दयाल दास स्वामी,पचेवर मंडल के लिये संयोजक पुरूषोतम सैनी, सहसंयोजक पदम चन्द जांगिड, यादराम दगोलिया, लाम्बाहरिसिंह मंडल के लिये संयोजक त्रिलोक चन्द जैन, सहसंयोजक राजेन्द्र शर्मा व जगदीश चौधरी को मनोनीत किया गया तथा आगामी दिनो मे मंडल की बूथ समिति का गठन करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक मे एडवोकेट राजकुमार जैन, विनय जैन, अभिषेक पाराशर, गणेश चौधरी सहित सभी मंडलो के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### कई धार्मिक अनुष्ठान हुए

**निवाई।** संतोष आश्रम बस्सी में ब्रह्मलीन संत श्रद्धानंद महाराज की पुण्यतिथि पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। लादूराम हांखला, सत्यनारायण हरसाणा, हनुमान हरसाणा व बाबूलाल पोसवाल ने बताया कि शनिवार की रात को हरभांवता आश्रम के संत स्वामी बालकानंद महाराज के सान्निध्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस दौरान संत बालकानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि मानव श्रेष्ठ कार्यों और जनसेवा से ही महान बनता है। परहित को ध्यान में रखकर किया गया कार्य पुण्य के समान है। मानव को सदैव नाम जप के साथ निष्काम भाव से ईश्वर का ध्यान करना चाहिए।



मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी कमाई को अपने नए पारिवारिक घर में लगाऊंगा और भविष्य में अपनी बेटियों की शैक्षिक पसंद का समर्थन करूंगा। – हार्टे

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ यशस्वी जायसवाल



**बॉर्डर-गावस्कर** ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया पर अपना शिकंजा कस लिया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मुकाबला पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में मेजबान ऑस्ट्रेलिया सिर्फ 104 रन बनाकर सिमट गई, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में घातक गेंदबाजी के बाद टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी से कंगारू टीम के होश उड़ा दिए।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने 1930 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान डॉन ब्रेडमैन द्वारा एक अखबार में लेक लिखने पर 50 पौंड का जुर्माना लगाया था।

# यशस्वी-राहुल को विराट कोहली ने किया सैल्यूट

## विकेट को तरसे कंगारू गेंदबाज





पर्थ, 23 नवम्बर। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 218 रनों की बढ़त हासिल कर ली। पहली पारी में 150 रनों पर ऑलआउट होने वाली टीम इंडिया ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 172 रन बना लिए हैं और मैच पर मजबूत पकड़ भी बना ली है। वहीं यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को पहले विकेट के लिए तरसा दिया है।

जहां यशस्वी शतक के करीब पहुंच गए हैं, वहीं राहुल 62 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों की पारी से विराट कोहली भी काफी इम्प्रेस हुए और उन्होंने मैदान पर जाकर दोनों खिलाड़ियों को सैल्यूट किया। ऑप्टस स्टेडियम में खेले जा रहे पहले मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल दूसरी पारी में नाबाद लौटे। खेल खत्म होने के बाद खिलाड़ी जब मैदान से बाहर आ रहे थे तो विराट कोहली बल्लेबाजी प्रैक्टिस के लिए मैदान के अंदर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने यशस्वी और केएल का इंतजार किया और जब वह पास में पहुंचे तो उन्हें बुलाया और फिर सैल्यूट किया। सोशल मीडिया पर विराट कोहली के इस जेस्चर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों और पहले विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने पहले टेस्ट में कुल 218 रन की बढ़त बना ली। बुमराह ने 11वीं बार पारी में पांच विकेट लेने का कमाल करके ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली भारतीय टीम को 46 रन की बढ़त मिली थी। वहीं दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर जायसवाल 193 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि पहली पारी में तीसरे अंपायर के विवादस्पद फैसला का शिकार हुए राहुल ने 153 गेंद में 62 रन बना लिए हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं।

## जर्मनी को हराकर नीदरलैंड पहली बार डेविस कप के फाइनल में

एम्स्टर्डम, 23 नवंबर। जर्मनी के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ नीदरलैंड पहली बार डेविस कप के फाइनल में पहुंच गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को स्पैनियार्ड के करियर के अंतिम मैच में राफेल नडाल को हराने वाले बोटिक वैन डी ज़ैंडस्चुल्प ने शुक्रवार को पहले एकल मैच में डैनियल अल्टमायर को हराकर डच टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी को रोमांचक मुकाबले में 6-4 6-7 (12-14) 6-3 से जीत हासिल करने के लिए 10 मैच प्वाइंट की जरूरत थी। ग्रिक्सपुर ने बेस्ट ऑफ थ्री टाई को निर्णायक युगल में जाने से रोक दिया। उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-7 (4-7) 7-5 6-4 से हराया। ग्रिक्सपुर ने कहा, हमें खुद पर बहुत विश्वास था, हमें हमेशा लगता था कि यह संभव है इसलिए अब ऐसा करना अविश्वसनीय लगता है। रविवार के फाइनल में नीदरलैंड का सामना गत चैंपियन इटली या ऑस्ट्रेलिया से होगा। इटली की टीम का नेतृत्व विश्व के नंबर एक जैननिक सिनर कर रहे हैं। नीदरलैंड्स कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा यह जीत रोमांचित करने वाली है अगर हम डेविस कप जीतते हैं तो हमारे लिये सुखद होगा क्योंकि हमारे पास वह शीर्ष-पांच खिलाड़ी नहीं है, हमारे पास वह शीर्ष - 10 खिलाड़ी नहीं है, हमारे पास वह शीर्ष -15 खिलाड़ी नहीं है - लेकिन यह एक टीम प्रयास है।

# आईपीएल में पंत पर बरसेंगे 25 करोड़

जेद्दा (सउदी अरब), 23 नवम्बर। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को होनी है। इस नीलामी में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। वहीं इस नीलामी में 577 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। आईपीएल की दस टीमों के पास 641.5 करोड़ रुपे का पर्स है और 204 संभावित चयन होने बाकी है। ऐसे में सभी की नजरें पंत के नाम पर लगी होंगी। पंजाब किंग्स के पास सभी टीमों में से सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपये है जबकि आरसीबी के पास 83 करोड़ रुपये हैं।

बता दें कि, दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़ रुपये और राइट टू मैच कार्ड है, जिससे वे अपने पूर्व कप्तान को खरीद सकते हैं। वैसे समझा जाता है कि पंत नहीं चाहते



कि दिल्ली आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल करे क्योंकि अलग होते संबंधों में दरार आ गई थी और पंत खुद को अब टीम का हिस्सा नहीं मानते। उन्होंने कहा भी था कि मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था। ये तय है। जिसके बाद सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या पंत 25 करोड़ रुपये पार करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे।

वहीं चेन्नई सुपर किंग्स या मुंबई इंडियंस के पास महज 45 करोड़ रुपये है और वे उन्हें इस कीमत पर खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे। हर दो साल में टीम बदलने के लिए महशूर पंजाब किंग्स के पास काफी पैसा मौजूद है और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग अपने पसंदीदा खिलाड़ी के साथ फिर एकजुट होना चाहेंगे। नीलामी के लिए 81 खिलाड़ियों का बेसप्राइज दो करोड़ रुपये है। मौजूदा क्रिकेटर एक मिलियन डॉलर यानी 8.5 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

# अय्यर 21 करोड़ में बिके, शतक के बाद मचाया धमाल

जेद्दा (सउदी अरब), 23 नवम्बर। टीम इंडिया से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक जड़ दिया। अय्यर के शतक के दम पर मुंबई ने इस मुकाबले में गोवा को हरा दिया अय्यर को शतक लगाने के बाद मॉक ऑक्शन में तगड़ा फायदा मिला। वहीं आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन रविवार यानी 24 नवंबर से होगा। लेकिन इससे पहले एक मॉक ऑक्शन में अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने करोड़ों में खरीदा।

दरअसल, जियो सिनेमा ने एक मॉक ऑक्शन करवाया है। इसमें अय्यर को



कोलकाता ने 21 करोड़ रुपये में खरीदा। अय्यर पर और भी टीमों ने दांव लगाए। लेकिन केकेआर ने बाजी मार ली। अय्यर ने हाल ही में मुंबई के लिए शतक जड़ा है। उन्होंने गोवा के खिलाफ विस्फोटक पारी खेली। अय्यर ने 57 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 30 रन बनाए। श्रेयस की इस पारी में 11 चौके और 10 छक्के शामिल रहे।

इस बार आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन सउदी अरब के जेद्दा में आयोजित होगा। ये 24 और 25 नवंबर को होगा। ऑक्शन से पहले टीमों ने खिलाड़ियों की रिटेन लिस्ट जारी की थी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने कप्तान अय्यर को रिटेन नहीं किया। टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। अय्यर फॉर्म में हैं और पिछली कई पारियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मेगा ऑक्शन में उनके नाम पर बड़ी बोली लग सकती है।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले दिन वेस्टइंडीज की मजबूत शुरुआत

एंटीगुआ, 23 नवंबर। सलामी बल्लेबाज मिकाइल लुइस (97) और एलिक अथानाज़ (90) के बीच चौथे विकेट के लिये 140 रनों की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को पांच विकेट पर 250 रन बना लिये। तीन विकेट मात्र 84 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम संकट में थी मगर लुईस और अथानाज़ की जोड़ी ने न सिर्फ उसे संकट से उबारा बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को एक बड़े स्कोर की ओर अग्रसर कर दिया। लुइस हालांकि अपने अपने पहले टेस्ट शतक से मात्र तीन पीछे रह गए। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों ने शुरू में सीम मूवमेंट को अच्छी तरह से संभाला, लेकिन टीम ने दिन की शुरुआत में ही दो विकेट जल्दी खो दिए। दिन के खेल खत्म होने के समय जस्टिन ग्रीव्स (11) और जोशुआ दा सिल्वा (14) बना कर क्रीज पर नाबाद हैं।

## लखनऊ में शुरु हुआ विकसित भारत चैलेंज

लखनऊ, 23 नवंबर। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से 'विकसित भारत चैलेंज' के लिए जागरूकता अभियान चलाया है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव ने शनिवार को विकसित भारत चैलेंज का शुभारंभ किया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें 'विकसित भारत' के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके । इस आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 तीन मुख्य श्रेणियों के प्रतिभागियों को एक साथ लाएगा। पहली श्रेणी में ''विकसित भारत चैलेंज'' के प्रतिभागी शामिल होंगे। दूसरी श्रेणी में जिला और राज्य स्तर के युवा महोत्सवों में चुने गए युवा शामिल होंगे, जिन्होंने पेंटिंग, विज्ञान प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषण प्रतियोगिताओं जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। तीसरी श्रेणी में ऐसे युवा आइकन और प्रेरक हस्तियां शामिल होंगी, जिन्होंने उद्यिमता, खेल, कृषि और तकनीक जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## छत्तीसगढ़ को हराकर ओडिशा संतोष ट्रॉफी के फाइनल दौर में

अमृतसर, 23 नवंबर। ओडिशा ने 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप एफ क्वालीफायर से संतोष ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ को शनिवार को 4-1 से हराकर फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। जीएनडीयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ओडिशा ने तीन टीमों के ग्रुप में दोनों मैच जीतकर छह अंक जुटाए। उन्होंने 10 गोल किये और दो गोल खाये। ओडिशा ने आक्रमक शुरूआत की और चौथे मिनट में पहला गोल कर लिया। हमेशा मुश्किल हालात में रहने वाले कुशल स्ट्राइकर रोशन पन्ना ने दाहिनी ओर से क्रॉस भेजने से पहले कुछ रक्षकों को छकाते हुए शुरुआती स्पैडवर्क किया। ओडिशा के कार्तिक हंतल ने 39वें मिनट में दूसरा गोल किया। ओडिशा ने दूसरे हाफ में प्रतिद्वंद्वी गोल पर प्रहार करना जारी रखा और 53वें मिनट में अपना तीसरा गोल किया जब कार्तिक हंतल ने जवाबी हमले का भरपूर फायदा उठाते हुए अपने व्यक्तिगत स्कोर में दूसरा गोल जोड़ लिया। अगला गोल कुछ मिनट बाद आया।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तिलक वर्मा का बेहतरीन प्रदर्शन

## टी-20 सीरीज में 150 से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने



नई दिल्ली, 23 नवम्बर। भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। उन्होंने मेघालय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। इसके साथ ही वह टी20 क्रिकेट में लगातार तीन शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। तिलक वर्मा ने इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी दोनों मुकाबलों में शतक लगाए थे। तिलक वर्मा टी20 सीरीज में 150 से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने श्रेयस अय्यर के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर 147 को पीछे छोड़ दिया है। तिलक ने 67 गेंदों पर 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए।

हैदराबाद के कप्तान तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में मेघालय के खिलाफ महज 51 गेंद में अपना शतक पूरा किया। ये 10 दिन में तीसरा मौका था जब उन्होंने टी20 क्रिकेट में 3 अंकों का आंकड़ा पार किया। तिलक वर्मा मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए। उन्होंने 28 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

संयोगवश साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही तिलक वर्मा टीम इंडिया के अपने साथी संजू सैमसन के बाद लगातार टी20 शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। 22 वर्षीय तिलक वर्मा ने अब तक कुल 92 टी20 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 90 पारियों में 3,006 टी20 रन बनाए हैं इसमें उनके 4 शतक भी शामिल हैं।

## भारत ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक में जीते 25 पदक

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। भारत ने थायागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आरक्यूब मोनाड में संपन्न हुई पहली स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक हासिल किए हैं। भारतीय बॉलिंग दल ने 14 पदकों का योगदान दिया, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य शामिल हैं, जबकि बोचे टीम ने 11 पदकों में एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य अपने नाम किए। महिला बॉलिंग टीम का प्रदर्शन खासतौर पर प्रभावशाली रहा, जिसने भारत के चार स्वर्ण पदकों में से तीन पर कब्जा किया। श्रद्धा पटेल, नेहा सिंह, शिमरन पुजारा और सुसरी संगीता नायक की चौकड़ी ने टीम इवेंट के फाइनल में मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद श्रद्धा और शिमरन ने नेहा और सुसरी संगीता नायक को डबल्स इवेंट के फाइनल में हराकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। सिंगल्स इवेंट में नेहा ने फाइनल में श्रद्धा को हराकर डिवीजन 3 का स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में तीन पदक अपने नाम किए। सुसरी और शिमरन ने भी डिवीजन 1 और 2 में कांस्य पदक जीतकर अपने तीसरे-तीसरे पदक हासिल किए।

# एचआईएल की कमाई से परिवार का भविष्य बनाना है : हार्टे

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए खेलने के लिए तैयार आयरिश हॉकी के दिग्गज डेविड हार्टे ने कहा है कि लीग से अपनी कमाई का उपयोग वह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए करेंगे । हार्टे को एचआईएल नीलामी में 32 लाख रुपये में बेचा गया था। वह अपने परिवार के लिए एक नए घर और अपनी बेटियों की शिक्षा के लिए धन का उपयोग करने की उम्मीद कर रहे हैं।

'एचआईएल बियॉन्ड द गेम सीरीज़' के हिस्से के रूप में विशेष साक्षात्कार में, हार्टे ने कहा, पहले एचआईएल का अनुभव करने के बाद, स्टेडियम में प्रशंसक और भीड़ ही मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मेरा पहला भारतीय हॉकी अनुभव 2013 में नई दिल्ली में था, और मैं स्टेडियम के आकार और भारतीय समर्थकों के जुनून से दंग रह गया था । दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में से एक हार्टे ने कहा मुझे लगता है कि एचआईएल हमारे खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दे सकता है।

अपनी मैदानी उपलब्धियों के अलावा, आयरिश कप्तान अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हार्टे ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी कमाई को अपने नए पारिवारिक घर में लगाऊंगा और भविष्य में अपनी बेटियों की शैक्षिक पसंद का समर्थन करूंगा। अपने हाल के अंतरराष्ट्रीय करियर पर विचार करते हुए हर्टे ने कहा पेरिस में अपने दूसरे ओलंपिक खेलों में भागीदारी एक असाधारण क्षण था जिसे परिवार और दोस्तों के साथ मेरी बेटियों ने इसे और भी खास बना दिया। तमिलनाडु अपने एचआईएल 2024-25 अभियान की शुरुआत 29 दिसंबर को राउरकेला में श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के खिलाफ करेगा।

## हरियाणा ने जयपुर पिंक पैंथर्स को 43-30 से हराया

नोएडा, 23 नवंबर। विनय (11) और शिवम पटारे (11) के अलावा मोहम्मदरेजा शादलू (5) के शानदार प्रदर्शन के दम पर हरियाणा स्टीलर्स ने शनिवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 72वें मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को 43-30 के अंतर से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाने के प्रयास में मनप्रीत के रेडरों ने 24 के मुकाबले 27 अंक जुटाए जबकि डिफेंस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5 के मुकाबले 12 शिकार किए। नवीन और राहुल ने तीन-तीन टैकल किए। दो बार आउट होने वाली जयपुर की टीम के लिए रेड मशीन अर्जुन देसवाल (16) के अलावा कोई खिलाड़ी चल नहीं सका।

## पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन-6 का शुभारम्भ

जयपुर, 23 नवंबर। डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का छठा संस्करण 22 नवंबर से स्पोफिट अकादमी में आरम्भ हुआ। लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि डॉक्टर्स का यह दस दिवसीय टूर्नामेंट 1 दिसंबर तक चलेगा। डॉ भारद्वाज ने बताया कि लीग की शुरुआत टीम इवेंट मुकाबलों में बॉयज कैटेगरी से हुई जिसमे लिपि लेजेंड्स ने आँच टाइटन्स को 3-2 से हराया। खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट ने आइकॉन हॉस्पिटल को 3-0 से हराया। आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि लीग के शुभारम्भ के अवसर पर पिंकस्टार हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजवेंद्र चौधरी ने चिकित्सकीय कार्य के साथ खेलों की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। लीग कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि किड्स वर्ग में रमैया हॉस्पिटल वारियर्स और जयपुर लिटिल स्मैशरस के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर है, एक मैच अभी बाकी है। लीग कॉर्डिनेटर निधि पुनिया ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में दीप हॉस्पिटल ने यूरो शूटर्स पर रोमांचक मुकाबले में 3-2 से विजय प्राप्त करी। रावत आई हॉस्पिटल ने पिंक विनायक हॉस्पिटल टीम को 4-1 से हराया। फ्लो केअर टीम ने एन एच बी एच टीम को 4-1 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ दिलीप गुप्ता व डॉ अजीत जैन ने बताया कि इस बार इस टूर्नामेंट में विभिन्न कैटेगिरी में 44 टीमें भाग ले रही हैं जिनमें जयपुर और अन्य शहरों के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टीम इवेंट के अतिरिक्त विभिन्न वर्गों में ओपन मुकाबले भी होंगे।

# सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने बिहार को हराया

जयपुर, 23 नवम्बर। बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के आज राजकोट में खेले गए राजस्थान - बिहार मैच में राजस्थान ने बिहार को 108 रनो के विशाल अंतर से हराया। राजस्थान की जीत में महिपाल लोमरोर, अभिजीत तोमर, जुबेर अली, भारत शर्मा, राहुल चाहर, दीपक चाहर का शानदार प्रदर्शन।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम के सलामी बल्लेबाजों भारत शर्मा व अभिजीत तोमर ने मात्र 3.5 ओवर में पहले विकेट के लिए 56 रनो की आक्रामक शुरुआत की। भारत शर्मा ने 10 गेंदों पर 2 छक्कों व 3 चौकों की सहायता से 27 रनो का योगदान दिया। अभिजीत तोमर ने 33 गेंदों पर 5 छक्के व 5 चौक्कों के सहायता से 64 रन, युवा बल्लेबाज कार्तिक



शर्मा ने 18 गेंदों पर 6 छक्कों की सहायता से 23 रनो का योगदान दिया। पांचवे विकेट के लिए कप्तान महिपाल लोमरोर व जुबेर अली ने 125 रनो की नाबाद साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर को निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रनो के स्कोर तक पहुँचाया। महिपाल लोमरोर ने 32 गेंदों पर 4 छक्के व 2 चौक्को की सहायता से नाबाद 51 व जुबेर अली ने 26 गेंदों पर 3 छक्के व 5 चौक्कों की सहायता से नाबाद 49 रनो का योगदान दिया।

राजस्थान के गेंदबाज मानव सुथार 12/2, राहुल चाहर 14/2, दीपक चाहर 19/2, महिपाल लोमरोर 21/1 व कमलेश नागरकोठी 22/1 ने विकेट प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता ने राजस्थान का जीत के साथ आगाज करने में अहम् योगदान दिया।

### राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में धौलपुर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, अलवर, जोधपुर व हनुमानगढ़ ने प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता के 2 दिवसीय क्वाटर फाइनल आगामी 25-26 नवम्बर को जयपुर में खेले जायेंगे।

## राष्ट्रीय वीमेन अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता

## राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को हराया

### रोचले यादव का शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन

जयपुर, 23 नवम्बर। पुणे में खेली जा रही बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंडर 15 एक दिवसीय ट्रॉफी मैच में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को रोमांचक मैच मे 1 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने रोचले यादव व काव्या बिश्नोई की शानदार पारियों की सहायता से टीम को 151 रनो के स्कोर तक पहुँचाया टीम के लिए रोचले यादव 66 गेंदों पर 9 चौक्कों की सहायता से 48 रन व सरिता कसाना 56 गेंदों पर 6 चौक्कों की सहायता से 38 रनो का योगदान दिया साथ ही प्रीति कसाना 15 व गौरवी खंगारोत 12 रनो का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश टीम राजस्थान की गेंदबाजो के सामने निर्धारित 35 ओवर में 150 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी राजस्थान की गेंदबाज रोचले यादव 27/3, माहिरा खान 18/2 व प्रीति कसाना 19/1 विकेट प्राप्त किये व राजस्थान के फील्डर्स ने शानदार फील्डिंग करते हुए उत्तर प्रदेश के 3 बल्लेबाजों को रन आउट करते हुए मैच में राजस्थान को रोमांचक व बड़ी जीत दिलाई।

# 26वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अरावली को

जयपुर, 23 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 26 वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा फाईनल मैच अरावली क्रिकेट ऐकेडमी हाथोज में पी. एस. क्रिकेट एकेडमी व अरावली क्रिकेट ऐकेडमी के मध्य खेला गया। जिसमें विशाल गोदारा 75 रन व 22 रन पर 2 विकेट के ऑल राउन्ड प्रदर्शन तथा करन चौधरी 37 रन पर 4 विकेट के शानदार गेंदवाजी के बदोलत अरावली क्रिकेट आकेडमी ने पी.एस. क्रिकेट एकेडमी को 67 रन से हरा कर तीसरा फाइनल भी अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर अरावली एकेडमी ने पहले बल्लेवाजी करते हुए विशाल गोदारा 75 रन (39 गेंद 11 चौके 4 छक्के) दिव्य गजराज 51 रन प्रहलाद यादव 37 रन की मदद से 29.4 ओवर में ऑल आउट होने से पहले 224 रन बनाए पी.एस एकेडमी की तरफ से मनीष टांक 21 रन पर 3 विकेट, देवराज सैनी 36 रन पर 2 विकेट, दीपक चौधरी 48 रन पर 2 विकेट, भूपेंद्र शर्मा 49 रन




पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदवाज रहे। जवाबी पारी में पी.एस एकेडमी ने शिवेन्द्र सिंह 38 रन मनीष टांक 39 रन आदित्य चौधरी 39 रन दीपक चौधरी 26 रन ने कि शुरूआत करते हुए स्कोर 2 विकेट पर 132 रन पहुँचा दिए। लेकिन अरावली के गेंदबाजो करण चौधरी 37 रन पर 4 विकेट, विशाल गोदार 22 रन पर 2 विकेट, प्रशान्त माली 17 रन पर 2 विकेट प्रशान्त यादव 24 रन पर 1 विकेट लेकर पी.एस एकेडमी की पुरी टीम को 27.3 ओवर में 157 रन पर ही ऑल आउट कर अरावली की टीम को 67 रन से जीत दिलाकर लगातार तीसरा फाइनल जीता दिया। प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व वरिष्ट उपाध्यक्ष डॉ. वी आर सोनी ने किया। विजेता अरावली क्लब को 25000 / हजार रूपये नगद व ट्राफी, उप विजेता पी.एस एकेडमी को 15000 / हजार रूपये नगद तथा ट्राफी प्रदान कि गई। प्रतियोगिता के मैन ऑफ दा टूर्नामेंट दीपक चौधरी को 2100 रूपये नगद, बेस्ट बल्लेबाज प्रशान्त माली 1100 / रूपये नगद, बेस्ट बॉलर आदित्य टांक 1100 / रूपये नगद बेस्ट फील्डर राहुल खण्डेलवाल 1100 / रूपये नगद रहे। प्रतियोगितर में 25 टीम ने भाग लिया था जिस में लीग आधार 50 मैच खेले गये जिसमें 5 पूल से 4-4 टीमों न नॉक आउट में प्रवेश किया जिसमें पूर्व क्वार्टर फाईनल तक के सभी मैच 20-20 ओवर के खेले गये जब कि, क्वार्टर फाईनल सेमी फाईनल तथा तीनो फाईनल तक सभी मैच 40-40 ओवर खेले गये मैच प्रतियोगिता में कुल 71 मैच खेले गये। सभी मैचो का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जायेगा ये पुरुस्कार सोनी ग्रुप्स आफ हॉस्पिटल्स तथा गुडेऐज फर्निचर द्वारा प्रायोजित किया गया था।

# 'गैरों में कहाँ दम था, मुझे, तो सदा अपनों ने ही मारा है'

## दौसा उपचुनाव में जगमोहन मीणा की हार के बाद डॉ. किरोड़ी का भाव भरा बयान

जयपुर, 23 नवम्बर। कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने दौसा उपचुनाव में अपने भाई जगमोहन मीणा की हार के बाद एक बयान जारी किया है। राजनीतिक गलियारों में इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। डॉ. मीणा ने कहा, 5 साल हो गए, राजनीति के सफर के दौरान सभी वर्गों के लिए संघर्ष किया। जनहित में सैंकड़ों आंदोलन किए, साहस से लड़ा। बदले में पुलिस के हाथों अनगिनत चोटें खाईं। आज भी बदरा घिरते हैं तो समूचा बदन कराह उठता है। मीसा से लेकर जनता की खातिर दर्जनों बार जेल की सलाखों के पीछे रहा। संघर्ष की इसी मजबूत नींव और सशक्त धरातल के बूते दौसा का उपचुनाव लड़ा। जनता के आगे संघर्ष की दास्तां रखी। घर- घर जाकर वोटों की भीख भी मांगी। फिर भी कुछ लोगों का दिल नहीं पसीजा।"

किरोड़ी लाल ने बयान में आगे कहा, "भितरघाती मेरे सीने में वाणों की वर्षा कर देते तो मैं दर्द को सीने में दबा सारी बातों को दफन कर देता, लेकिन उन्होंने मेघनाथ बनकर मेरे

■ उन्होंने कहा, भीतरघाती मेरे सीने में बाणों की वर्षा कर देते तो मैं दर्द को सीने में दबा कर सारी बातों को दफन कर देता, लेकिन उन्होंने मेघनाद बन कर मेरे लक्ष्मण जैसे भाई पर शक्ति का बाण चला दिया।

लक्ष्मण जैसे भाई पर शक्ति का बाण चला डाला। साढ़े चार दशक के संघर्ष से न तो हताश हूँ और न ही निराश। पराजय ने मुझे सबक अवश्य सिखाया है लेकिन विचलित नहीं हूं। आगे भी संघर्ष के इसी पथ पर बढ़ते रहने के लिए कृतसंकल्प हूं। गरीब, मजदूर, किसान और हरेक दुखिया की सेवा के व्रत को कभी नहीं छोड सकता, परन्तु ह्रदय में एक पीड़ा अवश्य है। यह बहुत गहरी भी है और पल-प्रति-पल सताने वाली भी।

जिस भाई ने परछाईं बनकर जीवन भर मेरा साथ दिया, मेरी हर पीड़ा का शमन किया, उऋण होने का मौका आया तो कुछ जयचंदों के कारण मैं उसके ऋण को चुका नहीं पाया। मुझमें बस एक ही कमी है कि मैं चाटुकारिता नहीं करता और इसी प्रवृत्ति के चलते मैंने राजनीतिक जीवन में बहुत नुकसान उठाया है। स्वाभिमानी हूं। जनता की खातिर जान की बाजी लगा सकता हूं। गैरों में कहां दम था, मुझे तो सदा अपनों ने ही मारा है।"

## राजस्थान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पार्टी को यदि भविष्य में अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे शक्तिशाली क्षेत्रीय तथा जाति आधारित नेता तैयार करने होंगे, जिनका व्यापक प्रभाव हो। राजस्थान उपचुनाव से कांग्रेस को सीख लेने की ज़रुरत है, क्योंकि उसके लिए भविष्य के आयाम चिंताजनक हैं।

## प्रियंका गाँधी सशक्त बनेंगी

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को भारी मतों से जिताने के लिए वायनाड के लोगों का आभार जताया। खड़गे ने शनिवार को कहा, देश के नेतृत्व में वायनाड अपना योगदान देता रहेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि श्रीमती प्रियंका गांधी संसद में वायनाड और देश के लोगों की सशक्त आवाज बनेंगी।" उन्होंने कहा कि श्रीमती वाड्रा का कुशल नेतृत्व, करुणा, शालीनता और दृढ संकल्प तथा संविधान के सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और समृद्ध बनाएगी।

## राहुल ने झारखंड की जीत पर आभार जताया

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत की शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणामों को अप्रत्याशित बताया और कहा कि बाद में गठबंधन के हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। गांधी ने कहा, "झारखंड के लोगों का, इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

■ उन्होंने कहा झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत संविधान तथा जंगल-जीवन की रक्षा की जीत है।

# खींवसर और दौसा उपचुनाव में नये राजनीतिक समीकरण उभरे

## परिवारवाद तथा जमीनी स्तर पर कमजोरी ने डॉ. किरोड़ी व हनुमान बेनीवाल की प्रतिष्ठा को चोट पहुँचाई

जयपुर, 23 नवम्बर। उपचुनावों के दौरान हॉट सीट मानी जाने वाली दौसा और खींवसर में वोटर्स के रुझान ने सियासत को गरमा दिया है। दौसा में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन और खींवसर में हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल की हार ने नए सियासी समीकरणों की तरफ इशारा किया है। दौसा में पायलट समर्थक दीनदयाल बैरवा ने जगमोहन मीणा को हराया है। खींवसर में हनुमान बेनीवाल के कार्यकर्ता रहे रेवंतराम डांगा ने भाजपा के टिकट पर उन्हें हरा दिया। इन दोनों सीटों के नतीजों ने राजस्थान की राजनीति के दो बड़े दिग्गजों के सियासी कथानक को प्रभावित किया है।

डॉ. मीणा ने छोटे भाई जगमोहन के लिए प्रचार प्रसार के दौरान सभी तरह के हथकंडे अपनाये। गले में "भिक्षाम् देहि" का बोर्ड लटकाकर किरोड़ी लाल मीणा ने वोट की भीख मांगी, लेकिन जनता ने अपना फैसला सुना दिया। सियासी हलकों में इस हार को डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की जमीनी सियासत पर कमजोर होती पकड़ से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके अलावा, भाजपा उम्मीदवार, मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई की हार के पीछे भितरघात को एक बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। भाजपा का एक खेमा भी नाराज था। पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा का टिकट कटने से उनके समर्थक नाराज थे। गैर आरक्षित सीट पर जनरल कास्ट के उम्मीदवार की जगह भाजपा ने जगमोहन मीणा को टिकट दिया,

■ दौसा में भाजपा की हार का कारण यह माना जाता है कि पार्टी ने एक ही परिवार में सत्ता का केन्द्रीकरण कर दिया। जनरल सीट से मीणा को टिकट देने से भाजपा के परम्परागत वोटर छिटक गये।

■ बेनीवाल की पत्नी को टिकट भी परिवारवाद का प्रतीक माना गया। साथ ही दुर्ग सिंह के भाजपा में शामिल होने से भाजपा के वोटों का बंटवारा नहीं हुआ।

जिससे सामान्य वर्ग के वोटर्स में नाराजगी थी।

किरोड़ी- विरोधी खेमे ने परिवारवाद को भी बड़ा मुद्दा बनाया था। विरोधियों ने कहा कि किरोड़ी खुद मंत्री हैं, उनके भतीजे राजेन्द्र मीणा महुवा से भाजपा विधायक हैं। अब छोटे भाई जगमोहन मीणा को टिकट देकर एक ही परिवार में सत्ता का केन्द्रीयकरण कर दिया गया है। इस फैक्टर ने भी उन्हें नुकसान पहुँचाया। दौसा में कांग्रेस उम्मीदवार दीनदयाल बैरवा सचिन पायलट समर्थक हैं। इस सीट पर कांग्रेस के सभी बड़े नेता प्रचार के लिए गए। सचिन पायलट ने भी दो दिन घूमकर प्रचार किया था। पायलट के लिए यह सीट प्रतिष्ठा की सीट थी। गुर्जर, दलित और मुस्लिम वोट कांग्रेस को मिला, मीणा वोटों में भी विभाजन हो गया। इसका फायदा सीधा कांग्रेस को मिला। किरोड़ी की सियासी मोर्चे पर दौसा में कमजोर होती सियासी पकड़ से जोड़कर देखा जाएगा। अब पार्टी और सरकार में भी किरोड़ी की हैसियत पर इस नतीजे का असर होगा। मनोवैज्ञानिक और मॉरल तौर पर उनकी आक्रामकता पर असर पड़ सकता है।

खींवसर में हनुमान बेनीवल की पत्नी आर.एल.पी. उम्मीदवार कनिका बेनीवाल की हार ने सासंद हनुमान बेनीवाल का सियासी नरेटिव बिगाड़ दिया है। खींवसर में उपचुनाव हारने के बाद हनुमान बेनीवाल की पार्टी विधानसभा में साफ हो गई है। विधानसभा में अब आर.एल.पी. की एक भी सीट नहीं है।

साल 2023 में आर.एल.पी. की एक ही सीट थी, जिस पर हनुमान बेनीवाल जीते थे। बेनीवाल के सांसद बनने के बाद खाली हुई सीट पर उनकी पत्नी ने चुनाव लड़ा था। बेनीवाल की पत्नी की हार के पीछे भी परिवारवाद बड़ा फैक्टर माना जा रहा है, भाजपा ने इस बार इसे बड़ा मुद्दा बनाया। बेनीवाल पहली बार भाजपा की टिकट पर खींवसर से विधायक बने थे। भाजपा छोड़ने के बाद, वे आर.एल.पी. से जीते। पहली बार सांसद बने तो भाई नारायण बेनीवाल को टिकट दिया और वे जीते। इस बार सासंद बने तो पत्नी को टिकट दिया।

पिछले उपचुनाव के समय से ही बेनीवाल के कोर वोट बैंक में सेंध लगनी शुरु हो गई थी, आर.एल.पी. के कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़ गए। हर किसी का विरोध और एक जैसी आक्रामक राजनीति जनता को रास नहीं आई। बेनीवाल की हार का एक बड़ा कारण यह रहा कि भाजपा के वोटों का बंटवारा नहीं हुआ। अब तक दुर्ग सिंह खींवसर से चुनाव लड़ते थे और भाजपा के वोट बंट जाते थे, इस बार दुर्ग सिंह बीजेपी में शामिल हो गए, वे चुनाव नहीं लड़े, इसलिए वोटों का बंटवारा नहीं हुआ, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला।

हनुमान बेनीवाल की पत्नी के उपचुनाव हारने के बाद अब नागौर जिले की सियासत भी प्रभावित होगी। बेनीवाल सियासी रूप से कमजोर हुए हैं। उनके ही कार्यकर्ता ने भाजपा में जाकर उनकी पत्नी को उपचुनाव हरवा दिया, बेनीवाल 2023 का चुनाव बहुत कम अंतर से जीते थे। बेनीवाल अब तक सासंद का चुनाव गठबंधन बदलकर ही जीतते रहे हैं, पिछली बार जब वे भाजपा के गठबंधन में सांसद बने थे, तब 2019 के उपचुनाव में उनके भाई नारायण बेनीवाल जीते थे, तब भाजपा उनके साथ थी। इस बार उपचुनाव में गठबंधन नहीं था।

उपचुनावों में पत्नी की हार के बाद यह साफ हो गया कि आक्रामक राजनीति से बेनीवाल ने जो वोट बैंक बनाया, वह दरकने लगा है। यूथ वोटर्स उनके साथ जुड़ा, लेकिन वे उसे बरकरार नहीं रख पाए।

## कैंसर विशेषज्ञों की चेतावनी

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 नवम्बर। पूर्व क्रिकेटर और मीडिया पर्सन नवजोत सिंह सिद्धू ने हाल ही में अपनी पत्नी के चौथे स्टेज के कैंसर से पूर्ण स्वस्थ होने तक की यात्रा सोशल मीडिया पर शेयर की और बताया कि इस स्टेज पर ज़िंदा बचने की संभावना मात्र तीन प्रतिशत है इसके बावजूद भी उन्होंने जीवन शैली में अनुशासित बदलाव, इलाज और पौष्टिक भोजन से इस बीमारी को हटा दिया।

टाटा मैमोरियल हॉस्पीटल के 262 से ज्यादा कैंसर विशेषज्ञों ने नवजोत सिंह सिद्धू के एक वीडियो में किए गए दावे का खंडन किया जिसमें कहा गया कि डेयरी प्रॉडक्ट्स का सेवन नहीं करके कैंसर कोशिकाओं को भूखा रखने और हल्दी व नीम का सेवन करने से लाइलाज कैंसर को ठीक करने में मदद मिली।

■ बॉम्बे के टाटा मैमोरियल हॉस्पिटल के 262 कैंसर विशेषज्ञों ने पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू के, नीम व हल्दी से पत्नी के कैंसर मुक्त होने के दावे को खारिज किया और कहा कि इसका पालन करने की बजाए डॉक्टर की सलाह लें।

हॉस्पीटल के कैंसर विशेषज्ञों ने कहा कि सिद्धू के बयान में कोई हाई क्वालिटी प्रमाण नहीं हैं जिससे इनके दावों को सही साबित किया जा सके। इनमें से कुछ पर रिसर्च चल रही है पर अभी कोई क्लीनिकल डेटा उपलब्ध नहीं है कि ये पदार्थ एंटी कैंसर एजेंट्स हैं। डॉक्टर्स ने कहा है जनता से आग्रह करते हैं कि इन गैर प्रमाणित उपायों को अपनाकर अपने इलाज में देरी ना करें। अगर कैंसर के कोई लक्षण मिले तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें, खासकर कैंसर विशेषज्ञ से, क्योंकि अगर जल्दी पता लग जाए तो कैंसर का इलाज हो सकता है।

कैंसर इलाज में सर्जरी, रेडिएशन थैरेपी और कीमो थैरेपी जांचे परखे इलाज हैं।

# बंगाल उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस का परचम लहराया

## इनमें से एक सीट तृणमूल ने भाजपा से छीनी है

कोलकाता, 23 नवंबर। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने 13 नवंबर को हुए उपचुनाव में सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य के उत्तरी जिले सेतई से लेकर सुदूर दक्षिणी क्षेत्र (हरोआ) तक सभी छह विधानसभा सीटों पर सत्तारुढ़ पार्टी को शानदार जीत दिलाने के लिए लोगों को बधाई दी।

सेतई (कूचबिहार जिला) में तृणमूल कांग्रेस की संगीता रॉय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार पर 1.3 लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की। उत्तर 24 परगना के हरोआ में एसके रबीउल रहमान ने अपने निकटतम आईएसएफ प्रतिद्वंद्वी को 1,31,388 से अधिक मतों से हराया।

■ तृणणूल कांग्रेस ने सभी 6 सीटें जीत कर जता दिया कि बंगाल में उसका कोई मुकाबला नहीं।

तृणमूल कांग्रेस ने मदारीहाट सीट भाजपा से छीन ली, जहां सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार जय प्रकाश टोप्पो ने अपने निकटतम भाजपा प्रतिद्वंद्वी को 23,000 से अधिक मतों से हराया। नैहाटी (उत्तर 24 परगना) में तृणमूल कांग्रेस के सनत डे ने 49,000 से अधिक मतों से जीत हासिल की। मेदिनापुर में तृणमूल कांग्रेस के सुजय हाजरा ने अपने निकटतम भाजपा प्रतिद्वंद्वी को 20,00 से अधिक मतों से हराया। बांकुरा जिले के तलडांगरा से फल्गुनि सिंघा बाबू (तृणमूल कांग्रेस) ने अपने निकटतम भाजपा प्रतिद्वंदी को 33,000 से अधिक मतों से हराया।

बनर्जी ने जीत को माटी और मानुष को समर्पित करते हुए कहा, हम जमींदार नहीं हैं, हम लोगों के अगुआ हैं।

अभिषेक बनर्जी ने कहा, "पश्चिम बंगाल उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के सभी 6 उम्मीदवारों को उनकी निर्णायक जीत के लिए बधाई, जिन्होंने जमींदारों द्वारा बनाये गये आख्यानों को झुठलाया है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि वह 2026 के विधानसभा चुनाव जीतेंगे।

## कोटा में एक और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निजी अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर एम.बी.एस. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है और परिजनों को भी इस संबंध में सूचना दे दी है। खबर लिखे जाने तक मृतक छात्र के परिजन कोटा नहीं पहुंचे थे।

जांच अधिकारी, जवाहर नगर थाने के ए.एस.आई. गोपाल लाल बैरवा ने बताया कि परिजनों के आने के बाद जैसी स्थिति बनेगी वैसा किया जाएगा। परिजन पोस्टमार्टम चाहते हैं या नहीं यह उनके आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

गोपाल लाल बैरवा का कहना है कि घटना रात में 11 से 12 बजे के बीच की है। छात्र मूल रूप से मध्यप्रदेश के अनूपपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। परिजनों की लिखित तहरीर के बाद इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। प्रथम दृष्टया यह घटनाक्रम आत्महत्या का ही लग रहा है।

लेकिन कोई सुसाईड नोट नहीं मिला है। छात्र ने कोटा में बीते साल अप्रेल में प्रवेश लिया था।

# 'लड़की बहिन' योजना महायुति के लिए गेम चेंजर साबित हुई महाराष्ट्र में

## महायुति के, महिलाओं को सहायता राशि बढ़ाने के आश्वासन को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली

मुंबई, 23 नवंबर। महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ महायुति गठबंधन के लिए 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन' योजना विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई है। इस गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शिवसेना (शिंदे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजीत गुट) शामिल हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि राज्य के कुल 9.70 करोड़ मतदाताओं में से 6.40 करोड़ मतदाताओं ने इस विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग किया और 6.40 करोड़ मतदाताओं में से 3.06 करोड़ महिलाएं और 3.34 करोड़ पुरुष थे।

महायुति का महिला-समर्थक अभियान सफल रहा और महिलाएं बड़ी संख्या में मतदान करने आईं। महिला मतदाताओं ने मासिक सहायता राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने के महायुति के आश्वासन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रैलियों के दौरान घोषणा की कि सत्ता में आने के बाद महायुति सरकार चरणों में मासिक सहायता को बढ़ाकर 3,000 रुपये करेगी।

■ दूसरी ओर महाविकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के महालक्ष्मी योजना में मासिक सहायता को बढ़ा कर 4 हजार रुपये करने के वादे ने मतदाताओं को आकर्षित नहीं किया।

विशेषज्ञों ने कहा कि विपक्ष द्वारा इसे महिलाओं के लिए रिश्वत करार दिए जाने के बावजूद महायुति ने राज्य भर में समारोह आयोजित करके इस योजना को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए। दो करोड़ 36 लाख से अधिक पात्र महिला लाभार्थियों में से प्रत्येक को 7,500 रुपये (जुलाई से नवंबर तक पांच महीने के लिए 1,500 रुपये प्रत्येक) मिले और उन्होंने महायुति का भारी समर्थन किया।

## कांग्रेस कर्नाटक में तीनों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्हें दिये जाने वाला नगद लाभ।

ऐसा लगता है कि वक्फ सम्पत्तियों से सम्बन्धित विवाद जो भाजपा ने प्रचार से पहले और प्रचार के दौरान उठाये थे, के चलते चन्नापटना तथा शिग्गाँव में मुस्लिम वोट कांग्रेस के पक्ष में लामबन्द हो गये तथा भाजपा की आशा के विपरीत, इस विवाद ने भाजपा के पक्ष में काम नहीं किया। भाजपा और जे.डी. (एस.) के दिग्गजों का संयुक्त प्रचार चारों खाने चित्त हो गया, क्योंकि उप चुनाव के जनादेश ने बता दिया कि सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का प्रचार मतदाताओं के गले नहीं उतरा। सबसे ज्यादा शर्मनाक स्थिति जनतादल (सेकुलर) के पितामह देवेगौड़ा की हुई, जो अपने पौत्र निखिल को आगे नहीं बढ़ा सके। निखिल के लिये पिछले छः सालों में यह तीसरा दुर्भाग्यपूर्ण क्षण रहा है। वे फिल्म अभिनेता योगेश्वर से हार गये। यह सीट कुमारास्वामी के पास थी तथा जब वे मांड्या सीट से लोकसभा के लिये चुन लिये गये थे तो उन्होंने इसे खाली कर दिया था।

इस जीत के विषय में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह तथ्य है कि इससे वोक्कालिग्गा क्षेत्र में के.पी.सी.सी. प्रमुख तथा उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की पकड़ और मजबूत हुई है। प्रसंगवश बता दे कि शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश लोकसभा चुनावों में बैंगालुरी सीट हार गये थे, तथा इस जीत के जरिये, कांग्रेस नेता ने कुमारास्वामी से हिसाब किताब बराबर कर लिया है।

सन्दूर विधान सभा क्षेत्र से अन्नपूर्णा, जो बल्लारी से पार्टी सांसद ई. तुकाराम की पत्नी हैं, ने भाजपा उम्मीदवार बंगारू हनुमन्तू को 9000 से अधिक वोटों से हरा दिया है। इस जीत का महत्व इसलिये है कि यह जीत खनन क्षेत्र के बेताज बादशाह तथा भाजपा के दिग्गज नेता जर्नादन रेड्डी की मौजूदगी के बावजूद हुई है, जिन्होंने इस सीट का प्रभार स्वयं लिया था।

## हाईकोर्ट ने कालवाड़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा है कि यदि जे.डी.ए. की ओर से इस संबंध में जानकारी नहीं दी जाती है तो जे.डी.सी. 2 दिसंबर को अदालत में व्यक्तिश: हाजिर होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करें। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश लियाकत अली खान की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता असलम खान ने अदालत को बताया कि कालवाड रोड स्थित गोल्डन बेकरी से एक्सप्रेस-वे तक रोड की चौडाई दो सौ फीट है। यहां कई जगहों पर प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसे लेकर जे.डी.ए. को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए गए। जिसके चलते यहां आए दिन ट्रैफिक जाम के हालात बन जाते हैं। वहीं जे.डी.ए. की ओर से अधिवक्ता युवराज सामंत ने कहा कि अतिक्रमण हटाने को लेकर संबंधित अतिक्रमियों को कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनकर अदालत ने रोड की वास्तविक स्थिति और यहां से अतिक्रमण हटाने को लेकर जे.डी.ए. को एक्शन प्लान पेश करने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने जे.डी.सी. को तलब किया है।

# पंजाब उपचुनाव : आप ने 4 में से 3 सीटें जीतीं

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 2013, 2015, 2020 के बाद आम आदमी पार्टी अब 2025 में दिल्ली जीतकर इतिहास रचने जा रही है।

केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में चार सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आए हैं। चार में से तीन सीटों पर आप भारी बहुमत से जीत गई है। खास बात यह है कि जो तीन सीटें हम जीते हैं, इसके पहले ये हमारी सीटें नहीं थीं। यह तीनों हम पहली बार जीते हैं। वर्ष 2022 में भी यह तीनों सीट हम नहीं जीते थे। वर्ष 2022 में जनता ने आम आदमी पार्टी को 117 में से 92 सीटें दी थीं। आज पंजाब में हमारी 95 सीटें हो गई हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन तीनों सीटों के ऊपर भारतीय जनता पार्टी की जमानत जब्त हो गई है।

■ केजरीवाल ने कहा 2022 में आप की आंधी में भी ये सीटें वो नहीं जीते थे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि चार सीटों पर उपचुनाव हुए और इन चार में से तीन विधानसभा सीटों पर हमें जबरदस्त जीत मिली है। यह तीनों सीटें आम आदमी पार्टी ने पहली बार जीती हैं। हम जनता के पैसे से जनता को सुविधाएं दे रहे हैं, तो ये लोग इसे मुफ्त की रेवड़ियां कह रहे हैं। हम जीतकर आए हैं और आगे भी जीतेंगे। अब अगली बारी दिल्ली की है।

## यूडी टैक्स ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि भरतपुर नगर निगम ने गत 11 सितंबर को याचिकाकर्ता की संपत्ति को यू.डी. टैक्स जमा नहीं कराने के आधार पर सील कर दिया। इसके चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता फर्म का प्रोपराइटर हरेन्द्र सैनी है। ऐसे में यू.डी. टैक्स का नोटिस भी उसके नाम से जारी होना चाहिए था। इसके बावजूद नगर निगम ने उसके रिश्तेदार राम गोपाल सैनी के नाम से नोटिस दिया था। याचिका में बताया गया कि नगर पालिका अधिनियम के तहत टैक्स वसूली की विस्तृत प्रक्रिया है, जिसमें संबंधित पक्ष को नोटिस देना भी शामिल है। इसके बावजूद याचिकाकर्ता की संपत्ति को उसे बिना वैध नोटिस दिए सील कर दिया गया। याचिका में यह भी कहा गया कि नगर पालिका अधिनियम की धारा 104 के तहत तीन सौ वर्ग गज तक की संपत्ति यूडी टैक्स से मुक्त रहेगी। याचिकाकर्ता की संपत्ति मात्र सौ वर्ग गज से भी कम होने के बावजूद उसका टैक्स बकाया बताकर संपत्ति को सील करने की कार्रवाई की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संपत्ति की सील को तत्काल हटाने के आदेश दिए हैं।

## 'महाराष्ट्र में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मिल गई है उसे पूर्ण बहुमत यानि 189 सीटें मिल गई है। पार्टी ने राजनैतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य पर अपना दबदबा बनाए रखा है। भाजपा ने 149 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 130 सीटें जीत ली हैं।

महाराष्ट्र में महायुति की जीत से स्पष्ट है कि नरेन्द्र मोदी का जादू बरकरार है उन्होंने एम.वी.ए. को बुरी तरह हरा दिया, जो 5 महीने पहले तक आगे चल रहा था।

## भाजपा ने 7 में से 5 सीटें ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टोली का हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने प्रचार अभियान की सामग्री को स्वयं अपनी देखरेख में तैयार कराया, प्रचार अभियान के तहत, इन सातों क्षेत्रों में चुनावी सभाएँ आयोजित कीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार बूथ के कार्यकर्ता, मंडल के कार्यकर्ता, शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता, विभिन्न व्यवस्था में लगी टीमों, चुनावी प्रचार अभियान में लगे कार्यकर्ता, विधानसभा चुनाव संचालन समितियों एवं क्षेत्र में लगे प्रदेश के पदाधिकारियों से लगातार फ़ोन पर संपर्क में रहे। मुख्यमंत्री का विरोधियों पर लगातार प्रहार, आक्रामक भाषण एवं विपक्षी दलों को चुनौती, उनके शानदार चुनाव प्रचार का हिस्सा रहीं। कांग्रेस की गुटबाज़ी, पसंदीदा उम्मीदवार के लिए ही उनके नेताओं का प्रचार, बड़े नेताओं का चुनाव प्रचार में नहीं जाना आदि, उसकी हार का कारण बने। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपचुनाव के दौरान 4 बागियों को मनाया, 14 चुनावी सभाएँ, 44 सामाजिक बैठकें, सैकड़ों मुलाक़ातें और हज़ारों फ़ोन किए, परिणामस्वरुप भाजपा ने उपचुनाव की 7 में से 5 सीटों पर जीत दर्ज की। हालांकि, भाजपा के पास पहले केवल एक सलूम्बर विधानसभा थी, लेकिन अब सलूम्बर के साथ, देवली-उनियारा, रामगढ़, झुंझुनू, खींवसर पर भी जीत के साथ ये भाजपा के खाते में आई गई हैं।

# महाराष्ट्र की करारी हार : प्रश्न चिन्ह लगा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पार्टनर 236 सीटें जीत चुके हैं, जबकि महा विकास अघाड़ी 48 सीटों पर आगे है। यह संख्या कम होती जा रही है।

इस बुरी खबर के बाद, कांग्रेस के लिये यह अच्छी खबर भी है कि झारखंड में, कांग्रेस-जे.एम.एम. बहुमत हासिल कर चुकी हैं तथा सत्ता में लौटने की स्थिति में हैं।

झारखंड की 81 सीटों में से इंडिया गठबंधन 56 सीटों पर तथा भाजपा 24 सीटों पर आगे है। तमाम कोशिशों और घुसपैठियों का मुद्दा जोर-शोर से उठाने के बावजूद, भी भाजपा हेमन्त सोरेन को सत्ता से नहीं हटा सकी तथा वे पुन: मुख्यमंत्री के रुप में अपनी वापसी के लिये उद्यत हैं।

हो सकता है कि सोरेन को जेल में डाल देने के मोदी सरकार के निर्णय ने जनता के मन में मुख्यमंत्री के लिये सहानुभूति पैदा कर दी हो।

■ यहां तक कि रॉबर्ट वाड्रा ने कुछ ऐसा ही कहा, "यह समय नहीं है, ई.वी.एम." की बात करने का।

जयराम रमेश को महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार का स्पष्टीकरण देने में मुश्किल आई। उन्होंने एक बार फिर ई.वी.एम. पर दोषारोपण किया। लेकिन इस दोषारोपण से एक बार फिर वही प्रश्न पैदा होता है कि पार्टी इस बिन्दु को हारने के बाद ही क्यों उठाती है, सामान्य स्थिति में क्यों नहीं उठाती।

महाराष्ट्र की जबरदस्त हार ने भाजपा के व्यवहार्य विकल्प के रूप में कांग्रेस पर एक प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

ममता बनर्जी, जो भाजपा को हराकर, सभी छः उपचुनाव जीत गई हैं, ने कहा है कि उन्होंने भाजपा को सत्ता से दूर रखा है, जो कांग्रेस नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि विपक्षी इंडिया गठबंधन का नेतृत्व उनके हाथों में दे दिया जाये।

आर. जे. डी. के मनोज झा ने कहा है कि उनकी पार्टी इस परिणाम के लिए ई. वी. एम. को दोष नहीं देगी।

रॉबर्ट वाड्रा ने भी कहा है कि यह समय ई. वी. एम. के बारे में बात करने का नहीं है।

कांग्रेस के मित्र दलों की ओर से भी कांग्रेस के प्रति विरोध पैदा हो रहा है। दरअसल, कांग्रेस प्रत्येक हार के बाद, कमज़ोर हो जाती है। अप्रत्याशित स्तर की हार के बाद की तो बात ही अलग है।

## "समाजवाद" और "धर्म...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपाध्याय भी शामिल हैं। इन याचिकाओं में संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्म निरपेक्षता शब्द जोड़े जाने का विरोध किया गया है।

चीफ जस्टिस संजय खन्ना ने स्पष्ट किया कि भारतीय संदर्भ में "समाजवाद" का अर्थ है "वैलफेयर स्टेट" (कल्याणकारी राज्य), वह नही जिसकी अवधारणा कार्ल मार्क्स ने दी थी और जिसे पश्चिमी देशों ने सम्पत्तियों पर सरकार के नियंत्रण के रूप में अपनाया था। उन्होंने कहा भारत में ऐसा कोई नियंत्रण नहीं है और निजी क्षेत्र ने भारी विकास किया है। भारत में समाजवाद का अर्थ है लोक कल्याण और सभी को समान अवसर देना। जहां तक धर्मनिरपेक्षता का सवाल है यह 1994 के एस.आर. बोम्मई केस में संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा था।

डॉ. स्वामी ने कहा कि ये संशोधन न केवल आपातकाल में लाए गए। बल्कि बाद में आई मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार ने भी दो तिहाई बहुमत से इन संशोधनों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि यह शब्द मूल प्रस्तावना, जिसमें भारत को सम्प्रभु, लोकतांत्रिक, गणतंत्र घोषित किया गया था, में शामिल करने की बजाय एक अलग अनुच्छेद में लिखे जाने चाहिए थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908